रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹72600 10 ग्राम

₹91000 01 किलो

सेंसेक्स 79,223.11 -720.60

डॉलर 85.761 -0.055

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष शुक्ल पक्ष 07, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 06 जनवरी 2025, वर्ष-25, अंक-332, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-08 पीएम ने 'नमो भारत' कॉरिडोर के...

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

# जो कहा सो किया

## हर बहना को हर साल

## ₹30,000

मंईयां सम्मान कार्यक्रम

18 से 50 वर्ष की
हर मंईयां को
₹2,500
प्रति माह



झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

दिनांक : 06 जनवरी 2025

समय : 12:30 बजे अपराह्न

स्थान : ट्रेनिंग ग्राउण्ड, खोजाटोली (कुटियातु चौक), नामकुम, रांची

योजना से संबंधित वीडियो देखने के लिए QR CODE को स्कैन करें



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 343613 (IPRD) 2024-25

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# सोहराय पर्व एकता एवं सौहार्द का प्रतीक : हेमंत सोरेन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सोहराय पर्व हमारी सभ्यता व संस्कृति का प्रतीक है। हम सभी प्रतिवर्ष इस पर्व को धूमधाम से मनाते हैं। आदिवासी समाज आज के दिन अनेक रीति-रिवाज के साथ प्रकृति की पूजा करते हैं। आज आदिवासी समाज को अपनी संस्कृति और सभ्यता को बचाने की जरूरत है। सोहराय पर्व के माध्यम से हमसभी एकता एवं सौहार्द का संदेश देते हैं। यह पर्व परिवार एवं प्रकृति से जुड़ा पर्व है। यह एक ऐसा त्योहार है, जिसमें भाईचारा, समानता तथा भाई-बहन का प्रेम झलकता है। ये बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप, मोरहाबादी में आयोजित सोहराय मिलन समारोह-2025 में कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए हमसभी को एकजुट होने की जरूरत है। आज प्रकृति को संरक्षित करने में आदिवासी समाज की अहम भूमिका है। इस भौतिकवादी युग में जल, जंगल और जमीन से छेड़छाड़ हो रहा है। आदिवासी समाज हमेशा से जल-जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया है। इसलिए जरूरत है कि समाज के सभी लोग मिलजुल कर जल-जंगल-जमीन की सुरक्षा के संरक्षण के लिए आगे आएं।

**जनजातियों के आर्थिक, सामाजिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध**

सीएम सोरेन ने कहा कि आदिवासी के समाज के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार द्वारा आदिवासी योजना के तहत जनजातियों के आर्थिक, सामाजिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी कार्य हुए हैं। कई महत्वपूर्ण योजनाएं भी संचालित की गई हैं। यहां के जनजातियों का एकीकृत ढंग से विकास करना, जनजातियों को सुरक्षा देना एवं जनजातियों को शोषण मुक्त करना सरकार की प्राथमिकता है। आने वाले समय में हमारी सरकार समाज के वंचित वर्गों के सामाजिक-आर्थिक और समग्र विकास को सुनिश्चित करने में प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ेगी। इस अवसर पर मंत्री चमरा लिंडा, राजधानी सांवता समिति के संरक्षक सनातन मरांडी, अर्जुन मरांडी, अध्यक्ष मेघलाल सोरेन, डॉ. दिनेश मुर्मू, सुधीर सोरेन, संजय हांसदा, विनय टुडू एवं राजधानी सांवता समिति के सभी पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# विधवा पेंशन अविलंब भुगतान करे हेमंत सरकार : बाबूलाल मरांडी



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को राज्य सरकार पर निशाना साधा। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से कहा कि विधवाओं की स्थिति आज बेहद दयनीय और चिंताजनक हो गई है, क्योंकि इस सरकार में उन्हें भारी संकट और उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है। श्री मरांडी ने कहा कि विधवा पेंशन, जो उनके जीवन का एकमात्र सहारा है पिछले 5-6 महीनों से बंद है। कहा कि महिलाओं का कहना है कि सरकार ने विधवा पेंशन फंड का पैसा 'मंईया सम्मान योजना' के लिए ट्रांसफर कर दिया है, जिससे उनकी पेंशन रुक गई है। कहा कि विधवा पेंशन, हमारी माताओं बहनों के लिए सिर्फ एक राशि नहीं, बल्कि एक ऐसा सहारा है जो उन्हें सम्मान और आत्मनिर्भरता प्रदान करती है। पेंशन के बंद होने से उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में समस्याएं बढ़ गई हैं। कई महिलाएं भोजन, दवाइयों और अन्य जरूरतों के लिए संघर्ष कर रही हैं, लेकिन इसके बाद भी हेमंत सरकार उनकी मजबूरी और दर्द को नजरअंदाज करके उनकी स्थिति का मजाक बना रही है। कहा कि एक योजना की कीमत पर दूसरी योजना को आगे बढ़ाना किसी भी तरह से न्यायसंगत नहीं है। सरकार को यह समझना होगा कि हमारी विधवा माताओं बहनों के जीवन में पेंशन की कितनी अहम भूमिका है, इसलिए मुख्यमंत्री को तत्काल नींद से जागकर विधवा पेंशन को बहाल करना चाहिए ।

## रांची जिला में राजद के दो लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य : संजय

**रांची।** श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा है कि रांची जिला में राजद के दो लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे संगठन की मजबूती के लिए बूथ से लेकर प्रखंड स्तर पर काम करें। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में रविवार को रांची जिला राजद की आवश्यक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि संजय प्रसाद यादव समेत प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, मनोज अग्रवाल, मुख्तार अंसारी, श्रीराम भगत, सुदेश्वर ठाकुर, मिथिलेश पासवान, मोहम्मद जब्बार अंसारी, रमापति महतो, निरंजन महतो सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि पार्टी की रीढ़ सदस्य और कार्यकर्ता ही होते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के निर्देशानुसार पूरे राज्य में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। उसी संदर्भ में रविवार को रांची जिला की आवश्यक बैठक हुई है। उन्होंने कहा कि जब पार्टी मजबूत होगी, तभी हम मजबूत होंगे। ऐसे में सभी कार्यकताओं का लक्ष्य केवल यही होना चाहिए कि पूरे झारखंड में संगठन मजबूत कैसे हो। मौके पर विभिन्न दलों से पार्टी की सदस्यता लेने वाले कार्यकताओं को भी सम्मानित किया गया।







क्या प्रशासन लिखी गाडियां बिना नंबर चल सकती हैं। इनका लोग बुक कैसे भरा जाता होगा? पंडरा लूट कांड में पुलिस लिखी गाड़ी प्रयुक्त हुई है। राजधानी रांची में सुरक्षा पर भी यह बड़ा प्रश्न चिन्ह है ।

## न्यूज बॉक्स

### पुलिस ने 12.5 एकड़ में लगी अफीम की फसल को किया नष्ट



**रांची।** रांची पुलिस ने बुंडू एवं सोनाहातु थाना क्षेत्र में अवैध रूप से किए जा रहे अफीम की खेती को ट्रैक्टर चला कर विनिष्ट किया गया। ग्रामीण एसपी के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू के नेतृत्व में बुंडू तथा सोनाहातु थाना प्रभारी ने बुंडू थाना क्षेत्र में 10 एकड़, सोनाहातु थाना में 2.5 एकड़ अफीम की फसल को नष्ट किया। सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र में जंगल झाड़ में लगभग 12.5 एकड़ लगे अफीम को ट्रैक्टर एवं पुलिस बल के द्वारा विनष्ट किया गया।

### ग्रामीण एसपी ने नामकुम थाना में की कांडों की समीक्षा



**रांची।** ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने नामकुम थाना कांड सं0- 476/24 हत्या से संबंधित कांड का समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एनडीपीएस से संबंधित कांड का समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वहीं उसके बैकवर्ड एंड फॉरवार्ड लिंक में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी करने के लिए सख्त निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में बिना करण थाना से अनुपस्थित पदाधिकारी को शोकॉज किया गया।

### झामुमो का वनभोज सह मिलन समारोह हुआ संपन्न



**रांची।** झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में पिकनिक सह वनभोज कार्यक्रम रेनबो वाटर पार्क में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे, तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा, केंद्रीय सचिव नंदकिशोर मेहता एवं रांची जिला के केंद्रीय सदस्य, जिला के सभी पदाधिकारी, प्रखंड व पंचायत के पदाधिकारी, रांची महानगर के वरिष्ठ नेतागण एवं हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर 200 लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की, जिसमें कई बुद्धिजीवी वर्ग के लोग एवं अन्य कई लोग हैं। सभी को पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

### धर्मकोड को लेकर फिर से उलगुलान 28 फरवरी को दिल्ली में प्रदर्शन

**रांची।** आदिवासियों के धर्मकोड को लेकर फिर से सरगर्मी बढ़ गई है। आदिवासी बहुल राज्यों में पृथक धर्मकोड की मांग को लेकर संवैधानिक उलगुलान शुरू हो गया है। इसी क्रम में देश की राजधानी नई दिल्ली में 28 फरवरी को जंतर मंतर में राष्ट्रीय स्तर का धरना-प्रदर्शन होगा। आयोजन राष्ट्रीय आदिवासी समन्वय समिति भारत कर रही है। समिति से जुड़े पूर्व मंत्री देवकुमार धान ने बताया कि आने वाले महीने में होने वाले कार्यक्रम को लेकर कई राज्यों से समन्वय स्थापित किया जा रहा है, ताकि हजारों की संख्या में लोग इस कार्यक्रम में शिरकत करें और पृथक धर्मकोड की आवाज को केंद्र सरकार तक पहुंचाएं। प्रदर्शन में झारखंड के आदिवासियों के अलावा महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल, असम, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश सहित अन्य आदिवासी बहुल राज्यों के आदिवासी प्रतिनिधि शामिल होंगे।

## जनता के साथ धोखेबाजी करना कांग्रेस का पुराना इतिहास : आदित्य साहू



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने वित्त मंत्री एवं कांग्रेस विधायक राधाकृष्ण किशोर के बयान की कड़ी निंदा की। साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का जनता के साथ धोखेबाजी करने का पुराना इतिहास है। झारखंड के वित्तमंत्री के बयान में कांग्रेस पार्टी की चाल, चरित्र और चेहरा उजागर हुआ है। उन्होंने कहा कि राधा कृष्ण किशोर का 450 रुपए में गैस सिलिंडर देने के वादों को सिरे से नकार देना, हेमंत सरकार की नीयत को उजागर कर रहा है।

कांग्रेस पार्टी और झामुमो दोनों ने विधानसभा चुनाव में जनता का वोट पाने के लिए बड़े पैमाने पर लोक लुभावन वादे किए, उन्हीं वादों में 3200 रुपए क्विंटल धान खरीद और 450 रुपए में जनता को गैस सिलिंडर देने की घोषणाएं शामिल हैं। राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि आज सत्ता में आते ही राज्य सरकार अपने सभी वादों को एक-एक कर भूल रही है। राज्य में धान की खरीद 2400 रुपए में हो रही और दूसरी ओर आज वित्तमंत्री ने तो जनता को पूरी तरह निराश कर दिया। वित्तमंत्री का यह बयान कि 450 रुपए में सिलिंडर देने का वादा इंडी गठबंधन का नहीं था, बल्कि यह कांग्रेस पार्टी का वादा था, जिसे पूरा करने के लिए सरकार बाध्य नहीं है। यह सरासर अज्ञानता है। उन्हें अपना ज्ञान थोड़ा बढ़ाना चाहिए। मैनिफेस्टो को पढ़ना चाहिए, ताकि योजना बनाने में उन्हें सहूलियत हो। आदित्य साहू ने कहा कि जनता यह कैसे समझे कि कौन सा वादा इंडी गठबंधन का है, क्योंकि इस गठबंधन ने कोई घोषणा पत्र घोषित किया ही नहीं है। दरअसल कांग्रेस पार्टी को राज्य की सेवा, गांव-गरीब-किसान की सेवा से कोई मतलब नहीं रहा। कांग्रेस पार्टी तो केवल सत्ता सुख, मंत्री पद के लिए सरकार चाहती है।

## वृद्धा व विधवा पेंशन भी 2500 दे सरकार : लोजपा

**रांची।** लोजपा पारस गुट के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने मंईयां सम्मान योजना पर समारोह आयोजित कर राशि वितरण का स्वागत किया है, वहीं उन्होंने मांग की है कि मंईयां सम्मान योजना के तर्ज पर वृद्धा अवस्था, विधवा पेंशन तथा दिव्यांगजनों की पेंशन भी 2500 रुपये होनी चाहिए। राज ने कहा कि दिव्यांग जनों, विधवा एवं वृद्धा लोगों को सबसे ज्यादा सहायता की जरूरत है। उनकी पेंशन भी 2500 रुपया कर देना सरकार की नैतिक जिम्मेवारी है। राज ने कहा कि शीघ्र ही राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड के मुख्यमंत्री से मिलकर इस संबंध में ज्ञापन सौंपेगा।

### झारखंड आर्म्ड फोर्स का 145वां स्थापना दिवस

## यह भारत की सबसे पुरानी वाहिनी है : डीजीपी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड आर्म्ड फोर्स ( जैप वन) के गठन को 145 साल हो गए। इस उपलक्ष्य डोरंडा स्थित जैप 1 परिसर में भव्य परेड का प्रदर्शन किया गया। यहां एक सप्ताह तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर डीजीपी अनुराग गुप्ता, डीजी प्रशांत सिंह, डीजी आरके मलिक, एडीजी प्रिया दुबे,आईजी एवी होमकर, जैप कमांडेंट राकेश रंजन सहित झारखंड पुलिस के वरीय अधिकारी मौजूद रहे।जैप स्थापना दिवस के अवसर पर परिसर में ही आनंद मेले का भी आयोजन किया गया है। मेले में 60 स्टॉल लगाए गए हैं। आनंद मेले में प्राइड ऑफ गोरखा स्टॉल लगाया गया है। इसमें गोरखा समाज की उपलब्धि, उनकी संस्कृति को दशार्या गया है। स्थापना दिवस पर सबसे पहले



शहीदों को सलामी दी गई। जैप के स्थापना दिवस के मौके पर राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि यह भारत की सबसे पुरानी वाहिनी है।

इसकी स्थापना जनवरी 1880 में न्यू रिजर्व फोर्स के नाम से हुई थी। हमारी इस बटालियन से पाकिस्तान भी खौफ खाता है।

डीजीपी ने कहा कि इतिहास बताता है कि सिख रेजिमेंट के जवान और गोरखा के जवानों के हुंकार से पाकिस्तान को कितना डर लगता है। जनवरी 1880 में अंग्रेजों के शासनकाल में इस वाहिनी की स्थापना न्यू रिजर्व फोर्स के नाम से हुई थी। वर्ष 1892 में इस वाहिनी को बंगाल मिलिट्री पुलिस का नाम दिया गया। इस वाहिनी की टुकडियों की प्रतिनियुक्ति तत्कालीन बंगाल प्रांत, बिहार, बंगाल एवं ओडिशा को मिलाकर की जाती रही है। वर्ष 1905 में इस वाहिनी का नाम बदलकर गोरखा मिलिट्री रखा गया। राज्य के अन्य स्थानों पर प्रतिनियुक्त गोरखा सिपाहियों को भी इस वाहिनी में समंजित किया गया।

### आरटीई एक्ट के संशोधन को रद्द कराने का होगा प्रयास : केशव

**रांची।** आरटीई कानून-2019 को निरस्त करने की मांग को लेकर पासवा का एक दिवसीय सम्मेलन रविवार को पूर्व वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के डिप्टीपाड़ा स्थित सरकारी आवास में हुआ। इसमें झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि 2019 में तत्कालीन सरकार द्वारा किए गए आरटीई कानून में संशोधन पूरे देश में कहीं लागू नहीं है। इसे निरस्त कराने का पूरा प्रयास होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि 2019 के पहले स्थापित सभी यू डायस प्राप्त विद्यालयों को 2009 के आरटीई कानून के तहत सरकार मान्यता प्रदान करे। रोशन लाल भाटिया ने कहा कि संपूर्ण राष्ट्र में विद्यालयों की मान्यता के लिए 2009 का आरटीई कानून लागू है। झारखंड में भी 2009 के कानून के तहत ही मान्यता प्रदान की जाए।

### जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार से सम्मानित किए गए 33 खिलाड़ी

# राज्य सरकार खिलाड़ियों को सीधी नियुक्ति देकर कर रहीं उनका सम्मान : खेल मंत्री



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** उम्मीद फाउंडेशन के तत्वावधान में ऑड्रे हाउस में जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार समारोह 2024 का आयोजन रविवार को किया गया। इसमें राज्य के 33 खिलाड़ियों पांच श्रेणियों में सम्मानित किया गया। इनमें जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार, जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार, गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार, गुरु द्रोणाचार्य अवॉर्ड और झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार शामिल है।

मुख्य अतिथि पर्यटन, कला संस्कृति और खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने सभी खिलाड़ियों, कोचों और खेल को बढ़ावा देने वाले संस्थानों को सम्मानित किया। मौके पर खेल मंत्री ने कहा- उम्मीद फाउंडेशन इन खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके बीच एक उम्मीद पैदा कर रहा है, ताकि खिलाड़ी अपने खेल से अपना और राज्य का नाम देश दुनिया में कमा सके। झारखंड खनिज संपदा के साथ खिलाड़ियों को भी पैदा करता है। उम्मीद फाउंडेशन बिना किसी सरकारी सहयोग के खिलाड़ियों को सम्मानित कर रहा है। राज्य सरकार भी प्रतिभावान खिलाड़ियों को सीधी नियुक्ति देकर उनका सम्मान कर रही है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

**33 खिलाड़ी हुए पुरस्कृत**

जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार के तहत खिलाड़ियों कोच और संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इनमें जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार में दीपिका कुमारी, निक्की प्रधान, अंकिता भगत, ब्यूटी डुंगडुंग, संगीता कुमारी, बाबूलाल हेंब्रम, मनीष मुंडा, अभिषेक लकड़ा, आलोक लकड़ा, पीयूष, सबीना कुमारी शामिल है। वहीं, जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार के तहत विकास कच्छप, अमीषा केरकेट्टा, अनूप कुमार, ईशान सिंह, इशा सोनकर, सुजाना लकड़ा, शिला कुमारी, स्नेहा थापा, यमुना पासवान, निशिमा कुमारी और रिया वर्मा को सम्मानित किया गया। इसके अलावा गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार में प्रकाश राम, बबलू कुमार, सरोजनाथ महतो, भूपेंद्र नाथ राम, राजीव रंजन, ज्योति, सुधीर गोला को सम्मानित किया गया। गुरु द्रोणाचार्य अवॉर्ड में स्वर्गीय रॉबर्ट किस्पोट्टा, मानस सिन्हा और मारिया जी मिंज को सम्मानित किया गया। साथ ही झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग को झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

### सरकार खिलाड़ियों के साथ : सुप्रियो भट्टाचार्य



जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने खिलाड़ियों का प्रोत्साहन करते हुए कहा- राज्य सरकार खिलाड़ियों के साथ हर समय खड़ी है। झारखंड के बिना हॉकी खेल अधूरा है। झारखंड ने देश को कई खिलाड़ी दिए। उन्होंने उम्मीद फाउंडेशन के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि यह संस्था बिना सहयोग खिलाड़ियों को सम्मान कर रही है, यह बहुत बड़ी बात है।

### रांची पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# 13 लाख लूट और गोली कांड मामले में आठ आरोपी गिरफ्तार

- तीन आरोपी फरार पुलिस की तलाश जारी
- 11 अपराधियों ने साथ मिलकर रची थी साजिश




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पंडरा के ओटीसी मैदान के समीप 13 लाख लूट मामले का पुलिस ने खुलासा कर किया। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में गठित एसआईटी की टीम ने चार महिला समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें राजेश श्रीवास्तव, चंद्रशेखर सिन्हा, संतोष कुमार सिंह, कारू सिंह, प्रकाश साव, नीलम देवी, साधना सिंह, पूनम सिंह शामिल है। सभी ने पूरी घटना में अलग अलग तरीके से भूमिका निभाई।

**● पूर्व कर्मी चंद्रशेखर ही है पूरी घटना का मास्टर माइंड**

एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने मामले का खुला करते हुए बताया आशीर्वाद आटा गोदाम के पूर्व कर्मी चन्द्रशेखर प्रसाद सिन्हा ने इस लूटकांड की साजिश रची थी। मामले में 3 महिला सहित 8 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें राजेश श्रीवास्तव रामगढ़ का निवासी शामिल है जिसने रुपये लूटने में अपना योगदान दिया था। चंद्रशेखर प्रसाद सिन्हा, रांची स्थित कमड़े निवासी है, जो कि पूरी घटना का मास्टर माइंड है। चंद्रशेखर 2 वर्ष पूर्व में आशीर्वाद आटा चक्की में ही कार्यरत था। चंद्रशेखर ने एक विवाद के बाद वहां काम छोड़ दिया था जिसके बाद उसी रंजिश में अन्य आरोपियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। संतोष कुमार सिंह रांची स्थित वृन्दावन होटल का मालिक जिसकी काले रंग की स्कार्पियो का इस्तेमाल घटना को अंजाम देने के बाद भागने के लिए किया गया। स्कॉर्पियो पर फर्जी तरीके से पुलिस का बोर्ड लगा हुआ था। कारू सिंह जिसे पूरी घटना में सबसे कम हिस्सेदारी मिली। कारू ने रामगढ़ से चुराई गई बाइक से घटना के बाद चंद्रशेखर, संतोष और अन्य आरोपियों को घटनास्थल से लेकर स्कार्पियो तक पहुंचाने और बाइक को छुपाने में शामिल था। प्रकाश साव जिसने आटा चक्की और सुमित गुप्ता की रेकी की थी। वहीं आरोपी प्रकाश साव की बहन पूनम और पत्नी नीलम ने घटना में इस्तेमाल की गई गोलियां और रुपये छुपाने में अपना योगदान दिया। पूरे मामले में मास्टर माइंड चंद्रशेखर प्रसाद सिन्हा की पत्नी साधना सिन्हा उर्फ प्रीति सिन्हा भी शामिल रही। साधना ने लूटे गए रुपये को छुपाने में अपना योगदान दिया था। घटना में शामिल अन्य तीन आरोपी फरार हैं जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

**● 23 दिसंबर को घटना को देने वाले थे अंजाम**

इससे पहले बीते 23 दिसंबर को भी लूटने की योजना बनाई थी और सभी लोग आशीर्वाद आटा गोदाम के पास आ गये थे। लेकिन उस दिन इन लोगों ने लूट को अंजाम नहीं दे सके।

**● दूसरे प्रयास में मिली कामयाबी**

डीएसपी प्रकाश सोया ने बताया 23 दिसंबर को नाकामयाबी हाथ लगने के बाद फिर से 30 दिसंबर को सभी योजना अनुसार, आशीर्वाद आटा के मैनेजर जब गोदाम से 12:30 बजे करीब पैसा जमा करने के लिए आईसीआईसी बैंक ओटीसी ग्राउंड के पास पहुंचे तो पीछे से चन्द्रशेखर प्रसाद सिन्हा और राजेश श्रीवास्तव ने मैनेजर से मारपीट की और पैसा लूटने लगे। तभी लूटपाट को देखकर स्टार होटल के मैनेजर सुमित कुमार अपराधियों को पकड़ने लगे। इसपर चन्द्रशेखर प्रसाद सिन्हा ने उसपर फायरिंग की। इसके बाद सभी अपराधी ओटीसी ग्राउंड के दाहिने मेयफेयर गली होते हुए फरार हो गए। वहीं पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिए लेकिन अब भी तीन आरोपी फरार चल रहे हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयासरत है। डीएसपी प्रकाश सोया ने बताया की फरार तीनों आरोपियों के पास 10 लाख रुपए हैं।

**● अपराधी 13 लाख लूटकर भागे और गोली भी चलाई**

उल्लेखनीय है कि बीते 30 दिसंबर को ओटीसी मैदान के पास स्थित आईसीआईसीआई बैंक के समीप से तीन अपराधियों ने दिन-दहाड़े आशीर्वाद आटा के कैशियर सुमित गुप्ता से 13 लाख लूटकर भाग गये थे। पहले तो अपराधियों ने पैसे लूटने की नीयत से उस पर हमला किया। यह देखकर बगल में बैठे सुमित कुमार नाम का एक युवक बचाने पहुंचा। लेकिन अपराधियों ने पकड़े जाने के डर से उसे गोली मार दी थी। इसके बाद पुलिस ने घटना में शामिल अपराधियों का फोटो जारी कर उस पर 20 हजार रुपए के इनाम की भी घोषणा की थी।

**● अपराधिक इतिहास**

घटना में शामिल आरोपी राजेश श्रीवास्तव 12 अपराधों में जेल जा चुका है। वहीं चंद्रशेखर प्रसाद सिन्हा एक आर्म्स एक्ट में जेल जा चुका है। वृन्दावन होटल का मालिक संतोष कुमार सिन्हा जिसने फर्जी तरीके से अपने स्कोर्पियो पर पुलिस का बोर्ड लगाया हुआ था, आर्म्स एक्ट में पहले भी जेल जा चुका है।

**● बरामदगी**

गिरफ्तार आरोपियों के पास से 2 लाख 63 हजार रुपए, एक लोडेड देसी पिस्टल 7.65 बोर के साथ 05 जिन्दा गोली, एक 12 बोर का देसी कट्टा साथ में 04 जिन्दा गोली, तीन 9 एमएम की जिन्दा गोलियां, स्कार्पियों, होंडा साइन बाइक, ब्लू रंग की अपाची मोटर साईकल, बरामद सामान का इस्तेमाल पूरी घटना में किया गया।

**● अस्पताल से अपने घर गए सुमित कुमार**

घटना क्रम में सुमित गुप्ता को बचने गए सुमित कुमार को गोली लगी थी। जिसके बाद उन्हें मेडिका में भर्ती करवाया गया था। इलाजरत सुमित कुमार अब खतरे से बहार हैं और अपने घर जा चुकें हैं।

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹72600 10 ग्राम

₹91000 01 किलो

सेंसेक्स 79,223.11 -720.60 | डॉलर 85.761 -0.055

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पौष शुक्ल पक्ष 07, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 06 जनवरी 2025, वर्ष-25, अंक-332, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com


पेज-08 पीएम ने 'नमो भारत' कॉरिडोर के...

रांची का तापमान

| कांके | रांची |
|---|---|
| अधिक. 22.0° | अधिक. 25.9° |
| न्यून. 04.4° | न्यून. 09.2° |




रांची के मोरहाबादी स्थित भगवान बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में रविवार को 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में दौड़ में भाग लेतीं प्रतिभागी।

## कर्तव्य पथ पर झांकी में दिखेगी झारखंड की समृद्ध संस्कृति

- दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा की जीवन यात्रा की झलक भी दिखेगी
- गणतंत्र दिवस परेड के लिए राज्य की झांकी का हुआ चयन

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** गणतंत्र दिवस पर इस वर्ष दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले परेड के लिए झारखंड सहित 15 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों का चयन किया गया है। झारखंड की झांकी में दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा की जीवन यात्रा की झलक दिखेगी। साथ ही, झारखंड की समृद्ध संस्कृति, पारंपरिक नृत्य, शिक्षा में नारी सशक्तीकरण की ओर बढ़ते कदम आदि को भी झांकी में प्रदर्शित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में होने वाले इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए झारखंड ने भी पूरी तैयारी कर ली है। झारखंड की झांकी के प्रारूप को चयन प्रक्रिया में पदाधिकारियों द्वारा सराहा गया। शेष पेज 09 पर

### ये प्रदर्शित होंगी झांकी में

झांकी में दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा की जीवन यात्रा एक एलईडी स्क्रीन पर दिखाई जाएगी। उनकी एक प्रतिमा भी होगी और इसके साथ झारखंड के टाटा नगर के औद्योगिक इकाइयों का विहंगम प्रारूप दिखेगा। साथ ही, झारखंड के प्राकृतिक सौंदर्य के बीच पढ़ाई करती बच्चियां दिखेंगी। झांकी के चारों तरफ राज्य की सोहराई और कोहबर पेंटिंग की कृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। झांकी के साथ राज्य के कलाकारों का दल रहेगा, जो झारखंड की पारंपरिक नृत्य कला का प्रदर्शन करेगा।



## एक नजर

### सिंधु लिपि सुलझाने वाले को मिलेंगे 10 लाख डॉलर : स्टालिन

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को एक सदी से भी अधिक समय से एक अनसुलझी पहेली सिंधु घाटी की लिपि को सुलझाने वाले को 10 लाख अमेरिकी डॉलर का देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने यह घोषणा आज तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में की। यह सम्मेलन सिंधु घाटी सभ्यता की खोज की शताब्दी के अवसर पर आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि हम अभी भी सिंधु घाटी सभ्यता की लिपि को स्पष्ट रूप से समझने में असमर्थ हैं। वह सभ्यता, जो कभी भारत में फली-फूली थी। उन्होंने कहा कि इस पहेली को सुलझाने के लिए विद्वान आज भी प्रयास कर रहे हैं और ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए वे व्यक्तियों या संगठनों को 10 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार देंगे। उल्लेखनीय है कि सिंधु घाटी सभ्यता भारत की सबसे पुरानी नगर सभ्यताओं में से एक है। इसकी लिपि आज तक पढ़ी नहीं जा सकी है।

### जरूरी सूचना

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

#### सीएम हेमंत ने अबुआ बजट पोर्टल व मोबाइल ऐप का किया लोकार्पण, कहा

# यह अबुआ सरकार है, बजट में लोक कल्याण पर विशेष फोकस

**सीएम ने जनता से कहा**

- हमारे लिए काफी मायने रखते हैं आपके सुझाव, राय और विचार
- बेहतर सुझावों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में मिलेगा जगह

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में वर्ष 2025-26 के बजट निर्माण को लेकर आम जनता के सुझाव, राय-विचार आमंत्रित करने के लिए अबुआ बजट पोर्टल और मोबाइल ऐप का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह अबुआ सरकार है। ऐसे में राज्य के सतत, समावेशी और सर्वांगीण विकास के साथ लोगों के कल्याण एवं हितों का संवर्धन करने वाला संतुलित बजट हो, इस पर हमारी सरकार का विशेष फोकस है। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा, वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को लेकर आपके सुझाव, राय और विचार हमारे लिए काफी मायने रखते हैं, ताकि आपके जरिए प्राप्त होने वाले बेहतर सुझावों को आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में जगह दे सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट ऐसा हो, जिसमें सभी सेक्टर का संतुलित विकास हो सके। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि आगामी बजट में यहां की ग्रामीण पृष्ठभूमि वाली अर्थव्यवस्था का विशेष ख्याल रखा जाए। इसके साथ राजस्व संग्रहण की दिशा में भी ठोस कदम उठाने से संबंधित प्रावधानों को भी बजट में जगह मिले, ताकि विकास और जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन हो सके। उन्होंने कहा कि बजट में सभी वर्गों का विशेष ख्याल रखा जाए।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अबुआ बजट पोर्टल एवं मोबाइल ऐप का उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को लेकर विशेषज्ञों तथा आम लोगों का सुझाव प्राप्त करना है, ताकि राज्य सरकार एक बेहतर और संतुलित बजट पेश कर सके।

शेष पेज 09 पर



### आमलोगों के सुझाव के बाद तय होगा वार्षिक बजट : वित्त मंत्री

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि वर्ष 2025-26 के वार्षिक बजट के लिए निर्धारित अबुआ बजट पोर्टल एवं मोबाइल ऐप का शुभारंभ रविवार को हो चुका है। इसके जरिए आमजन फेसबुक, व्हाट्स अप, एक्स और इंस्टाग्राम जैसे सोशल प्लेटफॉर्म से 17 जनवरी तक सुझाव दे सकते हैं। आमलोगों के सुझाव आने के बाद हेमंत सरकार यह तय करेगी कि झारखंड का आगामी वार्षिक बजट कैसा होगा। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर रविवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। वित्त मंत्री ने कहा कि बड़े ही पारदर्शिता के साथ हर वर्ग को शामिल करते हुए बजट के लिए उनके सुझाव मांगे गए हैं। सर्वश्रेष्ठ तीन सुझाव देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने का फैसला लिया गया है। आमजनों के सुझावों को वित्त विभाग जरिए 16 और 17 जनवरी को दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर विभाग के एक्सपर्ट से भी राय मशवरा लिया जाएगा। इसके बाद ठोस निचोड़ फैसलों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बैठकर विमर्श कर अबुआ बजट लाएंगे। मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि हेमंत सरकार का अबुआ बजट राज्यवासियों की भावनाओं के अनुरूप होगा। इस बजट में गरीबों, शोषितों, दलितों आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, सामान्य जाति के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों समेत हर वर्ग की आवश्यकता और उनकी उम्मीद का ध्यान रखा जाएगा। इसमें समाज के विद्वान अर्थशास्त्रियों, बुद्धिजीवियों तथा प्रमुख सामाजिक संगठनों का भी विचार लिया जाएगा।

#### तोरपा के चंद्रपुर मोड़ के पास भीषण सड़क हादसा

## कार और बस में टक्कर के बाद यात्री बस पलट गई, 22 घायल



- तोरपा रेफरल अस्पताल में प्रारंभिक इलाज के बाद घायल खूंटी सदर हॉस्पिटल भेजे गए
- तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया दुर्घटना स्थल पर पहुंचे, घायलों को अस्पताल भेजवाया

**खूंटी (हि.स)।** खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर तोरपा थाना क्षेत्र के चंद्रपुर मोड़ के पास रविवार को सुबह लगभग नौ बजे कार और यात्री बस के बीच टक्कर हो गई। इस टक्कर के बाद बस पलट गई। इस हादसे में 22 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसा इतना भयानक था कि बस पर सवार एक व्यक्ति का हाथ कटकर बस में ही रह गया। सभी घायलों का प्रारंभिक इलाज तोरपा रेफरल अस्पताल में किया गया। इसके बाद सभी को सदर अस्पताल खूंटी रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार फिजा एंड फिजा नामक यात्री बस तपकारा से रांची जा रही थी। शेष पेज 09 पर

### रेफरल अस्पताल में नहीं था कोई डॉक्टर

रेफरल अस्पताल में कुव्यवस्था कोई नई बात नहीं है, पर उस समय स्थिति और तकलीफदेह हो जाती है, जब कोई दुर्घटना होती है और इलाज के लिए अस्पताल में कोई चिकित्सक न मिले। दुर्घटना में 22 से अधिक लोगों को रविवार सुबह अस्पताल लाया गया और आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ संजय ने घायलों का इलाज किया। आयुष चिकित्सक डॉ संजय रनिया में पदस्थापित हैं। उन्हें आपातकालीन स्थिति के लिए रेफरल अस्पताल बुलाया गया था। इधर, घायल के परिजनों का कहना है कि रेफरल हॉस्पिटल इस क्षेत्र का सबसे बड़ा अस्पताल है और वहां किसी एमबीबीएस डॉक्टर का नहीं रहना दुर्भाग्यपूर्ण है।

#### नामकुम आर्मी ग्राउंड में मंईयां सम्मान समारोह आज

## सीएम 56 लाख लाभुकों के खाते में भेजेंगे राशि

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार (06 जनवरी) को रांची के नामकुम के खोजाटोली स्थित आर्मी ग्राउंड में राज्यस्तरीय मंईयां सम्मान समारोह में इस योजना के 56 लाख लाभुकों के खाते में सम्मान राशि का ऑनलाइन हस्तांतरण करेंगे। यह हस्तातंरण बढ़ी हुई राशि का होगा। कार्यक्रम की शुरूआत दिन में 01:00 बजे होगी। मुख्यमंत्री सोरेन सांकेतिक रूप से कुछ महिला लाभुकों को सम्मान राशि का ऑनलाइन हस्तांतरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस समारोह में राज्यभर से 3-4 लाख महिलाएं शामिल होंगी।




सीएम सोरेन मंईयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय समारोह में लाभुकों के खाते में इस योजना की बढ़ी हुई 2500 रुपए सम्मान राशि भेजेंगे। बहुत से लाभुकों के खाते में मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत बढ़ी हुई सम्मान राशि भेजी जा चुकी है। शेष बचे हुए लाभुकों के खाते में सोमवार को डीबीटी के माध्यम से सम्मान राशि हस्तांतरित की जाएगी। इधर, जिला प्रशासन ने इस राज्यस्तरीय समारोह की सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। रांची पुलिस और प्रशासन व्यवस्था पर नजर बनाए हुए है।

#### डाटा चोरी पर कसा जा सकेगा शिकंजा

## डिजिटल पर्सनल डाटा सुरक्षा एक्ट का ड्राफ्ट जारी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** पर्सनल डिजिटल डाटा संरक्षण अधिनियम लागू होने जा रहा है। लोगों के पर्सनल डाटा को साइबर अपराधियों से बचाने के लिए केंद्र सरकार ने एक मसौदा तैयार किया है। रविवार को सरकार ने इस संबंध में तैयार मसौदों और उसके नियमों को जारी कर दिया है। इससे डाटा चोरी पर शिकंजा कसा जा सकेगा। सरकार ने शिकायत निवारण और डाटा संरक्षण बोर्ड बनाने का भी निर्णय लिया है।

इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने डिजिटल पर्सनल डाटा सुरक्षा एक्ट के लिए ड्राफ्ट नियम जारी किए हैं, जिसके अनुसार डाटा फिड्युसरी (एक ऐसी संस्था या व्यक्ति, जो पर्सनल डाटा की सुरक्षा और गोपनीयता की जिम्मेदारी लेता है) के लिए बच्चे के किसी भी पर्सनल डाटा को प्रॉसेस करने से पहले माता-पिता की सहमति लेना अनिवार्य होगा। ड्राफ्ट के अनुसार शिकायत निवारण और डाटा संरक्षण बोर्ड बनाया जाएगा। शेष पेज 09 पर




### डिजिटल प्रथम दृष्टिकोण

ये नियम 'डिजाइन द्वारा डिजिटल' दर्शन पर आधारित हैं। जीवनयापन और व्यवसाय करने में आसानी सुनिश्चित करने के लिए सहमति तंत्र, शिकायत निवारण और डाटा संरक्षण बोर्ड की कार्यप्रणाली, सभी को 'बॉर्न डिजिटल' के रूप में परिकल्पित किया गया है। बोर्ड एक डिजिटल कार्यालय के रूप में कार्य करेगा, जिसमें एक डिजिटल प्लेटफॉर्म और ऐप होगा, जो नागरिकों को डिजिटल रूप से संपर्क करने और उनकी भौतिक उपस्थिति की जरूरत के बिना, उनकी शिकायतों का निपटारा करने में सक्षम करेगा।

### आज | कल




### इंडिया

## दिल्ली का अगला दूल्हा कौन, भाजपा क्यों है मौन?

दिल्ली में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। पिछले दस वर्षों से सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और इस बार लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी 7 सीटें जीतने वाली भाजपा के बीच टकराव स्वाभाविक रूप से देखने को मिल रहा है। रविवार को आप ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित न करने के लिए भाजपा पर कटाक्ष किया जिसमें घोड़ी पर दूल्हे की अनुपस्थिति को मजाकिया अंदाज में दिखाया और भाजपा से पूछा कि तुम्हारा दूल्हा कौन है? पीछे न हटते हुए भाजपा ने आप पर 'आप दा' का तंज कसा। राजनैतिक बयानबाजी जो भी हो पर दूल्हे का सवाल बड़ा है जिस से भाजपा बचना चाहती है जबकि उसकी पिछली हार की बड़ी वजह वही थी। राष्ट्रीय राजनीति में अपनी लगातार विजय से भाजपा के रणनीतिकारों को लगता है अहंकार हो गया है और वे बंगाल और दिल्ली की हार के कारणों को समझना नहीं चाहते क्योंकि दोनों राज्यों की अपनी विशिष्टता है। बंगाल में आज भी जाति और धर्म के बजाय बांग्ला मानुष की राजनीति की जाती है जबकि भाजपा की रणनीतिक चूक यह हुई कि 'जयश्री राम' के घोष को जयघोष बनाने का प्रयास किया। संभवतः रणनीतिकरों को यह बात समझ में नहीं आई कि बंगाल में बिहार, झारखंड, ओड़ीशा, राजस्थान या किसी भी राज्य के लोग वहां बंगाली बनकर ही रहते हैं और बांग्ला बोलते भी हैं। वहां सीपीएम की कैडर व्यवस्था के समय से ही एक एक आदमी का हिसाब रखा जाता है कि किस मुहल्ले के किस आदमी ने हमें वोट नहीं दिया और उसकी दुर्गति या हत्या तक चुनाव के बाद और पहले भी की जाती रही है। बंगाल में सिर्फ जय श्रीराम से चुनाव नहीं जीते जा सकते बल्कि बांग्ला मानुष की पहचान को बनाए रखकर ही चुनाव जीते जा सकते हैं जबकि सच यह है कि बंगाल परिवर्तन चाहता है। कुछ इसी तरह की गलतियों के कारण 1998 से भाजपा दिल्ली राज्य की सत्ता से बाहर है। दिल्ली देश की राजधानी ही नहीं एक ऐतिहासिक महानगर है जहां महाभारत काल से ही राजनीति उसकी मिट्टी में समाई हुई है। अपनी इसी विशेषता के कारण दिल्लीयां कई बार उजाड़ी गईं बसाई गईं,कत्लेआम भी देखा और राष्ट्राध्यक्षों की हत्या भी। विचारों और व्यवसाय की परिपक्वता ऐसी कि दिल्ली में पूरी दुनिया के बसे हुए हुए लोग उसकी पंजाबी भाषा शैली से लेकर बिंदास जीवन से ऐसे प्रभावित होते हैं कि कुछ वर्षों में दक्षिण भारत से लेकर अंग्रेज तक न सिर्फ पंजाबी हिंदी बोलने लगते हैं बल्कि दिल्ली वालों से घुल मिलकर ढाबे और होटलों में मजे से मसालेदार खानों का आनंद उठाते हैं। देश के सबसे शक्तिशाली नेता, बुद्धूजीवी, पत्रकार, व्यवसायी और फुटपाथ वाले जहां रहते हों उनके मुख्यमंत्री के रूप में भभुवा के एक भोजपुरी लोकगीत गायक को प्रोजेक्ट कर भाजपा ने बड़ी राजनीतिक भूल की थी। उन्हें अच्छी तरह यह बात समझनी चाहिए कि पूर्वांचल सहित झारखंड के जनजातीय समुदाय की महिलाएं भी करोड़ों की भीड़ में लाखों में हैं पर ये सभी मनोज तिवारी को अपना नेता नहीं मानते । मनोज तिवारी अच्छे भोजपुरी गायक हो सकते हैं पर परिपक्व राजनेता नहीं जो दिल्ली की गद्दी संभाल सकें। भाजपा शायद भूल गई कि कुछ वर्षों पूर्व तक बिहारी शब्द दिल्ली में गाली की तरह बहुत ही अपमानजनक संबोधन हुआ करता था और लालू यादव जैसे कुछ नेताओं ने अपनी भदेस शैली से बिहार की पहचान खराब भी की थी जिसे आधुनिक, श्रमसाध्य और कुशल बिहारियों के अलावा सबसे अधिक आइएएस बनने वाले बिहारियों ने बदला पर आज भी भदेस बोली बचन वाले किसी नेता को शायद दिल्लीवासी अपना नेता नहीं बनाना चाहते। शीला दीक्षित जैसी कुशल प्रशासक के बाद केजरीवाल में लोगों ने एक पूर्व अधिकारी, दिल्लीवाला और आम आदमी देखा था जो आज रेवड़ी संस्कृति सहित कई आरोपों में घिरे हैं। भाजपा सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज पर दांव खेलना चाहती है जो विदेशों में पढ़ाई कर चुकी सुप्रीम कोर्ट की तेज तर्रार वकील,सांसद और दिल्लीवाली है पर डर फुटपाथ वालों और झुग्गी झोंपड़ी मे रहने वाले पूर्वांचल के लाखों लोगों से है जो दिल्ली में रहकर अपने संगठित वोट का महत्व जानते हैं। हालांकि पिछली बार आप ने उन्हें अतिक्रमण स्थल पर ही पक्के मकान देने के नाम पर झांसा दिया था पर इस बार 18 वर्ष से ऊपर की महिलाओं के लिए अभी 1000 नगद और जीतने पर 2100 प्रतिमाह महिला सम्मान योजना से और पिछले 10 वर्षों से इमामों को 18 हजार प्रतिमाह वेतन की तरह पुजारी,ग्रंथी को सम्मान योजना से देने जैसे अचूक दावों से लैस है । अब देखना है कि वैगन आर में चलने वाले चप्पलधारी 10 वर्ष पूर्व के केजरीवाल और आज शराब घोटाले पर सत्ता से बाहर करोड़ों के शीशमहल वाले केजरीवाल दिल्ली की गद्दी तीसरी बार संभालते हैं या बिना दूल्हे की भाजपा की बारात के गले दिल्ली वाले लोकसभा की सभी 7 सीटों की तरह जयमाला पहनाते हैं या कांग्रेस बाजी मार लेती है।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



## भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क वाला देश बना

- देश में मेट्रो रेल नेटवर्क की लंबाई बढ़कर 1000 किमी तक पहुंची

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत में मेट्रो रेल नेटवर्क का तेजी से विस्तार हो रहा है। अब देश में मेट्रो रेल नेटवर्क की कुल लंबाई बढ़कर 1000 किमी तक पहुंच गई है। इस बड़े नेटवर्क के साथ, भारत अब चीन और अमेरिका के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क वाला देश बन गया है। दिल्ली ने वर्ष 2002 में अपनी मेट्रो यात्रा की शुरूआत की थी, जब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने दिल्ली के लोगों को पहली मेट्रो दी और रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली वासियों को नई मेट्रो परियोजनाओं और 'नमो भारत' का उपहार दिया। पीएम मोदी के नेतृत्व में इसका परिवर्तन और विस्तार अभूतपूर्व रहा है, खासकर वर्ष 2014 के बाद से।



पिछले दशक में मेट्रो नेटवर्क में तीन गुना वृद्धि हुई है। मेट्रो नेटवर्क वर्ष 2014 में केवल 248 किलोमीटर से बढ़कर अब 1000 किलोमीटर हो गया है। आज 11 राज्यों के 23 शहरों में मेट्रो रेल नेटवर्क है। वर्ष 2014 में यह केवल 5 राज्यों और 5 शहरों में था। आज मेट्रो में प्रतिदिन एक करोड़ से ज्यादा लोग यात्रा करते हैं। यह वर्ष 2014 के 28 लाख यात्रियों की तुलना में 2.5 गुना अधिक बढ़ोतरी है। मेट्रो ट्रेनें आज प्रतिदिन कुल 2.75 लाख किलोमीटर की यात्रा करती हैं, जो एक दशक पहले के रोजाना 86 हजार किलोमीटर का तीन गुना है।

# झारखंड के सबसे बड़े राधा कृष्ण मंदिर का हुआ उद्घाटन, भक्तों में दिखा उत्साह

## राधा कृष्ण की उपासना से जीवन में शांति, सुख और समृद्धि आती है : स्वामी सदानंद महाराज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रविवार को राज्य के धार्मिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में एक नया अध्याय जुड़ गया। राजधानी रांची मे कटहल मोड़ के समीप पुंदाग में झारखंड राज्य का सबसे बड़ा राधा कृष्ण का मंदिर का उद्घाटन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के संस्थापक एवं संरक्षक संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अमेरिका से आए टहल किशोर महाराज, चंडीगढ़ से श्यामानंद महाराज, जगत राज महाराज, मोहन प्रियाचार्य जी महाराज, कृष्ण मणि महाराज, साध्वी मीणा महाराज, साध्वी पूर्णा महाराज, के साथ-साथ गुजरात, दिल्ली, पंजाब, बिहार, महाराष्ट्र से आए संत महात्माओं के साथ प्रणामी समाज के 20 संत- महात्मा उपस्थित थे। झारखंड एवं अन्य राज्यों से आए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में फूलों की बारिश एवं राधा कृष्ण के जयकारों के साथ श्री राधा कृष्ण के मंदिर का पट श्रद्धालुओं के लिए खुल गया। उद्घाटन के पूर्व कलश शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में महिलाएं एवं पुरुष परंपरागत वेशभूषा एवं श्री कृष्ण जी के झंडा लेकर शामिल हुए। तथा भक्तों के जयकारों एवं भजन गायक मनीष सोनी के सुमधुर भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभा यात्रा में सद्गुरु सदानंद जी महाराज तथा देशभर से आए सभी संत महात्मा प्राचीन विशिष्ट सुसज्जित वाहनों पर सवार होकर भक्तों का अभिनंदन किया। तत्पश्चात मंदिर का शुभ उद्घाटन एवं श्री राज श्यामा जी की पूजा पधरावणी प्राण प्रतिष्ठा, कलश स्थापना पूरे विधि विधान के साथ हुआ। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर में श्री कृष्ण की जन्म से लेकर महाभारत काल तक की आकर्षक एवं मनमोहन झांकियां मंदिर के मुख्य द्वार के ऊपर गोवर्धन पर्वत उठाएं भगवान श्री कृष्ण की वृहद प्रतिमा तो दूसरे द्वार में भगवान श्री कृष्ण की गोपियां के संग रासलीला करते भगवान सुदर्शन की प्रतिमाएं भी मुख्य आकर्षण का केंद्र है। मंदिर में ग्रंथ भगवान के वस्त्र, मुकुट, मुरली,आदि की पूजा की जाएगी। मंदिर के शुभारंभ एवं श्री राज श्यामा जी की पूजा प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मंदिर में चार दिवसीय श्रीमद् भागवत सार कृष्ण अमृत कथा परमहंस संत शिरोमणि सदानंद जी महाराज श्रीमद् भागवत सार कृष्ण अमृत कथा तथा परम पूजनीय मोहन प्रियाचार्य जी महाराज के मुखारविंद से तारतम वाणी तथा अन्य महात्माओं के द्वारा दिव्य प्रवचन रविवार से से 8 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा, वाणी चर्चा बीतक कथा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक रोजाना होगा।

**उक्त जानकारी ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी :** मौके पर ट्रस्ट के संरक्षक अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, सचिव मनोज चौधरी, मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ, नवल अग्रवाल, सज्जन पाड़िया,विधा अग्रवाल, गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, मनीष जालान, पूनम अग्रवाल, सुरेश चौधरी, चिरंजी लाल खंडेलवाल, वेंकट गाड़ोदिया, पूरणमल सर्राफ, विशाल जालान,अजय खेतान, ओम सरावगी, अमित पोद्दार, अशोक लाठ के अलावे बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

### झासा चुनाव : डॉ विमलेश सिंह निर्विरोध चुने गए अध्यक्ष

**रांची।** झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विस एसोसिएशन (झासा) के चुनाव को लेकर नाम वापसी की तिथि समाप्त हो गई। नाम वापसी के बाद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष के पदों के उम्मीदवार निर्विरोध चुन लिए गए हैं। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ विमलेश कुमार सिंह को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद के लिए डॉ स्टीफन खेस निर्विरोध चुने गए। 19 को होने वाला चुनाव सचिव के एक पद, संयोजक के एक पद और उपाध्यक्ष के एक पद (कोल्हान) के लिए होगा। संयुक्त सचिव के 7 पद के लिए रांची हेडक्वार्टर के लिए सदर अस्पताल रांची के ही लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ अजित कुमार, कोल्हान के लिए चाईबासा सदर अस्पताल के डॉ दिनेश चंद्र, दक्षिण छोटानागपुर के लिए सदर अस्पताल गुमला के डॉ बालकृष्ण महतो, उत्तर छोटानागपुर के लिए सब डिविजनल हॉस्पिटल बरही के डॉ राहुल कुमार, पलामू के लिए सीएचसी चैनपुर के डॉ चमन कुमार, संथाल के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज के डॉ रणविजय कुमार और डेंटल विंग के लिए चक्रधरपुर सब डिविजनल हॉस्पिटल की डॉ दिक्षा सिंघल चुनी गईं।

## न्यूज बॉक्स

### मनुष्य ने स्वयं को नकारात्मक भावों से घेर रखा है : निर्मला बहन

**रांची।** ब्रह्माकुमारी संस्थान चौधरी बगान, हरमू रोड में प्रवचन करते हुए ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि जो व्यक्त सात्विक, दिव्य गुण सम्पन्न और अपना सर्वस्व जनहित में लगा देने वाले होते हैं उनके प्रकम्पन विशेष होते है। वे सम्पर्क में आने वाले व्यक्ति को भी सद्भावना, सदव्यवहार और सदाचार की ओर मोड़ देते हैं।



जिनकी योग में ऊंची स्थिति होती है वे स्थूल रूप में मुख से बोलते, नेत्रों से देखते, हाथों से प्रसाद देते भी आशीर्वाद देते हैं। वे इच्छाओं और तृष्णाओं से ऊंचे उठे हुए परमसत्ता से जुड़कर भौतिकता के भार से रहित अवस्था को प्राप्त कर लेते हैं। सभी के शुभचिंतक व सभी के प्रति करूणाशील उनका मन घृणा, ईर्ष्या से रहित निर्मल, निश्चिन्त व निष्कामी होता है। मनुष्य ने स्वयं को नकारात्मक भावों से घेर रखा है। माया का एक बहुत मजबूत आवरण ओढ़ रखा है। अपने मन में इतनी निकृष्ट सामग्री एकत्रित कर रखी है जो उस पर न तो ईश्वरीयता का प्रभाव पड़ने देती न योगियों के प्रकम्पनों रूपी प्रकाश का लाभ लेने देती है। प्रकाश में चलने से उतनी प्राप्ती नहीं होती जितनी स्वयं प्रकाश स्वरूप बन जाने में होती है। मन की मौन अवस्था बहुत ही शक्तिशाली होती है। बाहरी संग में अकर व्यक्ति बाह्य आकर्षणों में बहुत मुखर हो जाता है और आत्मबल को खो बैठता है। गुरु शब्द की व्याख्या करते हुए आपने कहा गुरु की उपाधि हम केवल उसे ही दे सकते हैं जो आत्मा को सत्य का मार्ग दिखाए व अधोगति से सदगति में ले जाये। अन्य विधाएं सिखाने वाले को प्राध्यापक या शिक्षक कह सकते हैं लेकिन गुरु नहीं कर सकते हैं। परमात्मा निराकार शिव ही सत्तगुरु है। जन्म मरण के चक्र में आने वाले, रोग बुढ़ापा आदि भोगने वाले साधना द्वारा मुक्ति की कामना करने वाले किसी अल्पज्ञ मनुष्य को परमात्मा मानना अंध श्रद्धा है।

### मकर संक्रांति महोत्सव को लेकर मंच ने तैयारियों पर की चर्चा



**रांची।** राष्ट्र धर्म रक्षा मंच की ओर से होने वाली मकर संक्रांति महोत्सव को लेकर बैठक हुई। 15 जनवरी को कांके डैम के पतरागोंदा फुटबॉल मैदान में सुबह 8 बजे से पंचतत्व पूजन, भजन आरती व प्रसाद वितरण के बाद अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि महोत्सव में सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, पत्रकारिता और वकालत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 5-5 लोगों को सम्मानित किया जाएगा। लगभग 2 हजार लोगों को खिचड़ी भोज करवाया जाएगा। उसके बाद पतंगोत्सव कार्यक्रम होगा जिसमें सैकड़ों बच्चों के बीच पतंग बांटा जाएगा। आयोजन के दौरान निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर जिसमें आंख, ब्लड आदि जांच,आयुर्वेदिक चिकित्सा सलाह तथा एक्यूप्रेशर चिकित्सा सेवा भी उपलब्ध रहेगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए बैठक में अध्यक्ष अमृतेश पाठक, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत तिर्की, रमेश मुंडा, मंटू मुंडा, जया तिवारी,डॉ सत्यप्रकाश मिश्रा उपाध्यक्ष अनिता कुमारी,रजनी रंजन, प्रतिभा देवी, अंजना प्रियदर्शी, नीलम शर्मा कोषाध्यक्ष किशोर महापात्रा, अनुशासन समिति के अध्यक्ष शशि कुमार, शशि नायक, सियाराम सिंह आदि उपस्थित थे।

### साईं मंदिर में पूजा अर्चना की गई

**रांची।** समाजसेवी रौशन सिंह एवं श्री साईं सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को श्री साईं मंदिर लापुंग मे पूजा अर्चना की गई।पूजा के बाद भोग लगाकर श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने मे रौशन सिंह, ललित अग्रवाल, ओम अग्रवाल, अजय चौधरी, अंगद सिंह, सत्यम सिंह, मनीष कुमार रंजन, प्रियंका चौधरी, माधव अग्रवाल, रणजीत चौधरी, प्रशांत पाल,अनिल चौधरी, शिव किशोर शर्मा, रविंद्र विश्वकर्मा, धर्मेंद्र चौधरी, विक्की, निक्की जायसवाल, ओम प्रकाश चौधरी आदि आदि मौजूद थे।

### रांची नगर निगम ने नौ वार्ड क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल बांटा



**रांची।** रांची नगर निगम की ओर से रविवार को विभिन्न वार्डों में अभावग्रस्त परिवार के सदस्यों के बीच कंबल का वितरण किया गया। निगम की ओर से वार्ड संख्या एक, दो, छह, 16, 18, 20, 22, 28 और 41 में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों, बुजुर्ग और निःशक्त के बीच कंबल बांटा गया। निगम प्रशासक के निर्देश पर रात में शहर के विभिन्न इलाकों व प्रमुख मार्ग के आसपास खुले में रात बिताने वालों को समीप के आश्रय गृह तक पहुंचाने व उन्हें कंबल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इस कार्य में सहायक प्रशासक, संबंधित वार्ड के सुपरवाइजर, सामुदायिक संगठनकर्ता, नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक समेत अन्य कर्मियों को जिम्मेवारी सौंपी गई है। बताया गया कि अभी हर दिन जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण होगा।

## आश्रम में परमहंस योगानंद के जन्मोत्सव पर भंडारा, 1000 श्रद्धालुओं को परोसा गया गुरु प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया (वाईएसएस), रांची ने अपने संस्थापक श्री श्री परमहंस योगानंदजी का 132वां जन्मोत्सव मनाया। विशेष सामूहिक ध्यान और स्वामी श्रद्धानंद गिरि के ह्यपरमहंस योगानंदजी का विश्व परिवर्तक मिशनह्ण पर प्रवचन के साथ उत्सव का शुभारंभ हुआ। इसके बाद शिव मंदिर में ब्रह्मचारी शांभवानंद और कैवल्यानंद ने भजन गाया। गुरु पूजन और यज्ञ का आयोजन भी किया गया। भक्तों और रांची शहर तथा आसपास के गांवों के लोगों के लिए आयोजित भंडारे में हजारों लोग शामिल हुए। विशेष ध्यान के साथ शाम को समारोह का समापन हुआ। योगानंद के द्वारा स्थापित यह आध्यात्मिक संस्था हर साल ध्यान, कीर्तन और भंडारे के साथ उनका जन्मोत्सव मनाती है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भंडारे ने स्थानीय लोगों और अन्य आगंतुकों को आकर्षित किया। जिसको भी इसकी जानकारी मिली, सभी इसमें शामिल हुए। आयोजन दोपहर 12 बजे शुरू हुआ और अपराह्न तक चलता रहा। भंडारा शुरू होते ही आश्रम के गेट पर लंबी कतारें लगने लगी। आश्रम के विशाल मैदान में वाईएसएस के सैकड़ों भक्तों ने अतिथियों को खिचड़ी, चटनी और लड्डू का प्रसाद परोसा। लगभग 11000 श्रद्धालुओं को भंडारा में गुरु प्रसाद परोसा गया। 3 जनवरी को गुरुदेव के सम्मान में आश्रम ने सेवा गतिविधियां आयोजित की थी, जिसमें रांची के कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों की कॉलोनी में गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। 10 जनवरी को उसी कॉलोनी में कंबल भी वितरित किए जाएंगे।

**1917 में परमहंस योगानंद ने की थी योगदा सत्संग सोसाइटी की स्थापना :** परमहंस योगानंद ने वर्ष 1917 में वाईएसएस की स्थापना भारत और पड़ोसी देशों में की थी। इसका उद्देश्य 'क्रिया योग : एक पवित्र आध्यात्मिक विज्ञान', जिसका उद्भव सहस्राब्दियों पूर्व भारत में हुआ था, की सार्वभौमिक शिक्षा देने के लिए की थी।

## सीएम मंईयां सम्मान कार्यक्रम की तैयारियों का डीसी ने लिया जायजा

### कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारी व पदाधिकारी मुस्तैद रहें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने रविवार को आर्मी ग्राउंड खोजा टोली नामकुम में आज सोमवार को होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सभी पदाधिकारियों/दंडाधिकारियों/ पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग करते हुए उन्हें विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं सुगम यातायात संधारण के लिए कई निर्देश दिए।

### सभी लोग अपनी जिम्मेदारी को समझें

राज्यस्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने सभी को निर्देश देते हुए कहा की सभी अधिकारी/पदाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी/कर्मी पूरे कार्यक्रम के दौरान मुस्तैद रहें ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो जाए। उन्होंने सभी से विशेष रूप से कहा की सभी लोग नियत समय पर अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर अपनी जिम्मेदारी ले लेंगे। ताकि सभी व्यवस्था सुचारु रुप से पूरा हो सकें। इतनी भारी संख्या में लाभार्थी कार्यक्रम में शामिल हो रहें है। जिसके लिए जिला प्रशासन के तरफ से पूरी व्यवस्था सुदृढ़ रुप से की गई है, ताकि उन्हें कोई परेशानी ना हो।



### लोक कलाकार नृत्य-संगीत की देंगे प्रस्तुति

जानकारी हो की झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय समारोह में लोक कलाकार नृत्य-संगीत की प्रस्तुति देंगे। जिसमें में लोक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। कलाकारों द्वारा गीत-नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। एक ओर जहां आधुनिक नागपुरी गायक पवन राय, कुडुख गायक सुरेंद्र कुजूर और सादरी गायक इग्नेश कुमार अपनी गायकी का प्रदर्शन करेंगे तो वहीं दूसरी ओर झारखंड के पारंपरिक नृत्यों जैसे पाइका, छऊ आदि का भी कलाकारों द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा। ब्रीफिंग में उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुमित कुमार अग्रवाल, अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, सहायक समाहर्ता, आदित्य पांडेय, अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, जिला जन संपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय एवं सम्बंधित जिला स्तरीय सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कल्याण मंत्री से मिले आदिवासी पीजी छात्रावास का प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** आदिवासी पीजी छात्रावास प्रमुख बिरसा उरांव की अगुवाई में रविवार को प्रतिनिधिमंडल ने कल्याण मंत्री चमरा लिंडा से मिले। इस दौरान झारखंड इंटरमीडिएट शिक्षकों से संबंधित अपनी मांगों को रखा गया। कल्याण मंत्री को करमचंद्र भगत महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान के इंदू मिंज, शकुंतला केरकेट्टा और एसएस मेमोरियल के संजय कुमार ने समस्या बताई। इस पर चमरा ने कहा कि आप लोगों की बातों को सरकार के संज्ञान में पहुंचाने का काम किया जाएगा।

## क्षत्रिय परिवार ने किया प्रदर्शन, दोषी को सजा देने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



क्षत्रिय परिवार सेवा समिति का स्वाभिमान और न्याय के लिए प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में समाज के लोगों ने स्वर्गीय बादल सिंह की निर्मम हत्या के दोषी आदिल बिलाल को कठोरतम सजा दिलाने के लिए अपनी आवाज उठाने के लिए एकत्रित हुए। प्रदर्शन में भाग लेने वाले सभी समाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने दृढ़ संकल्प के साथ यह संदेश दिया कि हम अपने समाज के सम्मान और सुरक्षा के लिए हमेशा खड़े रहेंगे। इस मौके पर समाज के स्वाभिमान की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया गया। इस आंदोलन में समाज की एकता और ताकत स्पष्ट रूप से दिखाई दी। विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक वर्गों से जुड़े लोगों ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की, जिससे यह प्रदर्शन न केवल एक स्थानीय स्तर पर बल्कि एक सामाजिक संदेश के रूप में सामने आया। समाज के प्रत्येक सदस्य ने न्याय की इस लड़ाई को ऐतिहासिक मोड़ देने के लिए अपनी आवाज दी।

मौके पर राम सिंह, प्रोफेसर डॉ धीरज सिंह सूर्यवंशी, राणा हर्ष वीर सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, रमाकांत सिंह, श्याम किशोर सिंह, बलराम सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, सुनील कुमार सिंह, राजेश सिंह, दिलीप सिंह, बीके सिंह, संतोष सिंह, संजय सिंह, संजीव सिंह, राणा प्रिया रंजन सिंह, अशोक सिंह, अमूल्य सिंह पिंटू, नागेश्वर सिंह, मुकुल सिंह, विनोद सिंह, राहुल सिंह, कारण सिंह, राजकीय राजकुमार सिंह, प्रवीण सिंह, सुनील कुमार सिंह, कमला सिंह, संजीव सिंह, विनोद सिंह,रंजय कुमार सिंह।

### राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव

## 17 वें दिन 30 हजार लोगों ने की शिरकत

- मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने मेले का परिभ्रमण किया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव, 2024-25 के 17 वें दिन सुबह से ही लोगों का आगमन शुरू हो गया था। सभी स्टॉलों में बहुत ज्यादा भीड़ देखने को मिली। जैसे-जैसे महोत्सव के समापन की तिथि निकट आ रही है, वैसे-वैसे महोत्सव में लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। रांचीवासी जिन्हें सालभर इस खादी मेले का इंतजार रहता है सभी ने आज अपने पूरे उमंग के साथ भव्य मेले का आनन्द लिया। रविवार को मेले में लगभग 30,000 हजार लोगों ने भ्रमण किया। मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार ने महोत्सव का परिभ्रमण किया। कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा चुटू सिंह मुंडा एवं दल आदिवासी छऊ नृत्य पार्टी, माधवी कुमारी एवं दल ने हिन्दी गायन की। बच्चों के लिए आयोजित चित्रांकन प्रतियोगिता में पांच से दस आयु वर्ग में प्रथम स्थान विवान शौर्य, द्वितीय स्थान समृद्धि प्रिया एवं तृतीय स्थान राहिनी कुमारी तथा ग्यारह से पन्द्रह आयु वर्ग में प्रथम स्थान स्मीता कुमारी, द्वितीय स्थान आध्या कुमारी सिन्हा एवं तृतीय स्थान जसरित कौर ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### दीपाटोली पंच मंदिर में श्री रामदरबार प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा 22 फरवरी से

**रांची।** दीपाटोली स्थित पंच मंदिर में 22 फरवरी से श्री राम दरबार प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान होगा। इसकी शुरूआत कलश शोभायात्रा के साथ होगी। मंदिर कमेटी की ओर से एक मार्च तक अनुष्ठान चलेगा। इसमें श्रीराम कथा का भी आयोजन होगा। प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा में संत स्वामी राम प्रपन्नाचार्य समेत कई महात्मा शामिल होंगे। आयोजन को लेकर रविवार को मंदिर परिसर में सह्दय लोगों और श्रद्धालुओं की बैठक हुई। बैठक में आयोजन को लेकर चल रही तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में सभी कार्यकारिणी सदस्यों की ओर से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक रविवार को 16 फरवरी तक बैठक होगी। यह जानकारी कर्नल बीएन दूबे ने दी।

## साहित्यिक गोष्ठी में साहित्य की महत्ता को बताया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




साहित्यिक संस्था मरुधर साहित्य ट्रस्ट के तत्वाधान में जमशेदपुर में भव्य साहित्य गोष्ठी का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाज सेवी अरुण बाकरे वाला, विशिष्ट अतिथि शैली अग्रवाल एवं ट्रस्टी नरेश अग्रवाल एवं महेश अग्रवाल ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

**मंच संचालन डा. लता मानकर ने किया :** इस कार्यक्रम में 30 आमंत्रित साहित्यकारों ने भाग लिया, जिन्होंने बारी-बारी से रचना पाठ एवं अपनी रचना प्रक्रिया से लोगों को अवगत कराया। इस कार्यक्रम में शामिल साहित्यकारों में नीता सागर चौधरी, माधवी उपाध्याय, नवीन अग्रवाल, रीना सिन्हा सलोनी, सविता सिंह मीरा , डॉ. लता मानकर, वसंत जमशेदपुरी, दीपक वर्मा, पूनम शर्मा स्नेहिल, उपासना सिन्हा, शिप्रा सैनी (मौर्या), सुदीप्ता जेठी राउत, सुधा गोयल 'नवीन', अनीता निधि , पुनम सिंह, मनीष सिंह 'वंदन', क्षमाश्री दुबे, डॉ आशा गुप्ता, किरण कुमारी 'वर्तनी', डॉ वीणा पाण्डेय 'भारती', शोभा किरण, विजय नारायण सिंह 'बेरुका', पद्मा प्रसाद 'विन्देश्वरी', लक्ष्मी सिंह 'रूबी', ममता कर्ण मनस्वी, संगीता मिश्रा, अंजू केशव, अरुणा झा, नेहा अग्रवाल , चन्दन अंजू मिश्रा आदि। कार्यक्रम में जमशेदपुर की साहित्यकार रीना सिन्हा एवं दीपक वर्मा को भी उनकी साहित्यिक उपलब्धियां के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्रतिष्ठित लेखक वसंत जमशेदपुरी की पुस्तक मुट्ठी भर वातास का भी लोकार्पण हुआ। मुख्य अतिथि अरुण बाकरेवाल ने साहित्यकारों की रचनाओं की प्रशंसा की तथा कहा कि जमशेदपुर का क्षेत्र साहित्य में राष्ट्रीय स्तर पर स्थान बना चुका है। यहां के लोग पूरी तरह साहित्य को समर्पित होकर लिख रहे हैं। इनकी रचनाएं देश के बड़े-बड़े अखबारों एवं पत्रिकाओं में प्रकाशित हो रही हैं । विशिष्ट अतिथि शैली अग्रवाल ने भी अपने उद्गार प्रकट करते हुए संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि रचनाकारों का पाठ बेहद उम्दा रहा तथा इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए, यह साहित्य के हित में होगा, इससे भाषा एवं समाज का विकास होगा, लोगों में सामाजिक चेतना की जागृति होगी। हिंदी भाषा के प्रति प्रेम बढ़ेगा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन महेश अग्रवाल ने किया।

## एक नजर

### पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या का जेएसजेयू ने की निंदा, प्रस्ताव पत्र जारी

**रांची ।** एनयूजे (आई) की संबंद्ध इकाई जेएसजेयू की कोर कमिटी की बैठक हुई। इस दौरान छत्तीसगढ़ में बस्तर जिला से पत्रकारिता के माध्यम से जमीनी हकीकत को दर्शाने वाले युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या को लेकर निंदा की। वहीं एक मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। इसी को लेकर कमेटी में निर्णय लेकर निंदा प्रस्ताव जारी किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के सीएम को पत्र के माध्यम से इस मामले को लेकर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष बलदेव शर्मा ने कहा कि इस तरह की घटना से झारखंड भी अछूता नहीं है आए दिन पत्रकारों पर हमले, पत्रकारों को प्रताड़ित किया जाना आम हो गया है।

### मुक्ति संस्था ने 34 लावारिस शवों का किया अंतिम संस्कार

**रांची।** मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी के तट पर 34 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार किया। जुमार नदी तट पर पूरे विधि-विधान से सामूहिक चिता सजाई गई और मंत्रोच्चार के बीच शवों के बीच अंतिम संस्कार किया गया । बता दें कि यह सभी लावारिश शव रिम्स के शवगृह में था।

### हाइपोपिट्यूटारिज्म पीड़ित ने सरकार से लगाया मदद की गुहार

**खलारी।** खलारी के भूतनगर डकरा का छह वर्षीय बालक अरहान खान जन्मजात से हाइपोपिट्यूटारिज्म से पीड़ित है। इसके पिता इम्तियाज खान मजदूर हैं। यह मानव शरीर के विकास के लिए अतिआवश्यक एक विशेष हार्मोन्स की कमी की गंभीर बीमारी है। अरहान के पिता पहले उसे रांची में इलाज कराए। परंतु कोई खास प्रगति नहीं होने पर उसे लेकर क्रिस्चियन मेडिकल कालेज, वेलौर (तमिलनाडु) ले गए। विगत एक साल से सीएमसी वेलौर का इलाज के बाद वह 81 ईंच से 91 इंच का हो गया है। दवा के रूप में अरहान को प्रतिदिन कीमती इंजेक्शन दिया जाता है। सीएमसी के विशषज्ञ चिकित्सक के अनुसार रोज इंजेक्शन नहीं मिला तो अरहान परेशानी में आ जाएगा। केवल इस इंजेक्शन में प्रतिमाह 22 हजार रूपए का खर्च है। दवा सहित अन्य इलाज में प्रति महीने करीब 30 हजार रूपए का खर्च है। मजदूरी करने वाले अरहान के पिता इम्तियाज के लिए पैसे जुटाना मुश्किल हो रहा है। अभी तक किसी तरह से लोगों की मदद लेकर वह अपने बेटे का इलाज करा रहा है। इम्तियाज ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री से गुहार लगाया है कि उसके बेटे के इलाज के लिए सरकारी सहायता की व्यवस्था की जाय।

टीबी हारेगा देश जीतेगा स्लोगन पर क्रिकेट मैच का आयोजन

# सिविल सर्जन कार्यालय ने एक रन से जीत दर्ज की

*सिविल सर्जन कार्यालय की ओर से डॉक्टर प्रभात कुमार सिविल सर्जन ने कप्तानी की*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सिविल सर्जन कार्यालयऔर सिविल वर्सेस जिला यक्ष्मा कार्यालय के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रिम्स के क्रीड़ा मैदान में खेला गया। इस कार्यक्रम का स्लोगन 'टीबी हारेगा देश जीतेगा' था। इसका मकसद आम जनमानस के बीच जागरूकता लाना है। ज्ञात हो कि भारत सरकार द्वारा यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, हाल ही में लोकसभा एवं राज्यसभा के सांसद सदस्यों द्वारा टीवी उन्मूलन कार्यक्रम का प्रचार- प्रसार के मकसद से मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया था। यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रेरणा स्वरूप सिविल सर्जन रांची डॉक्टर प्रभात कुमार ने यह मैच का आयोजन किया। सिविल सर्जन कार्यालय की ओर से डॉक्टर प्रभात कुमार सिविल सर्जन ने कप्तानी की। वहीं जिला यक्ष्मा कार्यालय टीम की ओर से कप्तानी डॉक्टर सिद्धेश्वर बास्की जिला यक्ष्मा उन्मूलन पदाधिकारी,रांची ने किया। क्रिकेट मैच 20-20 ओवर का रखा गया जिसमें मेजबान टीम सिविल सर्जन कार्यालय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। मेजबान टीम बल्लेबाजी करते हुए कुल 169 रन का विशाल लक्ष्य रखा।सर्वाधिक स्कोर 88 रन निशांत कुमार ने बनाया। विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए जिला यक्ष्मा कार्यालय रांची के बल्लेबाजों ने 168 रन बनाए। फलस्वरू सिविल सर्जन कार्यालय रांची एक (1)रन से विजेता रही। सर्वाधिक विकेट तीन (3) सुशांत कुमार ने लिया। मैच के दौरान सर्वश्रेष्ठ फील्डिंग श्री प्रवीण कुमार सिंह डीपीएम ने किया जिन्हें बेस्ट फील्डर का अवार्ड दिया गया । सिविल सर्जन रांची ने अपने वक्तव्य के दौरान यह बताया कि समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के तहत जागरूकता अभियान करने हेतु मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाता रहेगा।

# निर्माण के दौरान ही टूटने लगी है खूंटी- सिमडेगा सड़क



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
जिले की सबसे प्रमुख सड़कों में शुमार खूंटी-सिमडेगा पथ के निर्माण की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लग रहे हैं। निर्माण के दौरान ही दर्जनों जगह सड़क टूटने लगी है। सड़क की गुणवत्ता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने रविवार को पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को फोन कर सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर ध्यान देने का निर्देश दिया है। ज्ञात हो कि लगभग 53 करोड़ की लागत से खूंटी से कोलेबिरा तक सड़क के मजबूतीकरण का कार्य किया जा रहा है, लेकिन अभी से ही सड़क टूट रही है। डांड़टोली से डोड़मा तक जगह-जगह सड़क टूट गई है। सड़क पर कई जगहों पर सिर्फ पत्थर के चिप्स ही नजर आते है। इसके कारण दो पहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे है। इस संबंध में पूछे जाने पर विभाग के कनीय अभियंता अमित कुमार ने कहा कि कभी-कभी अलकतरा के ढंडा होने से स्लिपेज हो जाता है। अधिक छाया पड़ने या बारिश होने पर भी निर्माण के दौरान भी सड़क टूट जाती है। लगभग पांच-सात साल पहले शिवालया नामक एजेंसी के जरिये खूंटी-सिमडेगा पथ का निर्माण कराया गया था।

## न्यूज | बॉक्स

### रेशम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए निदेशक ने विधायक संग की चर्चा



**रांची।** केंद्रीय रेशम बोर्ड केंद्रीय तसर अनुसंधान प्रशिक्षण संस्थान रांची के निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने कठीकुंड प्रखंड में तसर रेशम उद्योग की गतिविधियों को और बढ़ावा देने के लिए शिकारीपाड़ा विधायक आलोक सोरेन से विस्तृत चर्चा किया। इस चर्चा के दौरान ज्वायसी लैप्सी बेसरा, जिला पंचायत पंचायत अध्यक्ष ने तसर धगाकरण एवं वस्त्र निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में सामूहिक प्रयास करने की इच्छा व्यक्त किया। निदेशक डॉ चौधरी ने बताया कि काठीकुण्ड प्रखंड में तसर कोशों का लाखों की संख्या में उत्पादन होता है। अतः तसर धगकरण एवं वस्त्र निर्माण का यह उत्तम स्थान है जिससे लोगों को वर्ष पर्यन्त रोजगार मिले एवं आमदनी भी बढ़े। विधायक ने इस दिशा में सामूहिक प्रयास करने के प्रति संकल्प व्यक्त किया। संस्थान के वैज्ञानिक डॉ जयप्रकाश पांडेय ने भी इस चर्चा में सहभागिता किया।

### बुजुर्गों व विकलांगों को कमर बेल्ट और व्हीलचेयर दिया गया



**मांडर।** प्रखंड के सुरसा पंचायत भवन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 60 साल से अधिक उम्र के पुरुष और महिलाओं और शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के बीच कमर बेल्ट और व्हीलचेयर वितरित किया गया। यह आयोजन सेंटर फॉर एजुकेशनल एंड सोशल सर्विस के द्वारा कया गया था, जो समाज की देखभाल और भलाई के लिए काम कर रहा है। मुख्य अतिथि मोहम्मद इरफान ने समाज के सबसे कमजोर वर्गों की मदद की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, समाज का सच्चा विकास तभी संभव है जब हम अपने बुजुर्गों और शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों की भलाई के लिए काम करें।

यह पहल उन व्यक्तियों के लिए एक बड़ी राहत का कारण बनी, जो शारीरिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं और अपनी दैनिक गतिविधियों को सरल बनाने के लिए सहायता की आवश्यकता महसूस करते हैं। कार्यक्रम में स्थानीय समाजसेवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और समुदाय के अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने भी भाग लिया।

### एचडीएफसी बैंक ने वन-डे रेलवे शील्ड 2025 का किया आयोजन



**रांची।** एचडीएफसी बैंक ने दक्षिण पूर्व रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन के साथ मिलकर वन-डे रेलवे शील्ड 2025 का आयोजन किया। इस आयोजन में विभिन्न रेलवे की टीमों ने भाग लिया और एक दिन में कई रोमांचक मैच खेले गए।इस आयोजन के दौरान, एचडीएफसी बैंक ने रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए विभिन्न स्वास्थ्य और वित्तीय सेवाएं भी प्रदान कीं। इस अवसर पर रांची के डिवीजनल रेलवे मैनेजर जसमीत सिंह बिंद्रा ने बैंक को इस पहल और सभी रेलवे कर्मचारियों को एक छत के नीचे लाने के लिए एचडीएफसी बैंक को भी धन्यवाद दिया। एचडीएफसी बैंक, जोनल हेड - झारखंड कुमार अभिषेक ने समर्थन और सहयोग के लिए रेलवे को धन्यवाद दिया और साथ ही निकट भविष्य में इसी तरह के अभियान का वादा किया। इस कार्यक्रम के दौरान शाखा के सभी वरिष्ठ सदस्य विभिन्न कार्यक्षेत्रों के कर्मचारियों के साथ उपस्थित थे।

68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2024-25 का शानदार आगाज

# खेल हमारी संस्कृति और जीवन शैली का महत्वपूर्ण हिस्सा : मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2024-25 का रविवार को शानदार आगाज हुआ। शाम 4 बजे से रांची के मोरहाबादी स्थित भगवान बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में उद्घाटन समारोह की शुरूआत हुई। इस समारोह में मुख्य अतिथि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन और विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची विधायक सीपी सिंह मौजूद थे। समारोह की शुरूआत मशाल प्रज्वलन के साथ हुई, मशाल प्रज्वलन राष्ट्रीय एथलीट संजीव भारती, दीपक मुंडा, प्रज्वल एवं मनीष बेदिया ने किया। मौके पर मंत्री श्री रामदास सोरेन ने कहा कि खेल हमारी संस्कृति और जीवन शैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जीवन में किसी भी स्तर पर सफल होने के लिए आधार का मजबूत होना जरूरी होता है, इसमें स्कूली खेल प्रतियोगिताएं महत्वपूर्ण स्थान रखते हुए खिलाड़ियों को मंच प्रदान करती है। ऐसे आयोजन से खिलाड़ियों को विद्यालय स्तर से ही प्रोत्साहन मिलता है, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में देश के लिए बेहतर प्रदर्शन कर पाएं। उन्होंने कहा कि ओलिंपिक में भारतीय खिलाड़ियों का जिस तरह प्रदर्शन रहा, वह हम सब के लिए गर्व कि बात है। विशिष्ट अतिथि विधायक सीपी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में प्रयास कर रहे है।

### समारोह में संस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा

उदघाटन कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारतीय लोक कल्याण संस्थान, चुटिया के कलाकारों द्वारा पारंपरिक वाद्ययंत्रों के माध्यम से नागपुरी लोकनृत्य की प्रस्तुति दी गयी। इसके बाद कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कांके एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के कलाकारों ने 'नागपुर कर कोरा' और 'हुकुम देलन इंदर राजा, पानी बरसे से' गीत पर मनमोहक नृत्य पेश कर समा बांध दिया। रोहन देव पाठक द्वारा 'खेलेगा इंडिया' गीत की लाइव प्रस्तुतियों ने उदघाटन समारोह के दौरान खिलाड़ियों में जोश भर दिया। रांची के बहुबाजार स्थित सत. मिखाइल नेत्रहीन विद्यालय के बच्चो द्वारा बैंड की प्रस्तुति दी गयी। नेत्रहीन बच्चो ने 'देश मेरे तेरी शान पे सदके..₹ गीत गाकर सबको भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में राज्यस्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता की विजेता टीम कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, चक्रधरपुर की छात्राओं ने भी मनमोहक प्रस्तुति दी।

### सीपीआई(एम) का आठवां झारखंड राज्य सम्मेलन नौ से

**मुरी।** सीपीआई (एम) का आठवां राज्य सम्मेलन 9 से 11 जनवरी तक एटीसी नामकुम, रांची में होगा, जिसका रविवार को बैनर पोस्टर लेकर प्रचार प्रसार व विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही सम्मेलन को सफल बनाने के लिए लोगों से सहयोग की अपील भी किया। पार्टी कार्यकताओं ने कहा कि सीपीआई (एम) राज्य के जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने और एक बेहतर झारखंड के निर्माण के लिए हमेशा संघर्षरत रहेगा। इस सम्मेलन में वृंदा करात समेत कई वक्ता शामिल होंगे। मौके पर अरुण महतो, दीपक सोनार, जितेंद्र महतो, संतोष कुमार, रवि बेदिया, विजय सिंह मुंडा, चितरंजन महतो, अमर कुमार आदि मौजूद थे।

### वृद्ध जनों में निशुल्क सहायक सामग्री का किया गया वितरण

**मांडर ।** प्रखण्ड के सुरसा पंचायत भवन में भारत सरकार के राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत वृद्ध एवं जरूरतमंदों को सहायक सामग्री जैसे व्हील चेयर,वॉक स्टीक एवं कान का उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया गया। इस मौके पर करीब एक सौ बीस वरिष्ठ नागरिकों के बीच सहायक सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित उपप्रमुख अमानत अंसारी और विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक मौजूद थे। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत गरीब असहाय के लिए सराहनीय योजना है। जिसे काफी गरीबझबेसहारा लोगों को इसका लाभ मिला। मौके पर जिला अल्पसंख्यक ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष शमीम अख्तर, आबिद अंसारी द्वारा अपनी बातों को रखा गया। मौके पर सुरसा पंचायत की मुखिया फूलमनी मिंज,अफरोज अंसारी , नसीम अंसारी , फिरोज अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## भाजपा को लगा झटका, कई कार्यकर्ता झामुमो में हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड के कई भाजपा कार्यकताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। इससे लापुंग प्रखंड में भाजपा को झटका लगा है। रांची के सैंबो वाटर पार्क में झामुमो के पिकनिक कार्यक्रम के दौरान झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य सहित अन्य दिग्गज नेताओं की उपस्थिति में रांची के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना बडाईक के प्रयासों के बाद जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने भाजपा नेताओं को झामुमो का पट्टा ओढ़ाकर अपने पार्टी में शामिल कर लिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामने के बाद पूर्व भाजपा नेता इन्द्रजीत राय ने बताया कि लापुंग प्रखंड भाजपा कमिटी की कोई जमीनी पकड़ नहीं है। आम लोगों और खासकर किसानों युवाओं और महिलाओं के साथ उनका जुडाव़ नहीं होने के कारण भाजपा कार्यकर्ता अपने ही पार्टी में उपेक्षित महसूस कर रहे थे। झामुमो का दामन थामने वालों में भाजपा के इंद्रजीत राय, यशपाल साहु, संतोष साहु, कंचन दास, सुभाष राय, जितेन्द्र नाग, संजय साहु, पंकज लोहरा, अजय साहु, अजीत पाईक, कुंवरमणी देवी एवं आत्मानंद शाही सहित कई लोग शामिल हैं।

## ईएनटी डॉक्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की हुई घोषणा



**रांची ।** एसोसिएशन ऑफ ओटोलरींगोलॉजिस्ट ऑफ इंडिया (एओआई ) या ईएनटी डॉक्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की घोषणा की गई । इसमें अध्यक्ष डा बिनोद कुमार, निर्वाचित अध्यक्ष डा संदीप कुमार, सचिव डा अभिषेक रामाधीन, कोषाध्यक्ष डॉक्टर निभा, संयुक्त सचिव डा रुपेश कुमार घोषित किए गए।

## पत्नी ने पति को पीट-पीट कर की हत्या

**दुमका।** जिले के रानेश्वर प्रखंड के गोबिंदपुर पंचायत के बागजोबड़ा गांव के पत्नी ने पति को पीट-पीटकर हत्या कर दी हैं। मृतक की पहचान हेमलाल टुडू (35 )के रुप में की गयी है। मामले में रानेश्वर थान प्रभारी बलराम कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनो को सौप दिया गया है। बताया कि मृतक के भतीजा के लिखित बयान पर प्रथामिकी दर्ज किया गया है। भतीजा का आरोप है कि हेमलाल के पत्नी ने मारकर हत्या कर दिया है। हत्या कर महिला फरार हो गई है। आशंका जतायी जा रही है कि शराब के नशे में ऐसे कार्यो को अंजाम दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी पत्नी फरार है। पुलिस छापेमारी कर रही है बहुत जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

सुरेश मुंडा महिला -पुरुष फुटबॉल खेल प्रतियोगिता आयोजित

# प्रदेश के खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर रहे हैं : थाना प्रभारी

*फुटबॉल टूर्नामेंट में महिला वर्ग से अमलेसा की टीम ने सरना स्पोर्टिंग क्लब दलभंगा को एक गोल की बढ़त बनाते हुए प्रथम पुरस्कार हासिल किया*



**नवीन मेल संवाददाता। अड़की** रविवार को अड़की प्रखंड के बरुबेड़ा- राइकाड़ा मैदान में सैनिक जवान सुरेश मुंडा एकदिवसीय महिला -पुरुष फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में पुरुष एवं महिला वर्ग से 8 - 8 टीमों ने हिस्सा लिया। ग्रामीण क्षेत्र के इस फुटबॉल टूर्नामेंट में बड़ी संख्या में ग्रामीण देखने के लिए पहुंचे। टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग से फाइनल मैच में एलबी ब्रदर की टीम ने खेल के दौरान एक गोल की बढ़त बनाते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया जिन्हें 40001 रुपया देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले झोदीडीह एफसी को 30001 रुपया देकर पुरस्कृत किया गया। फुटबॉल टूर्नामेंट में महिला वर्ग से अमलेसा की टीम के द्वारा सरना स्पोर्टिंग क्लब दलभंगा को खेल के दौरान एक गोल की बढ़त बनाते हुए प्रथम पुरस्कार हासिल किया। जिन्हें कमेटी की ओर से 8000 रुपये नकद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली सरना स्पोर्टिंग क्लब को 5000 रुपये देकर पुरस्कृत किया गया । इसके अलावा पुरुष वर्ग के तीसरे और चौथे स्थान प्राप्त करने वाले टीमों को 5000 रुपये संत्वना पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि पुरुष वर्ग और महिला वर्ग दोनों ही खिलाड़ियों को देखकर के मन रोमांचित हो उठा है आज हमारे इस झारखंड प्रदेश के खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन कर रहे हैं चाहे वह सलीमा टेटे हो या निकी प्रधान हो जिन्होंने हमारे झारखंड प्रदेश से खेल कर ओलंपिक और राष्ट्रीय स्तर पर खेल कर अपना परचम लहराया है। उन्होंने आगे बताया कि हमारे इस क्षेत्र में अफीम की खेती से होने वाले नुकसान के बारे में उन्होंने विस्तार से जानकारी दिया।

## आरोग्य फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
एकल आरोग्य बंता संघ के सहयोग से आरोग्य फाउंडेशन आफ इंडिया की ओर से एकल आरोग्य प्रकल्प योजना के तहत सिल्ली प्रखंड के अडाल गांव के प्राथमिक विद्यालय परिसर में रविवार को एकदिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में आसपास के गांवों के लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसके अलावे स्वास्थ्य शिविर प्रखंड के करियाडीह एवं तुनकु में भी आयोजित किया गया। तीनों गांव में करीब तीन सौ लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई उनको निःशुल्क दवाइयां भी दी गई। तीनों गांव में मरीजों की जांच रिम्स से आए छह सीनियर चिकित्सकों की टीम के देख रेख में किया गया। इस टीम में डा मुकुल भाटिया, डा राजमोहन, डा भूपेश, डा दिवेश शामिल है. इनके सहयोग के लिए रिम्स से ही विभिन्न विभागों से तीस प्रशिक्षु चिकित्सकों के दल ने भी सहयोग किया इनमें से डॉ राजकुमार राय, डॉ जूही सिंह, डॉ रवि कुमार, डॉ विपिन कुमार, डॉ विवेक कुमार सहित तीस चिकित्सकों ने सहयोग किया। चिकित्सा शिविर का उद्घाटन आरोग्य संच समिति सिल्ली के अध्यक्ष राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंहदेव ने ओंकार ध्वनि सरस्वती मंत्र के साथ किया गया।

सरला बिरला विश्वविद्यालय में शतरंज प्रतियोगिता का समापन

# अभिषेक दास दोनों वर्गों के विजेता घोषित

**रैपिड वर्ग में 10 हजार रुपए नकद राशि एवं ब्लिट्ज वर्ग में 5 हजार रुपए नकद राशि से पुरस्कृत किया गया। साथ ही रैपिड वर्ग में दूसरे स्थान पर बोकरो के अंकित कुमार सिंह रहे।**




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सरला बिरला विश्वविद्यालय के तत्वाधान में चल रहे राज्य स्तरीय रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। तीन दिनों के खेल में कुल आठ चक्र का खेल रैपिड एवं ब्लिट्ज दोनों में खेला गया। 8 चरणों के खेल के समापन के बाद पूर्वी सिंहभूम के अभिषेक दास दोनों ही वर्गों में विजेता घोषित किए गए। जिन्हें रैपिड वर्ग में कुल 10 हजार रुपए नकद राशि एवं ब्लिट्ज वर्ग में 5 हजार रुपये नकद राशि से पुरस्कृत किया गया। साथ ही साथ रैपिड वर्ग में दूसरे स्थान पर बोकरो के अंकित कुमार सिंह रहे। तीसरा स्थान रांची के विभाष कुमार सिन्हा को प्राप्त हुआ। वहीं चौथे स्थान और पांचवे स्थान पर 6.5 अंक बनाकर पश्चिमी सिंहभूम के मनीष शर्मा एवं राजेश कुमार विजेता घोषित किए गए। दूसरी ओर ब्लिट्ज प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर पूर्वी सिंहभूम के देबांजन सिन्हा, तीसरे स्थान पर हजारीबाग के आभास और चौथे और पांचवें स्थान पर पूर्वी सिंहभूम के रोहित और देबांजन सासमल को विजेता घोषित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह मौजूद थे। सरायकेला खरसावां के अध्यक्ष मनोज कुमार साथ ही राज्य शतरंज संघ के सचिव मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार और कार्यक्रम के मुख्य निर्णायक दीपक कुमार मौजूद थे । पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन शुभांगी वर्मा द्वारा किया गया है।

## एक नजर

### गंधौनिया मेला में टुसू झांकी प्रतियोगिता कराने का लिया निर्णय

**गिद्दी।** कनकी गंधौनिया मेला में इस वर्ष टुसू झांकी प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया है। कनकी गंधौनिया मेला समिति की रविवार को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में मेला को सफल बनाने और मेला के दौरान भव्य टुसू झांकी निकाले जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही टुसू झांकी प्रतियोगिता करने और होने वाले झांकी को पुरस्कृत करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित मेला समिति के अध्यक्ष राजू महतो ने बताया मेला में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और मांडू विधायक तिवारी महतो के उपस्थित रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता राज कुमार राजू और संचालन धनराज यादव ने की।

### बंगाली समाज के लोगों ने वनभोज का किया आयोजन

**गिद्दी।** गिद्दी के बंगाली समाज के लोगों ने नए वर्ष पर रविवार को ऑफिसर कॉलोनी मोटर पंप हाउस के पास वनभोज का आयोजन किया। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ खेल आदि के कार्यक्रम किया गया। इस दौरान पारंपरिक तौर पर वृक्षों और देवनद दामोदर की पूजा अर्चना करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। साथ ही समय समय पर बच्चों की शिक्षा और समाज कल्याण के काम करने का भी निर्णय लिया गया। इसके बाद सभी ने वनभोज का आनंद लिया। वनभोज में काजल दत्ता, सजल यश, उदयशंकर, दिलीप दत्ता, काजल सेन, विष्णु मजुमदार, श्रीकांत मंडल, विनायक भट्टाचार्या, प्रशांत मंडल, रंजीत कोनार, सुदीप गांगुली, अरुप घोष, रीतिका, अनिता, राखी, रीता सहित समाज के लगभग 40 परिवार के सदस्य शामिल हुए।

### रेलीगढ़ा वासियों ने मुआवजा की मांग को लेकर किया सड़क जाम

**गिद्दी।** रेलीगढ़ा वासियों ने सड़क दुर्घटना में मृत छोटेलाल मुंडा के परिजन को मुआवजा देने की मांग को लेकर रविवार को रेलीगढ़ा पुल के पास गिद्दी-नईसराए सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम करने वाले छोटेलाल मुंडा को धक्का मार कर भागने वाले बाइक सवार की पहचान कर कानूनी कार्रवाई करने की भी मांग कर रहे थे। रेलीगढ़ा वासियों ने रविवार को सुबह आठ बजे से 11 बजे तक सड़क जाम किया। बाद में गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार और डाड़ी प्रखंड के बीडीओ सह सीओ कमलकांत वर्मा के सरकारी लाभ दिए जाने के लिए प्रक्रिया शुरू कराने के आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया। इस दौरान प्रशासन ने छोटेलाल मुंडा के दाह संस्कार के लिए 10 हजार नकद सहयोग किया।

# गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव को लेकर चौथे दिन निकाली गई प्रभातफेरी

*निशान साहब की सेवा जसकीरत सिंह सैनी, गुरजोत सिंह सैनी द्वारा नंगे पैर की गई*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** सिक्खों के 10 वें गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व मनाने के लिए रामगढ़ शहर में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है । कड़ाके की ठंड होने के बावजूद भी प्रभात फेरी के दौरान संगत के उत्साह में कमी नहीं आई। संगत प्रभात फेरी के दौरान 'अमृत गुर ते पाया, सास सस सिमरो गोविंद' जैसे शब्दों से माहौल को भक्तिमय बनाते चल रहे थे। निशान साहब की सेवा जसकीरत सिंह सैनी, गुरजोत सिंह सैनी द्वारा नंगे पैर की गई। चौथे दिन प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से शुरू होकर सुभाष चौक,फुटबॉल ग्राउंड, बिजुलिया टैगोर रोड से होकर गोरियारी बागी सरदार बलविंदर सिंह प्रिया स्वीट वाले के गृह पहुंची। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार मनदीप सिंह ने सरदार बलविंदर सिंह को सरोपा देकर सम्मानित किया। प्रभात फेरी में प्रधान परमदीप सिंह कालरा, अमरजीत सिंह सैनी, डॉ नरेंद्र सिंह सोनी, नरेंद्र सिंह चमन, रघुवीर सिंह छाबड़ा,रमिंदर सिंह गांधी, मनदीप सिंह, गुरदीप सिंह सैनी, कुलवंत सिंह मारवाह, तेजेंद्र सिंह सोनी, मशहूर गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा, इकबाल सिंह, बबल छाबड़ा, दलजीत सिंह किंगरा, यश छाबड़ा, रसप्रीत सिंह जग्गी, जिगर छाबड़ा, रौनक, कमल जस्सल, रणजीत सिंह, हरजीत सिंह, जसमीत कौर सोनी, रोमी छाबड़ा, गुरप्रीत कालरा उर्फ प्रीत, गुरबक्श कौर, सुमी जौली, सतविंदर कौर, रविंदर कौर पवार, कुदरत छाबड़ा, निक्की लांबा, मनप्रीत कौर सैनी, लवली लांबा, बलविंदर कौर छाबड़ा, बबली सोनी, सोमा जस्सल आदि शामिल हुए।

### हिंदू राष्ट्र संघ की बैठक हुई संपन्न

# हिन्दू राष्ट्र संघ हमेशा अपने सनातन धर्म की रक्षा के लिए खड़ा है : शशि



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** हिंदू राष्ट्र संघ के द्वारा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शशि भुषण केशरी के द्वारा किया गया,जिसमें निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आगामी मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर तिलकुट चूड़ा का कार्यक्रम पंच मंदिर हजारीबाग में 14 जनवरी दोपहर 3:00 बजे हिंदू राष्ट्र संघ के द्वारा किया जाएगा। 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर की पहली वर्षगांठ के शुभ अवसर पर श्री राम शोभा यात्रा निकाला जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष शशि भुषण केशरी ने जय श्री राम के उद्घोष के साथ श्री केसरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दू राष्ट्र संघ हमेशा अपने सनातन धर्म की रक्षा के लिए खड़ा रहा है। हम सब के लिए यह गर्व की बात है कि हम सब सनातन धर्म को मानने वाले है। हर छोटे - बड़े पर्व को धूम-धाम तथा सौहार्द पूर्वक मानते है। यह खुबसुरती है हमारे सनातन धर्म का। बैठक मे प्रदेश, जिला और नगर कमिटी के सभी पदाधिकारी और सदस्यगण उपस्थित हुए।

## न्यूज बॉक्स

### जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का किया गया वितरण



**दारू।** प्रखंड अंतर्गत इरगा पंचायत के ग्राम बड़वार में जरूरतमंदों महिला पुरुष असहाय मजदूर तबके के लोगों के बीच लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए इरगा पंचायत के समाजसेवी सह पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि महावीर कुमार यादव के द्वारा कंबल का वितरण किया गया। इस कड़ाके की ठंड में सरकार द्वारा दिए जानेवाले कंबल से गरीब लाभुकों को राहत मिलेगी। कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही सच्ची मानवता की सेवा है। वहीं महावीर कुमार यादव ने कहा कि जनता के हर सुख-दुख में सरकार साथ है। ठंड को देखते हुए पंचायत में लगातार कंबल का वितरण किया जा रहा है। आने वाले समय में और कंबल का वितरण किया जाएगा। लाभुकों को योजनाओं का लाभ देना ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इस मौके पर बीरेंद्र यादव, अप्पू यादव, विकाश कुमार, रामशरण राम, अजित कुमार यादव समेत काफी दर्जनों लोग मौजूद थे।

### 7 किमी क्रॉस कंट्री रेस में बैजनाथ ने पाई सफलता, बधाई



**बरही।** ग्रिजली बीएड महाविद्यालय में बीएड में अध्ययनरत सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन बरही के पूर्ववर्ती छात्र बैजनाथ महतो ने 7 किमी के क्रॉस कंट्री रेस में सफलता पाई है. यह रेस ग्रिजली विद्यालय में आयोजित की गई थी. जिसमे 20 से अभी अधिक प्रतिभागी शामिल हुए थे. उक्त जानकारी विजेता छात्र महतो ने स्वयं दी. उन्होंने बताया कि क्रॉस कंट्री रेस में मिली सफलता ने उनके मनोबल।को बढ़ाया है. इस सफलता के लिए उन्होंने अपने नियमित अभ्यास और शिक्षको के मार्गदर्शन को मुख्य श्रेय बताया है. इनके इस सफलता कर सॉफ्टेक के निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा, प्रबंधक रूमी कुमारी, लैब इंस्ट्रक्टर रोहित कुमार दास आदि सहित संजना कुमारी, शिवानी कुमारी, नूपुर कुमार, पूर्व वर्ती छात्र गणेश कुमार, भोला कुमार, सन्नू दास आदि सहित कई लोगो ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए बधाई दिया है. निदेशक श्री सिन्हा ने बताया कि बैजनाथ प्रारंभ से ही मेहनती और लगनशील रहा है. जो आज भी सेंटर के प्रत्येक कार्यक्रम में सक्रिय रहता है. केंद्र परिवार उन्हे इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई देती है.

### जीटी रोड कोनहरा में एनएचएआई के अधिकारियों ने रोड से हटाया अतिक्रमण



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के जीटी रोड कोनहरा में एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा रविवार शाम 4:30 बजे अतिक्रमण हटाया गया। एनएचएआई के अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमण होने से लेगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग रोड पर अपने सामानों को रखकर बेचना शुरू कर देते हैं। जमीनों का भी काफी अतिक्रमण कर चुके हैं। इसे लेकर अधिकारियों ने सख्ती से पेश आकर इस काम को अंजाम दिया है। वहीं लोगों को बरकट्ठा में दो दिनों का समय देते हुए कहा गया कि आप लोग अतिक्रमण हटाए, मंगलवार को पुनः अतिक्रमण हटाया जाएगा। मौके पर स्थानीय भाजपा नेता बिंदु सोनी ने कहा कि एनएचएआई के द्वारा बिना मुआवजा दिए हुए अतिक्रमण हटाया जा रहा है साथ ही साथ हम लोगों को कोई नोटिस भी नहीं मिला है । यदि हम लोगों को बिना मुआवजा दिए हुए अतिक्रमण हटाया जाएगा तो हम लोग आंदोलन करेंगे।

### मजदूरों की सेवा ही इंटक की पहचान है : महेश सिंह

**रामगढ़।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (राकोमयू) के सीसीएल रीजनल सेक्रेटरी कुमार महेश सिंह का रविवार को केदला वाशरी में भव्य स्वागत किया गया। मौके पर केदला वाशरी शाखा कार्यालय में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। लोगों ने मुख्य अतिथि सीसीएल के रीजनल सेक्रेटरी कुमार महेश सिंह को बूके देकर और माला पहनाकर स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए महेश सिंह ने कहा कि मजदूरों की सेवा ही ट्रेड यूनियन इंटक की पहचान है। इंटक का गठन कांग्रेस पार्टी ने किया है। कांग्रेस पार्टी ने भारत को विश्व में एक अलग पहचान दिलाया है। वहीं दूसरी ओर नरेंद्र मोदी सभी सरकारी सेक्टर को निजी हाथो में देने का षडयंत्र कर रहे हैं। यूनियन को हम श्रद्धा और सेवा भावना से करते हैं। अधिकारी कोई भी हो मजदूर का हितैसी नहीं हो सकता। इसलिए मान सम्मान से जिना है तो संगठन को मजबूत करें।

### सदर विधायक ने संजीवनी सेवा कुटीर सेवा का पहल शुरू किया

# हमारा उद्देश्य मरीज व उनके परिवारों को सहारा प्रदान करना



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद की पहल पर शुरू किया गया 'संजीवनी सेवा कुटीर' जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए दिन-रात कार्यरत हैं इस सेवा केंद्र के माध्यम से विधायक द्वारा समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए एक ऐसा मंच उपलब्ध कराया गया है, जहां पर मरीजों के परिजनों का तत्काल मदद पहुंचा जा रहा है। हजारीबाग सदर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को विभिन्न प्रकार की सहायता उपलब्ध कराना। अस्पताल से संबंधित समस्याओं को हल करना। प्रशासनिक मदद की आवश्यकता होने पर उचित मार्गदर्शन देना। 24 घंटे सेवा के माध्यम से संजीवनी सेवा कुटीर 24 घंटा कार्यरत हैं। यहां आने वाले हर व्यक्ति की समस्याओं को सुना जाता है और उनकी मदद के लिए टीम पूरी तरह से तैयार रहती है। प्रभावी संवाद और समाधान हेतु मरीजों और उनके परिजनों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्या को गहराई से समझा जाता है और त्वरित समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाता है। सामाजिक सहयोग हेतु मरीजों के परिजनों को केवल भौतिक सहायता ही नहीं, बल्कि भावनात्मक और मानसिक सहयोग भी दिया जाता है।

#### समाज के लिए एक नई पहल

*संजीवनी सेवा कुटीर एक ऐसी पहल है जो विधायक प्रदीप प्रसाद की समाज सेवा के प्रति समर्पण और उनकी दूरदर्शिता को दर्शाती है। यह सेवा केंद्र न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार करने में सहायक है, बल्कि यह जरूरतमंद लोगों को समय पर सहायता प्रदान कर उनके लिए एक नई आशा का संचार करता है। विधायक ने कहा कि यह पहल केवल एक सेवा केंद्र तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर व्यक्ति को एक जिम्मेदार नागरिक बनाने का प्रयास भी है। सेवा कुटीर को स्थानीय प्रशासन और समाजसेवी संगठनों का पूरा सहयोग मिल रहा है, जो इसे और अधिक प्रभावी बना रहा है।*

### 11 पंचायतों में ग्राम रोजगार सेवकों की संशोधित प्रतिनियुक्ति

**कटकमदाग / हजारीबाग।** प्रखंड के 11 पंचायतों में ग्राम रोजगार सेवकों को पूर्व आवंटित पंचायत को संशोधित कर प्रतिनियुक्ति की गई है। इस संदर्भ में बीडीओ ने आदेश पत्र जारी की है।जिसमें जनहित एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं के सफल व सुचारु रूप से क्रियान्वयन हेतु ग्राम रोजगार सेवकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। अडरा पंचायत में मोहम्मद फहीम अंसारी, बेस में राजीव कुमार, ढेंगुरा में सुधीर कुमार, कटकमदाग में सालेह खातून, खपरियावां में छोटू कुमार यादव, कुसुम्भा में कृष्ण कुमार, मसरातु में अभिषेक राज, नवादा में सुधीर कुमार, पसई में अभिषेक राज, सालगांव में विकास कुमार पांडेय व सुल्ताना में मोहम्मद फहीम अंसारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही जिला से प्रखंड में पदस्थापित किये गये कनीय अभियंता अरशद अहमद को निर्देश दिया गया कि अगले दो माह तक प्रखंड में पूर्व से पदस्थापित कनीय अभियंता मसी अरशद के साथ बने रहेंगे।

### दुलमी प्रखंड के सिरू नवा तालाब के समीप नया पानी मोटर स्थापित

# हर नागरिक को बुदियादी सुविधा उपलब्ध करना हमारी प्राथमिकता : विधायक

*हमारा प्रयास ग्रामीणों को असुविधा का सामना न करना पड़े : सुधीर मंगलेश*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** दुलमी प्रखंड के सिरू नवा तालाब के समीप पानी का मोटर खराब होने के कारण पिछले छह महीनों से ग्रामीणों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय विधायक ममता देवी के निर्देश पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने तुरंत पहल की। ग्रामीणों की सुविधा और पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नया पानी मोटर स्थापित कर दिया गया है। इस प्रयास से अब नियमित रूप से पानी की उपलब्धता होगी। स्थानीय विधायक ममता देवी ने कहा हमारी प्राथमिकता है कि हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों। इस दिशा में हमने त्वरित कदम उठाए हैं और आगे भी ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करते रहेंगे। दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा हमारा प्रयास है कि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए विधायक ममता देवी और बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश को धन्यवाद दिया और इस पहल की सराहना की। मौके पर उतम कुमार, विनोद कुमार, बबलू कुमार, करमू महतो, जयनारायण महतो, राजेश महतो, सचिन कुमार, शहदेव महतो, गिरिश महतो, मुनेश्वर महतो आदि आदि उपस्थित थे ।

### अंडर 16 के लिए प्रशिक्षण ट्रायल का आयोजन

# सही कागजात वाले को ही प्रशिक्षण में मिलेगी इंट्री : सचिव



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा 5 जनवरी को सुबह 9:00 बजे से छावनी फुटबॉल मैदान में रामगढ़ जिला अंडर-16 टीम के लिए खिलाड़ियों का प्रशिक्षण ट्रायल लिया गया। 35 पार्टिसिपेशन के बीच में प्रथम ट्रायल में 25 लड़कों का शार्ट लिस्ट किया गया है। जिनकी जन्मतिथि 01/09/2009 से 31/08/2011 के बीच की है वैसे ही खिलाड़ियों का ट्रायल लिया गया है। मुख्य सिलेक्टर एवं सह सचिव वीरेन्द्र प्रसाद पासवान, सेलेक्टर सह कोषाध्यक्ष सुरज प्रसाद, सेलेक्टर सह कोच व सदस्य महेंद्र प्रसाद राणा ने इन सभी को बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी साथ ही क्षेत्ररक्षण करवा कर प्रथम शॉर्ट लिस्ट किया। इनके लिए कैंप दो सप्ताह के बाद लगाया जाएगा। जिससे 14 सदस्यीय रामगढ़ जिला अंदर - 16 की टीम चुनी जाएगी। इस मौके पर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय ने सभी को लगातार प्रैक्टिस में रहने की हिदायत दी गई और कहा कि फर्जी कागजात से आप लोग क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे जिस किसी का भी पेपर गलत होगा वह टीम कैंप से बाहर हो जाएंगे।

### ठंढ के मौसम में फसलों की देखभाल करें कैसे

# सुबह राख का छिड़काव कर सुरक्षित किया जा सकता है फसल : कृषि वैज्ञानिक

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** शीतलहर का प्रकोप जारी है. ऐसे में किसान अपने फसलों की रक्षा कैसे करें. इस संबंध में भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र के विशेष कार्य अधिकारी कृषि वैज्ञानिक डॉ विशाल नाथ पांडेय ने देशी और वैज्ञानिक तरीको दोनो अपनाने की सलाह दी है. उनके अनुसार इस क्षेत्र में आलू, गेंहू, सरसों, चना या बीन्स की खेती अधिक होते है. इसे सुरक्षित रखने के लिए उन्होंने किसानों को कई महत्पूर्ण सलाह दिए है. जो इस प्रकार है :



**चना और सरसो के लिए सलाह :** चना कम सिंचाई वाली फसल है. इसमें झाड़ अर्थात शाखा अधिक आए इसके लिए चने में पिचिंग या ब्रूमिंग (ग्रामीण भाषा में खुटाई) करनी चाहिए. सरसों में फल लगने के समय माहूं (लाही) की संभावना रहती है. इससे बचने के लिए किसानों को मेटासिस्टॉक्स या डाईमिंथो-8 नामक दवा 0.5 मिली प्रति लीटर पानी में मिलाकर का छिड़काव करनी चाहिए. बदली अधिक होने पर माहूं की संभावना अधिक बनती है.

**अल्टरनेरिया (पाला) से बचने के उपाय :** डॉ पांडेय ने इसका बेहतर उपाय फसलों की सिंचाई और अलाव लगाकर धुआं करने की सलाह दिया है. साथ ही अलावा के राख को अहले सुबह ओंस वाली पत्तियों पर छिड़काव करने की बात कही है. इसके साथ ही डाईथेनियम-45 (माइंकोजैप) को 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में छिड़काव किया जाना चाहिए.

**फलदार और फूलदार पौधे की रक्षा कैसे करे :** उन्होंने बताया कि जाड़े के मौसम में पानी की कमी हो जाती है. ऐसे में नियमीत अंतराल पर सिंचाई करनी चाहिए. संभव हो तो एक वर्ष से ऊपर वाले फलदार पौधे के लिए तीन डंडों की मदद से झोपड़ी बनाकर टॉप पर पुआल रखकर, पौधों को ठंड से बचानी चाहिए. गेंदा, गुलदाऊदी, गुलाब आदि फुलदार पौधो के लिए भी उन्होंने नियमित सिंचाई की बात कही है.

### 19 जनवरी को चूड़ा दही कार्यक्रम का होगा आयोजन

# आमंत्रित होंगे प्रखंड के सभी चित्रांश : अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** एनएच डाक बंगला बरही में अखिल भारतीय कायस्थ्य महासभा उपसमिति बरही कार्यकारिणी की पहली बैठक संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता उपसमिति के अध्यक्ष अशोक बख्शी और संचालन जिला उपाध्यक्ष सह बरही अनुमंडल प्रभारी शैलेंद्र सिन्हा ने किया. बैठक में कार्यकारिणी के लगभग सभी पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए. बैठक की शुरूआत पदाधिकारियों व सदस्यो के परिचय से हुआ. जिसमें सर्वसम्मति से कायस्थ समाज की मजबूती और विस्तार पर चर्चा किया गया. साथ ही आगामी 19 जनवरी को चित्रगुप्त मंदिर प्रांगण में चूड़ा दही कार्यक्रम आयोजित करते हुए प्रखंड के सभी चित्रांशो को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया. बैठक का समापन महामंत्री संजय कुमार सिन्हा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ. बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष पूर्णेदु शेखर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत प्रकाश कटरियार, उपाध्यक्ष अनूप प्रधान व संजय कुमार सिन्हा गौरिया, कोषाध्यक्ष निखिल कुमार उर्फ विक्की, संयुक्त कोषाध्यक्ष अमर प्रधान, संयुक्त महामंत्री प्रवीण बख्शी, रविंद्र प्रसाद, आभाकाम जिला युवा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष सह उपसमिति बरही के मीडिया प्रभारी जयदीप कुमार सिन्हा व संस्कार बख्शी आदि मौजूद थे.

### पुलिस एसोसिएशन शाखा रामगढ़ का चुनाव हुआ संपन्न

# मंटु यादव अध्यक्ष व अनंत कुमार सिंह बने सचिव

*इस चुनाव में वरीय पदाधिकारी के रूप में पुनि अजय कुमार साहु, पुनि रजत कुमार, पुनि०गेजेन्द्र कुमार पाण्डेय, पुनि नवीन प्रकाश पाण्डेय की रही अहम भूमिका*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** केन्द्रीय कार्यालय, पुलिस एसोसिएशन, रांची का पत्रांक-244/ एसो0, 31.12.2024 के आलोक में 5 जनवरी को पुलिस केन्द्र रामगढ़ परिसर में पुलिस एसोसिएशन शाखा रामगढ़ का चुनाव केन्द्रीय कार्यालय द्वारा चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के देखरेख में निर्विवाद, शांतिपूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में 1. वाल्मीकी पाठक क्षेत्रीय मंत्री बोकारो 2. सुनील उरांव अध्यक्ष बोकारो 3. मनोज कुमार दास उपाध्यक्ष बोकारो 4. अनिल कुमार सिंह सचिव बोकारो 5. नौसाद अली संगठन सचिव बोकारो 6. भीन सेन प्रसाद कोषाध्यक्ष,बोकारो उपस्थित थे। इस चुनाव में पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से निर्विरोध चुना गया। जिनमें1. मन्टु यादव अध्यक्ष 2. सन्नी कच्छप उपाध्यक्ष, 3. अनंत कुमार सिंह सचिव, 4. परिक्षित कुमार महतो संयुक्त सचिव, 5. मो० शहनवाज खां कोषाध्यक्ष चुने गये। इस अवसर पर पुलिस एसोसिएशन शाखा, रामगढ़ के निर्वतमान पदाधिकारीगण 1. विपिन कुमार सिंह अध्यक्ष 2. भुतनाथ सिंह मुंडा उपाध्यक्ष 3. उमेश कुमार शर्मा सचिव 4. शम्भु दास संयुक्त सचिव 5. राजेश कुमार राय कोषाध्यक्ष 6. राजीव रंजन लाईन बाबु एवं अन्य पुलिस पदाधिकारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर वरीय पदाधिकारी के रूप में पुनि अजय कुमार साहु, पुनि रजत कुमार, पुनि०गेजेन्द्र कुमार पाण्डेय, पुनि नवीन प्रकाश पाण्डेय एवं पुनि कृष्णा कुमार उपस्थित थे।

# रतन वर्मा की कृतियां जीवन के झंझावातों से मुकाबला करने की ताकत देती है : विजय केशरी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हिंदी साहित्य को समर्पित प्रख्यात कथाकार रतन वर्मा की जिंदगी की कहानी भी एक संघर्षशील योद्धा से कम नहीं है। अपनी उम्र के 75 वें वर्ष में दस्तक देने के बावजूद उनका मन - मस्तिष्क आज भी एक नई कहानी के पात्रों की तलाश में लगा रहता है। हाथों की अंगुलियां जबाब दे दी हैं, लेकिन एक नवोदित रचनाकार की तरह ही उन्हें तल्लीन ही पाता हूं। एक साहित्यिक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि ' हर रचनाकार अपनी प्रत्येक रचना के साथ नवोदित होता है'। उन्होंने यह बात बिल्कुल अपने लंबे साहित्यिक तजुर्बे के आधार पर कहा था। मैं उन्हें उनकी हर एक नई कृति के साथ एक नवोदित कथाकार के रूप में पाता हूं। आज के साहित्यकारों को उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से बहुत कुछ सीखने, अनुकरण और आत्मसात करने की जरूरत है। उनकी एक से बढ़कर एक सैकड़ों कृतियां बीते चालीस - बियालीस वर्षों में अनगिनत पाठकों के दिलों - दिमाग में दस्तक दे चुकी हैं। इन तमाम उपलब्धियां के बावजूद उनका हर कृति के साथ नवोदित होना, उन्हें सबसे अलग करता है। साथ ही उनकी सहजता और विनम्रता को भी प्रदर्शित करता है। रतन वर्मा जितने अच्छे कहानीकार हैं, उतने ही पारंगत कवि भी हैं।

## उन्होंने पद्य पक्ष को छुपाकर क्यों रखा है? यह तो वही जाने

उनकी कविताएं जब कभी सोशल मीडिया पर नजर आ जाती हैं । उनकी कविताओं पर पाठकों की जबरदस्त सराहना भी मिलती रहती हैं। उनकी कविताएं बहुत ही सहजता और सरलता के साथ अपने भावों को कह गुजरती हैं। उनकी हर एक कविता एक नए अंदाज और नूतनता से ओतप्रोत होती हैं। यही कारण है कि उनकी समग्र रचनाएं देशभर में बहुत ही चाव के साथ पढ़ी और सराही जा रही हैं। 'घराना', 'हैप्पी क्रिसमस', 'मारियाृ, 'जूठन, 'वेतन का दिन, 'डाल से बिछड़ी सूरजमुखी', 'घोंचू', 'अपराजिता', 'मेरा सहयात्री', 'कबाब,' 'अंततः', 'हरिश्चंद्र का पुनर्जन्म'' 'सस्ती गली' 'गुलाबिया' 'दस्तक' आदि कहानियां सामाजिक यथार्थ के धागों से बुनी गई है। जिसमें दैहिक भूख, रिश्ते, बिछुड़न, संघर्ष, पराजय, अपराजय, पीड़ा और संघर्षरत लोगों के स्वर साफ सुनाई देते हैं। ये कहानियां परिवर्तन की मांग करती है, जो परिस्थितियों से मुकाबला कर आगे बढ़ना चाहती है। हर एक कहानी एक नई बात कहने के साथ जीवन संघर्ष से मुकाबला करने की ताकत प्रदान करती है । उनकी कलम कहानियां तक ही सीमित नहीं रही है बल्कि उन्होंने कई महत्वपूर्ण उपन्यासों के माध्यम से समाज को एक नई दिशा देने का भी काम किया है । वे अभी देश के पौराणिक पात्रों को लेकर उपन्यास लिख रहे हैं। 42 साल के लेखकीय जीवन में उन्हें राष्ट्रीय स्तर के कई महत्वपूर्ण पुरस्कारों से नवाजा गया है।

## खैनी नहीं देने पर गोली चलाने वाले नाबालिग सहित छह गिरफ्तार

**धनबाद।** महज एक चुटकी खैनी (तंबाकू) के लिए निर्दोष लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चलाने वाले अपराधी को धनबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इतना ही नही पुलिस ने हथियार के साथ उसके पूरे गिरोह को धरदबोचा है। पिछले दिनों 30 दिसंबर 2024 को केंदुआडीह थाना क्षेत्र स्थित गोधर पेट्रोल पंप के पास काली बस्ती मोड़ पर अज्ञात अपराधियों ने एक ट्रक में लूटपाट करने की नीयत से पहुंचे थे। इसी दौरान गिरोह में शामिल नाबालिग ने ड्राइवर से खैनी मांगी, लेकिन ड्राइवर ने खैनी नही दी। इसपर गुस्साए उक्त नाबालिग ने ट्रक ड्राइवर उमाशंकर सिंह और खलासी नीतीश कुमार को गोलीमार कर घायल कर दिया था। इस संबंध में रविवार को जानकारी देते हुए पुलिस उपाधीक्षक (लॉ एंड ऑडर) नौशाद आलम ने बताया कि मामले में अनुसंधान के क्रम में केंदुआडीह के ही रहने वाले गौतम भुइयां उर्फ भदुआ (19), राहुल मोदी उर्फ छैला (19), सरफुद्दीन अंसारी उर्फ छोटू (22), कल्लू पासी (19), सुजीत कुमार उर्फ सुकरा (26) और गोली चलाने वाले एक नाबालिग (निरुद्ध) एवं अन्य को गिरफ्तार किया गया है।

### झारखंड के खेल प्रेमियों के लिए खुशखबरी

## रांची ने आयोजित हॉकी इंडिया लीग दर्शकों के लिए नि:शुल्क

**12 से 26 जनवरी तक प्रत्येक दिन 06.00 बजे संध्या से होगी मैच**

**नवीन मेल संवाददाता**
**रांची।** झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड मिलने की खुशी में झारखंड के दर्शकों के लिए एक बड़ा तोहफा दिया जा रहा है। 12 जनवरी से 26 जनवरी 2025 तक झारखड़ की राजधानी रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी में हॉकी इंडिया लीग एचआईएल महिला और पुरुष का आयोजन किया जा रहा है,जिसमे महिला वर्ग में 04 और पुरुष वर्ग में 08 टीम भाग लेगी। इन विभिन्न टीमों में भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सह झारखंड की बेटी सलीमा टेटे,निक्की प्रधान,संगीता कुमारी,ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका सोरेंग,बिनिमा धान, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान खेल रत्न हरमनप्रीत सिंह सहित विश्व भर के सर्वश्रेष्ठ महिला पुरुष हॉकी खिलाड़ी अपना जलवा दिखलाएंगे। 12 जनवरी से प्रत्येक दिन संध्या 06.00 बजे से होगी मैच। इन सभी मैच पूर्ण रूपेण निशुल्क रहेगा, दर्शकों को मैच देखने के लिए किसी भी तरह का स्क्रेज, एसएमएस या टिकट की नही होगी आवश्यकता,दर्शक आकर स्टेडियम में प्रवेश कर मैच का आनंद ले सकते है।

### बीसीसीआई महिला अंडर-23 टी 20 क्रिकेट

## झारखंड व दिल्ली की आसान जीत

**रांची।** झारखंड और दिल्ली की महिला टीम ने बीसीसीआई महिला अंडर - 23 टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने-अपने मैच आसानी से जीत लिए। गुवाहाटी में खेले गए मैच में झारखंड ने मेघालय को 9 विकेट से आसानी से हरा दिया । मेघालय ने इस मैच में पहले खेलते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर केवल 47 रन बनाए । अंकिता ने 22 एवं रूबी क्षेत्री ने 13 रनों का योगदान किया। झारखंड की ओर से खुशबू और शिखा ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में झारखंड की टीम ने 8.4 ओवर में एक मात्र विकेट खोकर आवश्यक रन बना लिए। कोमल कुमारी ने चार चौके की मदद से 21 एवं कुमारी सविता ने चार चौके की मदद से 25 रन बनाए । मेघालय की ओर से एकमात्र विकेट एन राय ने लिया। जमशेदपुर के कीनन स्टेडियम में खेले गए मैच में दिल्ली ने आसानी से तमिलनाडु को सात विकेट से हरा दिया। इस मैच में तमिलनाडु ने पहले खेलते हुए निर्धारित बीस ओवर में कुल 76 रन बनाए। एम एस ऐश्वर्या ने 10 एवं केएस वामसी ने 16 रनों का योगदान किया।

## नाई समाज ने वनभोज में सामाजिक एकजुटता का लिया संकल्प



**गावां गिरिडीह।** गावां नाई समाज द्वारा सामाजिक वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर नाई समाज के वरिष्ठ अध्यक्ष प्रधुम्न शर्मा ने सामाजिक एकता पर बल देते हुए कहा कि एकजुटता ही हमारी ताकत है। इसे बरकरार रखने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। पिकनिक हम सभी को एकजुट होने का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ लेना चाहिए साथ ही अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने का प्रयास करें ताकि हमारे समाज का हर एक युवक अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सकें। इस दौरान सभी लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का भरपूर लुफ्त उठाया। मौके पर रामावतार ठाकुर, सतीश रंजन, संदीप शर्मा, संजय ठाकुर, भीम ठाकुर, अजित शर्मा, सूरज शर्मा, कपिल ठाकुर, अशोक ठाकुर, विकास शर्मा समेत नाई समाज के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## चिरुडीह में मायरा फैशन का पूर्व विधायक ने सामूहिक रूप किया उद्धघाटन



**बिरनी गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के चिरुडीह गांव में रविवार को 'मायरा फैशन' नामक कपड़ा और जूता-चप्पल की दुकान का सामूहिक रूप से उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह, उप प्रमुख शेखर सुमन, मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास, मुस्तकीम अंसारी, अली असगर, असगर अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी, मिनहाज अंसारी, हैदर अली, यूनुस अंसारी, समीद अंसारी, और सकुर अंसारी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। दुकान का उद्घाटन सामूहिक रूप से फीता काटकर किया गया। दुकान संचालक रियाज अंसारी ने बताया कि 'मायरा फैशन' में कपड़े और जूते-चप्पल उचित मूल्य पर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा, ग्राहकों को एक बार सेवा का मौका जरूर देना चाहिए। इस अवसर पर अब्बास अंसारी, कलीम अंसारी, असलम अंसारी, और अन्य दर्जनों ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## सीजीपीसी ने की गुरुपर्व पर स्कूलों में सार्वजानिक अवकाश की मांग की

**जमशेदपुर।** कोल्हान में सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी (सीजीपीसी) ने जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल से मिलकर दशम गुरु श्री गोबिंद सिंह महाराज जी के प्रकाश दिवस पर छह जनवरी को शहर के स्कूलों में सार्वजनिक अवकाश की मांग की. मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से नगर कीर्तन एवं सेंट्रल दीवान में शामिल होने का आग्रह किया. उपायुक्त ने कहा कि नगर कीर्तन के दिन वे अवकाश पर रहेंगे. लेकिन सेंट्रल दीवान में शामिल होने की हामी भरी. प्रतिनिधिमंडल में शामिल सरदार भगवान सिंह ने कहा कि यह खेदजनक है कि सिखों के दशम गुरु के प्रकाश पर्व पर सरकार की ओर से अवकाश घोषित नहीं किया गया है।

## बीसीसीएल आउटसोर्सिंग में

**धनबादः** जिले में बीसीसीएल के लोदना एरिया 10 के अलकडीहा ओपी क्षेत्र में संचालित एटी देव प्रभा आउटसोर्सिंग में हॉलपैक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है. मृतक की पहचान 45 वर्षीय बलदेव कुंभकार के रूप में की गई है. वह पास के ही बस्ती सुरूंगा कुम्हार टोला का रहने वाला था. कोयला चुनने के लिए वह आउटसोर्सिंग की परियोजना में घुसा था. इस दौरान वह होलपैक की चपेट में आ गया. जिस कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई. गुस्साए लोगों ने आउटसोर्सिंग का कार्य पूरी तरह से बाधित कर दिया है. मौके पर पुलिस और सीआईएसएफ की टीम पहुंची और लोगों को शांत कराने की कोशिश में जुटे हैं. स्थानीय प्रदीप महतो ने बताया कि मृतक बलदेव कुंभकार यहां के रैयत हैं. उसकी जमीन परियोजना विस्तारीकरण में गई है. जमीन जाने के बाद उसके पास जो रोजगार था वह छीन लिया गया. प्रदीप महतो ने बताया कि मृतक कोयला चुन कर अपना गुजारा कर रहा था.

### बिरनी प्रखंड में दो अलग-अलग स्थानों पर हुई आगजनी की घटनाएं

# एक महिला सहित 500 मुर्गी के चूजे जलकर हुए राख

**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी गिरिडीह**
बिरनी प्रखंड में दो अलग-अलग स्थानों पर आगजनी की घटनाएं हुईं। पहली घटना यह घटना खुरजीओ गांव में घटित हुई, जहां शनिवार रात्रि को एक पोल्ट्री फार्म में समाजविरोधी तत्वों ने आग लगा दी। इस आगजनी में पोल्ट्री फार्म में रखे लगभग 500 मुर्गी के चूजे जलकर राख हो गए। पीड़ित कैलाश प्रसाद वर्मा ने बताया कि आग की लपटें देखकर ग्रामीणों को इकट्ठा किया गया, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक हजारों की संपत्ति नष्ट हो चुकी थी। इसमें पोल्ट्री फार्म के अलावा बिजली के तार और लकड़ी भी जल गए। कैलाश प्रसाद वर्मा ने घटना को लेकर स्थानीय थाना में



समाजविरोधी तत्वों के खिलाफ आवेदन देने और कार्रवाई की मांग की बात कही है।दूसरी घटना यह घटना मनकडीहा गांव में हुई, जहां स्वर्गीय मंगर पंडित की 70 वर्षीय अर्धविक्षिप्त पत्नी नैमियाँ देवी घर में जलकर मृत्यु को प्राप्त हो गईं। ग्रामीणों ने बताया कि महिला शनिवार रात से ही घर के अंदर थीं और सुबह तक बाहर नहीं निकलीं। सूचना मिलने पर पुलिस पदाधिकारी संतोष दुबे और उप प्रमुख शेखर शरण दास मौके पर पहुंचे। दरवाजा तोड़कर देखा गया तो महिला का शव पूरी तरह जल चुका था। पुलिस ने मृतका की बहू टेकनी देवी, जो कोडरमा में रहती हैं, को सूचना दी। बहू के पहुंचने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## एनएचएआई ने चलाया सफाई अभियान, सहयोग की अपील



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
परियोजना निदेशक मुकेश कुमार पांडेय की निगरानी में एनएचएआई ने सफाई अभियान चलाया. इस दौरान बरही के चारो रोड में व्याप्त कूड़े को हटाया गया. इस दौरान श्री पांडेय ने लोगों ए बरही सहित राजमार्गो को साफ और स्वच्छ रखने की अपील किया. मौके पर विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, विहिप जिला कोषाध्यक्ष नंद किशोर कुमार आदि मौजूद थे. विहिप जिला सह मंत्री ने कहा कि बीते दिन विहिप ने एनएचएआई से बरही के प्रमुख मार्गो पर व्याप्त कूड़े को हटाने की मांग किया था, इस पर संज्ञान लेने के लिए वे सभी एनएचएआई के अभारी है.

### बरही हाउस में श्रद्धांजलि सभा आयोजित, याद किए गए पूर्व प्रधानमंत्री

# विकट स्थिति से भारत को उबारने का किया था काम : अरुण साहू

> पूर्व पीएम आरबीआई के गवर्नर जेनरल सहित कई महत्पूर्ण पदों पर रहकर देश को अपनी सेवा दी थी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
उज्जैन स्थित बरही हाउस में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के पूर्व बरही विस प्रत्याशी अरुण साहू सहित कई कांग्रेसी उपस्थित हुए. सभा की शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री को दो मिनट के मौन श्रद्धांजलि से की गई. तत्पश्चात मुख्यातिथि सहित उपस्थित लोगो ने डॉ सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और नमन किया. श्री साहू ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री सिर्फ नेट ही नहीं अपितु एक अच्छे अर्थशास्त्री थे. जिन्होंने आरबीआई के गवर्नर जेनरल सहित कई महत्पूर्ण पदों पर रहकर देश को अपनी सेवा दी थी. वित मंत्री के रूप उनकी महत्पूर्ण आर्थिक नीति ने देश को आर्थिक संकट से उबारने का काम किया था. उनकी मृत्यु देश के लिए अपूरणीय क्षति है. कार्यक्रम में कांग्रेस ओबीसी ज़िलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मानन वारसी, ज़िला ओबीसी महासचिव सुनील साहू, पद्मा प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता,गौतम चंद्रवंशी, बबलू साहू , प्रकाश विश्वकर्मा, प्रकाश दास, कुंदन कुमार, शम्भु मेहता, फि रदोस खान, राजेश सिंह, सन्तोष रजक, सोहन साव, प्रेम सिंह ,पंसस तैयब अंसारी, उमेश साव, पंसस मो यूसुफ, मो सगीर, पप्पू दास सहित कई कांग्रेसी मौजूद थे.

## रात 12 बजे के बाद शहर में निकले एसपी, बेवजह घूमते लोगों की हुई फजीहत

**गिरिडीह।** गिरिडीह एसपी डॉ बिमल कुमार ने अपराध नियंत्रण को लेकर सभी पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया है. गश्ती बढ़ाने के साथ ही संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने को कहा गया. इन निदेर्शों के बीच एसपी शनिवार की रात 12 बजे अचानक अपने बॉडीगार्ड के साथ शहर में निकल पड़े. शहर की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करने निकले एसपी सबसे पहले उन चेक पोस्ट पर पहुंचे, जहां वाहनों की जांच होती है. चेक पोस्ट पर तैनात जवानों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वाहनों की जांच करनी है. रात में दोपहिया वाहनों पर विशेष नजर रखनी है. एसपी रात में उन स्थानों दुकानों पर भी पहुंचे जो रात 12 बजे के बाद खुले हुए थे. इस दौरान जो दुकान या गुमटी खुले हुए मिले उसके संचालक से पूछताछ की गई. साफ कहा गया कि रात 10 बजे के बाद दुकान को हर हाल में बंद कर देना है.

## न्यूज | बॉक्स

### महिला ने लगाया जानलेवा हमला करने का आरोप



**गावां गिरिडीह।** गावां प्रखंड स्थित बगदेडीह निवासी अंजू देवी पति संजीत राणा ने गावां थाना में आवेदन देकर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाई है। महिला का कहना है कि मेरी बेटी घर के समीप चापाकल से पानी ले रही थी। उसी दौरान पुरानी बात को उठा कर मंजू देवी पति रामप्रसाद मिस्त्री मेरी बेटी के साथ गाली गलौज व मारपीट करने लगे। बेटी को बचाने के लिए जब वहां पहुची तो उसकी पुतहु सोनी देवी व सास मंजू देवी दोनो मिलकर माँ बेटी पर कोल्हाडी से मारकर घायल कर दिया। किसी तरह से भागकर हमलोगों ने अपना जान बचाया। घटना में मेरा माथा गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। मामले में कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है। वहीं दूसरे पक्ष की मंजू देवी ने भी थाना में आवेदन देकर गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाई है। थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि दोनों पक्षो के द्वारा मारपीट व गाली गलौज किए जाने का आवेदन प्राप्त हुआ है। जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी।

### 68वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता

### समन्वय के अभाव में पहले दिन कई इवेंट समय से नहीं शुरू हुए

**रांची।** 68वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम की ब्रांडिंग के लिए फ्लैक्स लगाने का काम शुक्रवार से हीचल रहा था। खेल के इक्विपमेंट के अभाव में रविवार को कई इवेंट देर से शुरू हुए। 12 बजे बालिका हैमर थ्रो का फाइनल होना था लेकिन ये इवेंट 2.45 बजे तक शुरू नहीं हो पाया। इवेंट 3 बजे के आसपास शुरू होनेवाला था कि मंत्री जी के आने की सूचना हो गई। मैदान पर मैट बिछा दिया गया कि मार्च पास्ट करनेवाली टीमें मैट पर खड़ी हो सकें। वार्मअप कर चुकी महिला खिलाड़ियों ने कड़ा प्रतिरोध जताया लेकिन आयोजकों ने इवेंट कराने की बजाय मंत्री जी के आतिथ्य को प्राथमिकता दी। खान-पान की व्यवस्था को लेकर आयोजन करा रहे तकनीकी पदाधिकारी भी परेशान रहे, खिलाड़ी व कोच तो पहले से ही परेशान रहे। ट्रैक इवेंट के लिए स्टार्टिंग ब्लॉक के साथ जो साउंड सिस्टम लगाया गया था वो काम नहीं कर रहा था। इसे लेकर 400 मीटर दौड़ में काफी परेशानी आई। 400 मीटर बालिका की तीसरी हीट में फायर के बाद दो खिलाड़ियों ने स्टार्टिंग ब्लॉक ही नहीं छोड़ा क्योंकि उन्हें स्टार्टिंग ब्लॉक से कोई साउंड ही नहीं मिला। दौड़ दोबारा करानी पड़ी। आयोजन के लिए बनी ज्यादातर समितियों के सदस्य अपने कार्यों को छोड़ अपने आकाओं की चाकरी में ज्यादा व्यस्त दिखे। यही कारण था कि समन्वय के अभाव में पहले दिन कई इवेंट समय पर स्टार्ट नहीं हो पाए।

# उत्कर्ष के शतक से झारखंड ने गोवा को 31 रनों से हराया



**विजय हजारे ट्रॉफी**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उत्कर्ष सिंह के शानदार शतक एवं कुमार कुशाग्र के अर्धशतक की बदौलत झारखंड ने विजय हजारे ट्रॉफी के तहत जयपुर में खेले गए एक मैच में गोवा को 31 रनों से हरा दिया। इस मैच में झारखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 320 रन बनाए। उत्कर्ष सिंह ने दो छक्के एवं सात चौके की मदद से शानदार 102 रनों की शतकीय पारी खेली, जबकि कुमार कुशाग्र ने एक छक्के एवं आठ चौके की मदद से 78, ईशान किशन ने दो छक्के एवं चार चौके की मदद से 48 एवं एआरडी भारद्वाज ने 21 रन बनाए । उत्कर्ष सिंह एवं कुमार कुशाग्र ने तीसरे विकेट के लिए 145 रनों की साझेदारी निभाई । गोवा की ओर से मोहित रेडकर, फेलिक्स अलेमर व बिजेश प्रभु देसाई ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में गोवा ने निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट पर 289 रन बनाए। गोवा की ओर से दर्शन मिशाल ने संघर्षपूर्ण पारी खेलते हुए नाबाद 151 रन बनाए और अपनी टीम को जीत दिलाने की भरपूर कोशिश की। मगर वह अपने इस मकसद में कामयाब नहीं हो सके। उसने आठ छक्के एवं 14 छक्के चौके लगाए। इसके अलावा मोहित रेडकर ने दो छक्के में सात चौके की मदद से 61 एवं कश्यप बाकले ने 22 रन बनाए । झारखंड की ओर से अनुकूल राय ने चार विकेट लिए जबकि वरुण एरोन को दो विकेट मिला। बालकृष्ण, मनीषी एवं विकास सिंह ने एक-एक विकेट लिया।

## इमा का सात दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर शुरू



**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तत्वाधान में सात दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर बहु बाजार बसर टोली स्थित इमा कराटे स्टूडियो में शुरू हुआ। शिविर के पहले दिन सभी खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक सह नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने एडवांस कुमिते और काता का प्रशिक्षण दिया जिसमें खिलाड़ियों को फाइट के दौरान स्कोर लेने के तरीके से खोला गए। साथ ही वर्ल्ड कराटे फेडरेशन के नियमों से खिलाड़ियों को अवगत कराया गया। शिहान सुनील किस्पोट्टा ने बताया कि आगामी आयोजित होने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के देखते हुए खिलाड़ियों की तैयारी शुरू कर दी गई है।

### स्वर्ण व्यवसाय और प्रशासन के बीच बैठक कर बनाई गई रणनीति

# पुलिस ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहती है : थाना प्रभारी

> पूर्व विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व भी चोरी की घटना में इजाफा हुआ था, उस समय ग्राम रक्षा दल का गठन करके चोरी की घटनाओं को रोकने का काम किया गया था



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय,गिरिडीह**
गांडेय थाना परिसर में रविवार को स्वर्ण व्यवसाई और पुलिस प्रशासन की एक बैठक की गई। बैठक में गांडेय बाजार में आए दिनों हो रहे चोरी की घटना को विराम लगाने पर रणनीति बनाई गई। उक्त बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित गांडेय विधानसभा के पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार ने कहा कि चोरी की घटनाओं को विराम लगाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक होना पड़ेगा। ग्रामीणों को रात 12 बजे से सुबह 3 बजे तक पहरा देने की आवश्यकता है। पूर्व विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व भी चोरी की घटना में इजाफा हुआ था, उस समय ग्राम रक्षा दल का गठन करके चोरी की घटनाओं को रोकने का काम किया गया था। बैठक में उपस्थित स्वर्ण व्यवसाईयों ने प्रशासन से गांडेय बाजार के मुख्य चार जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग की है। बैठक में उपस्थित गांडेय अंचल के पुलिस इंस्पेक्टर कमाल खान और गांडेय थाना प्रभारी आनंद प्रसाद सिंह ने कहा कि पुलिस ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहती है। सभी कोटि के व्यवसाई पुलिस प्रशासन का सहयोग करें । सभी व्यवसाई सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने दुकान में सीसीटीवी कैमरा जरुर लगाए साथ ही दुकान के दरवाजे पर पर सायरन बजने वाला यंत्र भी लगाए। बैठक में प्रदीप स्वर्णकार, अजय स्वर्णकार, शंकर स्वर्णकार, अशोक स्वर्णकार , भीम स्वर्णकार, कार्तिक स्वर्णकार, पंकज कुमार, विनय कुमार सहित गांडेय बाजार के लगभग 20 स्वर्ण व्यवसाई मौजूद थे।

सुप्रभात

मानसिक दैनंदिनी रखना अच्छी बात है। रात में सोने से पहले थोड़ी देर के लिये बैठो और उस दिन पर पुनर्विचार करो। देखो कि तुम क्या बनते जा रहे हो। क्या तुम अपने जीवन के प्रवाह से प्रसन्न हो? यदि नहीं, तो इसे बदल डालो। - **श्री श्री परमहंस योगानंद, 'परमहंस योगानंद के वचनामृत'**

## संपादकीय

# पाकिस्तान और तालिबान की दुश्मनी और भारत का फायदा

पाकिस्तान के हवाई हमले के जवाब में तालिबान की जवाबी कार्रवाई से दोनों देशों के बीच कटुता बढ़ी है। ऐसे में पाकिस्तान में तालिबान के समर्थन से चलने वाले आतंकी गुट कमजोर पड़ेंगे, जिनका वह भारत के खिलाफ इस्तेमाल करता रहा है। भारत को चाहिए कि चतुराई के साथ इस स्थिति का फायदा उठाए। डूरंड रेखा के पास हाल में तालिबान का पाकिस्तान पर जवाबी हमला और 19 जवानों की हत्या पाकिस्तान के जनजातीय क्षेत्र में बढ़ते आतंकवाद की ओर इशारा करता है। इन हमलों से पता चलता है कि इस्लामाबाद का उसकी सीमाओं पर से नियंत्रण कमजोर हो रहा है। साथ ही अफगानिस्तान से समर्थन प्राप्त तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) फिर से उभर रहा है। यह पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक पुनरुद्धार के प्रयासों के लिए गंभीर खतरा है। इससे पाकिस्तान की सेना पर दबाव पड़ेगा और मुल्क की नीतियों के खिलाफ लोगों में असंतोष भड़कने का खतरा है। इस क्षेत्रीय अस्थिरता से रूस की चिंता भी बढ़ी है, जो उसके रणनीतिक हितों को प्रभावित कर रही है। मध्य एशिया मास्को के लिए महत्वपूर्ण बफर जोन है, जो चरमपंथ के प्रसार के लिए संवेदनशील है। यदि पाकिस्तान आतंकवाद को नियंत्रित करने में विफल रहता है, तो इससे उसका रूस के साथ रक्षा सहयोग खतरे में पड़ सकता है। मास्को अस्थिर अफगानिस्तान और पाकिस्तान गठजोड़ को भी क्षेत्र में अमेरिका की घटती भागीदारी के बीच प्रभाव हासिल करने के अपने लक्ष्यों के लिए हानिकारक मानता है। इस अस्थिर स्थिति में सुरक्षा संकट को रोकने के लिए समन्वित प्रयासों की जरूरत है। संबंधित घटनाक्रम में, पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान पर किए गए हवाई हमले में हुई 46 लोगों की मौत से 2025 में भू-राजनैतिक गतिशीलता बदल सकती है, इसका दक्षिण एशिया की नीतियों पर भी असर पड़ेगा, क्योंकि इससे तालिबान शासन से खुले टकराव की स्थिति पैदा होगी, जिसने क्रूर जवाबी कार्रवाई की। विडंबना यह है कि पाकिस्तान, जिसे आतंकी समूहों का प्रशिक्षक और संरक्षक माना जाता है, अब अपनी ही सीमाओं के भीतरी आतंकवाद का खामियाजा भुगत रहा है और तेजी से अफगानिस्तान के साथ तनावपूर्ण संबंधों की ओर बढ़ रहा है। पाकिस्तान दशकों से कश्मीर घाटी में आतंकी नेटवर्क के जरिए छद्म युद्ध जारी रखे हुए है और अब उसने यही खेल तालिबान के साथ खेलना शुरू कर दिया है, जो उसे भविष्य में काफी महंगा पड़ेगा। दोहा समझौता अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी को सुगम बनाने के लिए किया गया था, ताकि अफगान सरकार और तालिबान के बीच शांति वार्ता के लिए माहौल बनाया जा सके। लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के तत्कालीन आईएसआई प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज अहमद की काबुल के एक होटल में जश्न मनाने की तस्वीर वायरल हुई थी, क्योंकि उन्होंने इस वार्ता में पाकिस्तान की मध्यस्थता को जीत के रूप में दर्शाया था। पाकिस्तान ने दुनिया को यह दिखाने की कोशिश की कि भारत को इस बातचीत से बाहर रखा गया और अफगानिस्तान भविष्य में उसका सबसे करीबी सहयोगी होगा। लेकिन तालिबान भारत के साथ नजदीकी बढ़ा रहा है। हाल ही में तालिबान शासन ने भारत में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है, जो अफगानिस्तान पर अधिकार जमाने के बाद कूटनीतिक नजरिए से यह प्रयास उसका महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य भारत के हितों के साथ जुड़ना और दोनों देशों के बीच संचार को बढ़ावा देना है। पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान के नागरिकों पर हमले ने सब कुछ बिगाड़ दिया, जिसके जवाब में तालिबान ने सबसे आक्रामक तरीके से पलटवार किया और दोनों मुल्कों के बीच तनाव और भी बढ़ गया है।

## गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती पर विशेष

# नई पीढ़ी को गुरु से प्रेरणा लेनी चाहिए



## आज की बात



संजय गोस्वामी

गुरू गोविन्द सिंह की जयंती 6 जनवरी, सोमवार के दिन गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती मनाई जा रही है संत श्री गुरु गोबिन्द सिंहजी से आज के व्यक्ति प्रेरणा लें क्योंकि आज सभी अपने अपने के स्वार्थ में लगे हैं और सिखों पर विदेश में नेता प्रतिपक्ष गलत बयान देते जो उनके जाने बगैर ही भ्रामकता आ जाती है हमें गुरु से सीखना चाहिए मैं गलत हो सकता हूँ पर गुरु नहीं जैसा सभी को मालूम है श्री गुरूगोबिंद सिंहजी भारत के महान संत और योद्धा दोनों थे वे सभी के प्रति दया के सागर थे क्योंकि जब चमकोर की लड़ाई में मात्र 40सिख वजीर खान के 10लाख सैनिकों से लड़ रहें थे तब गुरूजी ने पांच पांच की टुकड़ी बनाई और जब उनका पुत्र साहिब अजित सिंह दुश्मन से लड़ने जा रहें थे तभी एक सेवादार ने कहा कि गुरूजी ऐ आपका पुत्र है इसे ना भेजें तभी श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी ने कहा क्या आप सब मेरे अपने नहीं हो, गुरू गोबिंद सिंह सिक्खों के दसवें गुरु थे। वे एक महान्‌ शूरवीर और तेजस्वी थे। उन्होंने मुगलों के अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाई थी और सत श्री अकाल का नारा दिया था। उन्होंने कायरों को वीर और वीरों को सिंह बना दिया था। काल का अवतार बनकर उन्होंने शत्रुओं के छक्के छुड़ा दिए थे। इस तरह उन्होंने धर्म, जाति और राष्ट्र को नया जीवन दिया था। गुरु जी का जन्म-गुरु गोबिन्द सिंह जी का जन्म 22 दिसम्बर, सन 1666 ई० को पटना में हुआ। इनका बचपन का नाम गोबिन्द राय रखा गया। इनके पिता नौवें गुरु श्री तेरा बहादुर जी कुछ समय बाद पंजाब लौट आए थे। परन्तु यह अपनी माता गुजरी जी के साथ आठ साल तक पटना में ही रहे। तीव्र बुद्धि- गोबिन्द राय बचपन से ही स्वाभिमानी और शूरवीर थे। घुड़सवारी करना, हथियार चलाना, साथियों की दो टोलियां बनाकर युद्ध करना तथा शत्रु को जीतने के खेल खेलते थे। वे खेल में अपने साथियों का नेतृत्व करते थे। उनकी बुद्धि बहुत तेज थी। उन्होंने आसानी से हिन्दी, संस्कृत और फारसी भाषा का अच्छा ज्ञान प्राप्त कर लिया था। उन दिनों औरंगजेब के अत्याचार जोरों पर थे। वह तलवार के जोर से हिन्दुओं को मुसलमान बना रहा था। कश्मीर में भी हिन्दुओं को जबरदस्ती मुसलमान बनाया जा रहा था। भयभीत कश्मीरी ब्राह्मण गुरु तेग बहादुर जी के पास आए। उन्होंने गुरु जी से हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए प्रार्थना की। गुरु तेग बहादुर जी ने कहा कि इस समय किसी महापुरुष के बलिदान की आवश्यकता है। पास बैठे बालक गोबिन्द राय ने कहा-पिता जी, आप से बढ़कर महापुरुष और कौन हो सकता है। तब गुरु तेग बहादुर जी ने बलिदान देने का निश्चय कर लिया। वे हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए दिल्ली पहुँच गए और वहाँ धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दे दिया और गुरु तेग बहादुर जी को उनके शहीदी पर उन्हें हिन्द का चादर भी कहा जाता है क्योंकि वे कश्मिरी पंडीतों की रक्षा यानि हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए बलिदान दिया और उनके साथ दो अन्य शिष्यों ने भी बलिदान दिया जो सचमुच जुल्म के खिलाफ एक मिशाल कायम की। पिता जी की शहीदी के बाद धर्म की रक्षाके लिए गोबिन्द राय 11 नवम्बर, 1675 ई० को गुरु गद्दी पर बैठे। उन्होंने औरंगजेब के अत्याचारों के विरुद्ध आवाज उठाई और हिन्दू धर्म की रक्षा का बीड़ा उठाया। उन्होंने गुरु परम्परा को बदल दिया। अब वे मसन्दों और अपने सेवकों से राजाओं की साज-सज्जा और युद्ध के सामान भेंट में लेने लगे। वे अपने शिष्यों को सैनिक-शिक्षा देते थे। खालसा पंथ की स्थापना- सन 1699 में वैशाखी के दिन गुरु गोबिन्द राय जी ने आनन्दपुर साहिब में दरबार सजाया। भरी सभा में उन्होंने बलिदान के लिए पाँच सिरों की मांग की। गुरु की यह माँग सुनकर सारी सभा में सन्नाटा छा गया। फिर एक-एक करके पाँच व्यक्ति अपना बलिदान देने के लिए आगे आए। गुरु जी एक-एक करके उन्हें तम्बू में ले जाते रहे। इस प्रकार उन्होंने पाँच प्यारों का चुनाव किया। फिर उन्हें अमृत छकाया और स्वयं भी उनसे अमृत छका। इस तरह उन्होंने अन्याय और अत्याचार का विरोध करने के लिए खालसा पंथ की स्थापना की। उन्होंने अपना नाम गोबिंद राय से गोबिन्द सिंह रख लिया। पहाड़ी राजाओं से युद्ध- गुरु जी की बढ़ती हुई सैनिक शक्ति को देखकर कई पहाड़ी राजे उनके शत्रु बन गए। पाऊंटा दुर्ग के पास भंगानी के स्थान पर फतेह शाह ने गुरु जी पर आक्रमण कर दिया। सिक्ख बड़ी वीरता से लड़े। अन्त में गुरु जी विजयी रहे। नादौन का युद्ध- जम्मू के सूबेदार मियाँ खाँ ने अपने सेनापति आलिफ खां को पहाड़ी राजा भीमचन्द से कर (टैक्स) लेने के लिए भेजा, कर देने से इकार करने पर आलिफ खाँ ने भीमचन्द पर हमला कर दिया। गुरु जी भीमचन्द की सहायता के लिए पहुंचे। आलिफ खां युद्ध में मारा गया। इसे नादौन का युद्ध कहते हैं आनन्दपुर छोड़ना- औरंगजेब ने गुरु जी की शक्ति समाप्त करने का निश्चय किया। उन्हें लाहौर और सरहिन्द के सूबेदारों को गुरु जी पर आक्रमण करने का हुक्म दिया। पहाड़ी राजा मुगलों के साथ मिल गए, उन सबने कई महीनों तक आनन्दपुर को घेरे रखा। सिक्ख इस लड़ाई से तंग आ चुके थे। औरंगजेब ने गुरु जी को पत्र लिखा किइ वे दुर्ग छोड़ दुंए उन्हें कोई हानि नहीं पहुँचाई जाएगी। गुरु जी ने किला छोड़ दिया पर शत्रु सेना ने विश्वासघात किया। उसने गुरु जी पर आक्रमण कर दिया। गुरु जी को काफी हानि उठानी पड़ी। चमकौर का युद्ध 1704 में 21, 22, और 23 दिसम्बर को गुरु गोविंद सिंह और मुगलों की सेना के बीच पंजाब के चमकौर में लड़ा गया था। गुरु गोबिंद सिंह जी 20 दिसम्बर की रात आनंद पुर साहिब छोड़ कर 21 दिसम्बर की शाम को चमकौर पहुंचे थे, और उनके पीछे मुगलों की एक विशाल सेना जिसका नेतृत्व वजीर खां कर रहा था, भी 22 दिसम्बर की सुबह तक चमकौर पहुँच गयी थी। 23 दिसम्बर को गुरु गोविंद सिंह और मुगलों की सेना के बीच चमकौर में युद्ध लड़ा गया था वजीर खां गुरु गोबिंद सिंह को जीवित या मृत पकड़ना चाहता था।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## आपकी बात

# सेप्टिक टैंक में बस्तर जंक्शन



राकेश अचल

लिखते हुए हाथ कांपते नहीं हैं, दिल में सिहरन जरूर होती है, हमपेशा मुकेश चंद्राकर के बारे में सोचकर। 33 साल के मुकेश चंद्राकर बस्तर के रवीश कुमार थे, हालाँकि उन्हें कोई रमन मेग्सेसे पुरस्कार नहीं मिला था। उन्हें सच लिखने का ईनाम मिला, लेकिन मौत की शक्ल में। मुकेश चंद्राकर की हत्या कर उनका शव एक सेप्टिक टेंक में डाल दिया गया। लेकिन मुकेश की हत्या लाख कोशिशों के बाद भी छिपाई नहीं जा सकी, हाँ अब मुकेश के हत्यारे को बचाने की कवायद और राजनीति जरूर हो रही है। बस्तर में चंद्राकर ही चंद्राकर के कातिल हो सकते हैं, इसकी कल्पना करना आसान नहीं है, लेकिन ऐसा हुआ, क्योंकि सभी चंद्राकर एक जैसे नहीं होते। सभी चंद्राकर चंदूलाल चंद्राकर नहीं होते, सभी मुकेश चंद्राकर नहीं होते। मै चंदूलाल चंद्राकर को जानता था। वे अपने जमाने के एक शालीन पत्रकार थे और हिंदुस्तान जैसे अखबार के सम्पादक रहे। कांग्रेसी थे ,लेकिन जमीन से जुड़े थे, उनकी वजह से ही पृथक छत्तीसगढ़ की नीव पड़ी। इसी छत्तीसगढ़ में मुकेश चंद्राकर भी हुए। वे अपने सीमित साधनों से बस्तर में भय, भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ अलख जगाये हुए थे। मुकेश चंद्राकर 2025 की पहली रात से ही अपने घर से लापता थे। मुकेश ने स्वतंत्र पत्रकार के तौर पर एक नेशनल टीवी चैनल के लिए काम शुरू किया और साथ में ही वे यूट्यूब पर अपना चैनल बस्तर जंक्शन का संचालन भी करते थे। इस चैनल पर बस्तर की अंदरूनी खबरें प्रसारित होती थीं, इसीलिए ये चैनल लोकप्रिय.भी था। मुकेश केवल पत्रकार ही नहीं थे बल्कि एक सामाजिक कार्यकर्ता भी थे। वे उग्रवादियों में भी विश्वसनीय थे, ग्रामीणों में भी और पुलिस में भी, लेकिन वे अलोकप्रिय थे भ्रष्ट नेताओं में, अफसरों में। उनका यही रूप उनकी जान का दुश्मन बन गया। मुझे किसी ने बताया कि बस्तर में माओवादियों की ओर से अपहृत पुलिसकर्मियों या ग्रामीणों की रिहाई में मुकेश ने कई बार महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुकेश की हत्या का आरोप उनके ही सजातीय ठेकेदार सुरेश चंद्रकार पर है। वो कांग्रेस का नेता है, इसलिए भाजपा के लिए मुकेश की हत्या राजनीति का औजार बन गयी। मुकेश चंद्राकर के भाई की शिकायत के बाद से ही पुलिस की विशेष टीम बना कर जांच की जा रही थी शुक्रवार की शाम चट्टान पारा बस्ती में ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के परिसर में एक सेप्टिक टैंक से मुकेश चंद्राकर का शव बरामद किया गया। पुलिस का कहना है कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर के मोबाइल के अंतिम लोकेशन और फोन कॉल के आधार पर जांच चल रही थी। मुकेश की हत्या के पीछे कांग्रेस है या भाजपा, मै इस फेर में नहीं पड़ता। मुकेश चंद्राकर की हत्या के तमाम पहलुओं के बारे में लिखा जा चुका है, इसलिए मेरे पास इस विषय में आपको चौंकाने वाला कोई शिगूफा नहीं है, लेकिन मै इतना जानता हूं कि छत्तीसगढ़ में दो तरह के पत्रकार हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अलग बात

# क्यों वीर सावरकर के नाम पर कॉलेज खुलने से खफा है कांग्रेस?



डॉ0 आर.के. सिन्हा

वीर सावरकर के नाम पर दिल्ली यूनिवर्सिटी एक नया कॉलेज खोलने जा रही है। वीर सावरकर जैसे महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर कॉलेज खुलने से देश भर के नौजवान निश्चित रूप प्रेरित ही होंगे। इस बारे में किसी को किसी तरह का शक भी नहीं होना चाहिए। पर कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। कांग्रेस को वीर सावरकर के नाम से ही हमेशा ही चिढ़ रहा है। अब कांग्रेस को कौन बताए कि वीर सावरकर, जिनका पूरा नाम विनायक दामोदर सावरकर था, भारत के स्वाधीनता आंदोलन के एक ही अत्यंत महत्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। वे एक महान क्रांतिकारी, राष्ट्रवादी विचारक, लेखक और वकील थे। उनका जीवन और कार्य भारतीय इतिहास के एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी अध्याय का प्रतिनिधित्व करते हैं। काश, सावरकर के नाम पर खुलने वाले कॉलेज का विरोध करने वाले वीर सावरकर के बारे में अपने महान नेत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की ही राय को जान लेते। इंदिरा गांधी जब भारत की सूचना और प्रसारण मंत्री थीं तब उन्हीं के निर्देश पर वीर सावरकर पर केंद्रित डाक्यमेंट्री फिल्म उनके विभाग ने बनाई थी। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते हुए सावरकर की स्मृति में डाक टिकट भी जारी हुआ। श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपने निजी खाते से सावरकर स्मृति कोष के लिये 11 हजार रुपये का अंशदान भी किया था। श्रीमती इंदिरा गांधी ने 'सावरकर को रिमार्केबल सन ऑफ इंडिया' कहा था। इंदिरा गांधी ने 20 मई 1980 को पंडित बाखले, सचिव, 'स्वतंत्रवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक' के नाम से संबोधित चिट्ठी में सावरकर के योगदान का जिक्र किया था। इस पत्र में इंदिरा गांधी ने लिखा है, 'मुझे आपका पत्र 8 मई 1980 को मिला था। वीर सावरकर का ब्रिटिश सरकार के खिलाफ मजबूत प्रतिरोध हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के लिए काफी अहम है। मैं आपको देश के महान सपूत के शताब्दी समारोह के आयोजन के लिए बधाई देती हूं।' मशहूर लेखक वैभव पुरंदरे ने अपनी किताब 'द ट्रू स्टोरी ऑफ फादर ऑफ हिंदुत्व' में लिखा है कि इंदिरा गांधी का लिखा पत्र सत्य है। किताब में लिखा है कि इंदिरा गांधी ने 1966 में सावरकर के निधन पर गहरा शोक भी जताया था। इंदिरा गांधी ने सावरकर को महान क्रांतिकारी बताते हुए तारीफ की थी और एक बयान भी जारी किया था। इंदिरा गांधी ने कहा था कि सावरकर ने अपने कार्यों से पूरे देश को प्रेरित किया था। अफसोस कि कांग्रेसियों को सच जानने से कोई मतलब ही नहीं रहा। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

सम्पूर्ण संसार में विद्यमान आधुनिक अराजक स्थितियाँ नास्तिकतापूर्ण आदर्शों के अनुसार जीवन बिताने का परिणाम हैं। व्यक्तियों एवं राष्ट्रों को पूर्ण विनाश से सुरक्षित किया जा सकता है, यदि वे भाईचारे, औद्योगिक सहयोग और सांसारिक पदार्थों एवं अनुभवों के अन्तर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान के दिव्य आदर्शों पर आधारित जीवन जीयें।

# अनिश्चित संसार में सुरक्षा



श्री श्री परमहंस योगानंद

प्रकृति में जो विध्वंस करने वाले और जन-समूहों को क्षति पहुँचाने वाले आकस्मिक विनाश होते हैं, 'वे ईश्वर के कार्य' नहीं हैं। ऐसे विनाश मनुष्य के विचारों एवं कार्यों का परिणाम हैं। जब कभी संसार में अच्छाई एवं बुराई का स्पन्दनिक सन्तुलन, मनुष्य के गलत विचारों और कार्यों से हुए हानिकारक स्पन्दनों के संचय होने से बिगड़ जाता है, तो आप विनाश लीलाएँ देखेंगे। युद्ध भाग्यवश किसी दैवी कार्य द्वारा नहीं होते बल्कि व्यापक भौतिक स्वार्थ द्वारा होते हैं। अपने व्यक्तिगत, औद्योगिक, राजनीतिक एवं राष्ट्रीय स्वार्थों को समाप्त कर दें तो भविष्य में आपको और युद्धों का सामना नहीं करना पड़ेगा। सम्पूर्ण संसार में विद्यमान आधुनिक अराजक स्थितियाँ नास्तिकतापूर्ण आदर्शों के अनुसार जीवन बिताने का परिणाम हैं। व्यक्तियों एवं राष्ट्रों को पूर्ण विनाश से सुरक्षित किया जा सकता है, यदि वे भाईचारे, औद्योगिक सहयोग और सांसारिक पदार्थों एवं अनुभवों के अन्तर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान के दिव्य आदर्शों पर आधारित जीवन जीयें। मेरा विश्वास है कि एक समय आएगा जब और भी अधिक आपसी समझ से हमारी सभी विभाजक रेखाएँ मिट जाएँगी। हम सारी पृथ्वी को अपना देश कहेंगे; और हम न्याय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सभा की प्रक्रिया द्वारा स्वार्थरहित होकर, लोगों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार संसार की वस्तुओं का वितरण कर सकेंगे।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**झीने परदे धुंध के, झीने तान वितान।**
**धरा कुमारी को तकै, सूर्य अकेली जान।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## देश की बात

# क्या न जरूरी, न मजबूरी फिर भी नीतीश कुमार पड़ रहे भारी ?



केदारनाथ दास
बसिया।



नए साल की खुमारी के बीच बिहार की सियासी हलचल इन दिनों तेज हो गई है। इस हलचल के कारण कई ऐसे घटनाक्रम सामने आ रहे हैं जिनसे बिहार में सत्ता परिवर्तन की चर्चा जोर पकड़ने लगी थी । यह चर्चा इसलिए भी जोरों पर हैं क्योंकि बिहार में सियासत का समीकरण सेट करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर से नाराज बताए जा रहे हैं और दिल्ली से वापस आने के साथ ही उन्होंने कैमरों से दूरी बना ली है। जानकारों के अनुसार यह नीतीश का अपना स्टाईल है और अपनी नाराजगी जाहिर करने के लिए वे प्रायः ऐसा ही करते हैं ताकि उनके मन में चल रहे गुणा गणित का किसी को पता न चल सके। यह बखेड़ा गृहमंत्री अमित शाह के उस बयान से उस बयान के बाद उठ खड़ा हुआ है जिसमें उन्होंने बिहार के सीएम फेस का फैसला विधायक दल की बैठक में तय होने की बात कही थी। श्री शाह के इस बयान के बाद यहां बयानों एवं घटनाक्रमों की कड़ियों को जोड़कर एक कहानी बनती चली गई और मुख्यमंत्री की नाराजगी व उनके फिर से पलटी मारने की बातें सुर्खियों में आने लगी। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के ताजा बयान ने अब सुर्खियों में आ रहे इन अटकलों की आग में घी डालने का काम कर दिया है। यह सही है कि नीतीश कुमार को भारत रत्न और नोबल पुरस्कार देने की मांग सबसे पहले जेडीयू ने उठाई थी परन्तु मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर मचे इस घमासान के बीच केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का यह बयान अब मुख्यमंत्री समर्थकों को रास नहीं आ रहा है क्योंकि सरसरी तौर यह सद्भावना दिखाने वाला सामान्य सा यह बयान श्री सिंह जैसे एक मंजे हुए राजनेता की ओर से आया है। ऐसे में कयास यह लगाया जा रहा है कि गिरिराज सिंह की यह मांग कहीं न कहीं नीतीश कुमार के लिए ₹एग्जिट प्लान₹ या ₹विदाई₹ का एक संकेत है और बिहार के सीएम की कुर्सी का मोह त्याग कर भारत रत्न लेकर सम्मान के साथ राजनीति से सन्यास लेने की सलाह है। राजनीति में शब्दों के भी अपने मायनें होते हैं और कोई मंजा हुआ राजनेता यूं ही कुछ भी नहीं बोल देता। केन्द्रीय नेता अमित शाह और गिरिराज सिंह के उपरोक्त बयानों की मानें तो भाजपा ने प्रतीकात्मक अंदाज में ही सही नीतीश कुमार को बिना कुछ कहे एक मैसेज तो दे ही दिया है कि केंद्र की एनडीए सरकार के लिए न नीतीश कुमार जरूरी हैं और न कोई मजबूरी हैं क्योंकि उनका विकल्प ढूढ़ लिया गया है।महाराष्ट्र में लगभग ऐसी ही स्थिति में एकनाथ शिंदे कम सीटों के कारण उपमुख्यमंत्री बना दिए गए थे । बीते दिनों शरद पवार व प्रधानमंत्री श्री मोदी के मुलाकात के बाद यह चर्चा भी जोरों पर है कि विभाजित एनसीपी एक हो सकती है और शरद पवार की पार्टी भी सरकार में शामिल हो सकती है। बन रहे इस नये राजनैतिक समीकरण को नीतीश कुमार भी भलीभांति समझ रहे हैं और शायद यह बड़ा कारण है कि वे गत दिनों दिल्ली गए तो न जेपी नड्डा से मिले और न गृह मंत्री अमित शाह से उनकी भेंट हो सकी। इन सबके बीच बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के साथ राजद नेता तेजस्वी यादव की मुलाकात और इस मुलाकात के बाद महामहिम राज्यपाल के द्वारा खुद चलकर लालू प्रसाद यादव व राबड़ी देवी से उनके आवास में मुलाकात करने के भी राजनैतिक मायने निकाले जा रहे हैं। यह मुलाकात तब हुई है जब लालू यादव ने नीतीश कुमार को साफ-साफ संदेश दिया है कि यदि नीतीश कुमार आना चाहते हैं, तो उनके लिए दरवाजे खुले हैं। लालू यादव राजनीति के मंजे हुए खिलाड़ी हैं और उन्हें न केवल मौके की नजाकत को भांप लेने वाला नेता माना जाता है बल्कि इसके अनुरूप अपने फैसले लेने व उसपर अडिग रहने में माहिर शख्सियत भी माना जाता हैं। ऐसे में जब भाजपा और जेडीयू के बीच कुछ खटपट की खबरें छनकर बाहर आ रही हैं तो उनके लहजे में भी नीतीश कुमार को लेकर कुछ नर्मी नजर आने लगी है और यह यह नरमी बेफजूल नहीं है। इन सब बातों के बावजूद समाचार यह भी है कि पटना के तमाम सियासी घटनाक्रमों पर भाजपा की पैनी नजर है और इसे लेकर भाजपा आलाकमान चौकन्ना भी है। भाजपा की इस सक्रियता के कारण यह माना जा रहा है कि श्री कुमार अंततः भारी पड़ेंगे। ऐसा कयास इसलिए भी लगाया जा रहा है क्योंकि भाजपा के बड़े नेताओं के द्वारा जेडीयू के वरिष्ठ नेताओं से बातचीत शुरू करने की खबरें सामने आ रही हैं ताकि 2025 में नीतीश फिर से पलटी न मार सकें, न बिहार में सरकार पलटे और न लालू प्रसाद यादव के द्वारा नीतीश को दिया जा रहा न्यौता प्रभावी हो सके।हालांकि फिलहाल नीतीश कुमार के बहुचर्चित बयान से इसपर रोक लग गई है कि दो बार उधर जाने की गलती वे कर चुके हैं और अब कहीं नहीं जाएंगे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से वर्ष 2024 में 13.66 करोड़ रुपए की हुई वसूली

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** न्याय प्रशासन द्वारा लोगों को त्वरित एवं सुलभ दिलाने की कोशिश का लाभ आम जनों को मिलने लगा है। राष्ट्रीय लोक अदालत,लोक अदालत,विशेष लोक अदालत और स्थाई लोक अदालत के जरिए लोगों को न्याय दिलाया जा रहा है। बताया गया कि वर्ष 2024 में कुल चार राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया गया। इन चारों राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन के लिए कुल 156384 मामले रखे गए थे। जिसमें 155698 मामलों का निष्पादन आपसी समझौते के आधार पर किया गया। साथ ही 13 करोड़ 66 लाख45 हजार 556 रुपए पर समझौता किया गया। निष्पादित मामलों में प्री लिटेगेशन से जुड़े 155098 मामले और विभिन्न अदालतों में लंबित 613 मामले शामिल हैं। बताया गया कि झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन का लाभ लोगों ने उठाकर कोर्ट कचहरी और सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से निजात पाई। वर्ष 2024 में 9 मार्च,13 जुलाई,28 सितंबर और 14 दिसंबर को राष्ट्री लोक अदालत का आयोजन किया गया था।



## अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाने की रहती है कोशिश : सचिव

प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने कहा कि प्राधिकार के द्वारा वर्ष में चार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। प्राधिकार की कोशिश रहती है कि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि प्राधिकार विभिन्न विभागों के साथ आपसी समन्वय बनाकर लोगों को मदद पहुंचाने में अपना योगदान देता है। सचिव ने कहा कि सभी विभागों के प्रयास से इतनी अधिक संख्या में मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत में किया गया। उन्होंने कहा कि नए वर्ष में भी आयोजित होने वाले लोक अदालतों में अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाने की कोशिश की जाएगी।

## सभी विभागों के सहयोग से इतनी संख्या में हुआ मामलों का निष्पादन : अध्यक्ष

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि विभिन्न विभागों के सहयोग से राष्ट्रीय लोक अदालत में इतनी बड़ी संख्या में मामलों का निष्पादन किया जा सका। इसके लिए न्यायिक,प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत के विशेषताओं के बारे कहा कि इससे लोगों को निशुल्क व त्वरित न्याय मिल पाता है। साथ ही आपसी प्रेम कायम रहते हैं। इसमें दोनों पक्षों की जीत होती है। समय की भी बचत होती है। इसमें किए गए फैसलों की अपील उपरी अदालत में नहीं होती है।

## इस साल भी होगी चार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

बताया गया कि नालसा के द्वारा वर्ष 2025 में चार राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन की स्वीकृति दी गई है। पहली राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मार्च,दूसरी 10 मई,तीसरी 13 सितंबर और चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को आयोजित होगी।

## बैंक रिकवरी से जुड़े मामलों में 1 करोड़ 87 लाख रु में हुए समझौता

वर्ष में चार बार आयोजित हुए राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक रिकवरी से जुड़े 762 मामले,सुलह योग्य 459 आपराधिक मामले, बिजली विभाग से जुड़े 119,श्रम विभाग के 4,जमीन संबंधी 128,मोटर दुर्घटना के 8,चेक बाउंस से जुड़े 30 सहित विभिन्न विभागों के मामले निष्पादित किए गए। साथ ही राजस्व से जुड़े मामलों में दो करोड़ सात लाख रुपए पर समझौता किया गया।

# दिन में ग्रामीणों ने विरोध किया तो रात के अंधेरे में बना दी सड़क, गुणवत्ता पर उठ रहा सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**




**जलडेगा।** जलडेगा प्रखंड अंतर्गत लचरागढ़ पीडब्ल्यूडी रोड से पतिअम्बा (पेचापानी) तक कुल तीन किलोमीटर सड़क का विशेष मरम्मती कार्य से ग्रामीण नाखुश हैं। शनिवार सुबह सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एकजुट होकर सड़क मरम्मती कार्य का विरोध करने लगे, ग्रामीणों का कहना है कि पहले संवेदक योजना बोर्ड लगाए उसके बाद काम शुरू करे, यही नहीं ग्रामीणों ने सड़क को पूरी तरफ उखाड़ कर उसमें उसमें गिट्टी और डस्ट देने के बाद ही कालीकरण करने की मांग करने लगे। इस बीच ग्रामीणों को किसी तरह समझा बुझा कर वापस भेज दिया गया और जैसे ही रात हुआ संवेदक ने बिना कोई इंजीनियर की उपस्थिति में गाड़ियों की लाइट जलाकर गड्ढों में बिना मैरिटल भरे ही रात के अंधेरे में कालीकरण कर दिया।

## भारद्वाज टेक्नो इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कर रही है सड़क मरम्मती का काम



रात के अंधेरे में पिचिंग करने की सूचना स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मीडिया को दी गई। जिसके बाद मीडिया टीम को कालीकरण कार्य करवा रहे कंपनी के सुपरवाइजर राजेश यादव ने बताया कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल सिमडेगा द्वारा विशेष मरम्मती का कार्य भारद्वाज टेक्नो इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है। सुपरवाइजर ने बताया कि भारद्वाज टेक्नो इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड पहले काम कर लेती है उसके बाद योजना बोर्ड लगाती है।मामले पर कार्यपालक अभियंता राम नरेश शरण ने कहा कि वे खुद एक बार सड़क मरम्मती कार्य को देखेंगे। और रात में जहां तक सड़क मरम्मत किया गया है, पहले राउंड में वहां तक का पेमेंट को रोका जाएगा।

# स्कूल के रसोई का खिड़की दरवाजा हाथियों ने तोड़ मचाया उत्पात



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो प्रखंड प्रखंड में इन दोनों हाथों का आतंक जारी है हाथियों के झंडु लगातार घरों को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है ।वहीं घर में रखे अनाज को भी खाने से किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले एक सप्ताह मे आधा दर्जन से अधिक घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया घर में रखे अनाज को भी खा गया। लगभग 20-25 की संख्या में हाथियों के द्वारा विभिन्न गांव में रोजाना आतंक मचाया जा रहा है जिससे ग्रामीण काफी भयभीत हैं। हाथियों का झुंड चांदसाय एतवा समद के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया घर में रखे अनाज को भी खा गया, वही चांदसाय स्कूल के रसोई घर का खिड़की दरवाजा हाथियों ने तोड़ दिया और मध्यान भोजन के चावल को खा गया। विद्यालय के शिक्षक नमन कुमार बारला ने बताया कि विद्यालय में रखे लगभग 10 बोरा चावल को खा गया व कुछ को छतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी वन विभाग को दी है। वन विभाग की टीम ने घटना स्थल पहुंचकर क्षतिपूर्ति की जानकारी ली।

## टीबी के भारत अभियान के तहत रात्रि चौपाल का हुआ आयोजन

**बानो।** बानो प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बानो तेतर टोली में टीबी उन्मूलन भारत अभियान के तहत तेतर टोली चबूतरा में रात्रि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। डॉक्टर कमलेश उरांव ने कहा टीबी मरीज का चिन्हित कर इलाज किया जा रहा है। सुगर ,बीपी के मरीजों का निशुल्क जांच की जा रही हैं। अपना इलाज जरूर कराएं। जलडेगा चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर शुभम महतो ने कहा कि आज टीबी के उन्मूलन के लिए सरकार कई सुबिधायें दे रही है ।सिविल सर्जन सिमडेगा डॉ रामदेव पासवान ने कहा ये मत सोचे कि हम स्वस्थ हो सकते है। टी बी शराब ,तम्बाकू, सिगरेट का सेवन करता है उसे हो सकता है ।सरकार आपके स्वास्थ्य के बारे में चिंता करती है ।सदर अस्पताल में कई सुविधा है। साल में एक बार सुगर का जांच जरूर कराये ।आप सरकार की योजना का लाभ ले ।

# गुमला में शीतलहरी के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त, कड़ाके की ठंड ने लोगों परेसान

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** गुमला जिले में शीतलहरी का असर अब पूरी तरह से महसूस किया जा रहा है। जिले भर में बफीर्ली हवाओं के चलते पारा लगातार गिरता जा रहा है, जिससे लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो गया है। ठंड इतनी तेज हो गई है कि न सिर्फ बाहर काम करने वाले लोग, बल्कि घरों में रहने वाले भी इससे परेशान हैं। गुमला शहर और ग्रामीण इलाकों में तापमान में गिरावट आई है, जिससे लोगों को सर्दी की चपेट में आकर कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कड़ाके की ठंड के चलते सड़क पर यातायात भी धीमा हो गया है और सर्द हवाओं से निपटने के लिए लोग गर्म कपड़े और अलाव का सहारा ले रहे हैं। खासकर बच्चे और बुजुर्ग इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने ठंड के प्रभाव से बचाव के लिए जागरूकता अभियान भी शुरू किया है और लोगों को सर्दी से बचने के लिए उचित उपाय करने की सलाह दी है। डॉक्टरों का कहना है कि ठंड के मौसम में खासकर श्वसन तंत्र संबंधी बीमारियों के मामले बढ़ सकते हैं। इसके अलावा, ठंड में घरों के अंदर हीटर और गर्म कपड़ों का इस्तेमाल बढ़ने से बिजली की खपत में भी वृद्धि हुई है। गुमला के विभिन्न स्थानों पर हालात कुछ इस प्रकार के हैं कि लोग ठंड से बचने के लिए समय से पहले घरों में लौटने की कोशिश कर रहे हैं। बाजारों में भी सर्दी से बचाव के लिए ऊनी वस्त्रों की बिक्री बढ़ गई है। हालांकि, मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक और ठंड बढ़ने का अनुमान जताया है, जिससे लोगों को और भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय प्रशासन और सामाजिक संगठनों ने गरीब और असहाय लोगों के लिए अलाव जलाने और गर्म कपड़े वितरित करने की योजना बनाई है। वहीं, लोगों से भी अपील की गई है कि वे इस मौसम में अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें और ठंड से बचने के उपाय करें।

# न्यूज बॉक्स

## रौतिया सामाज की बानो में हुई बैठक

**बानो।** रौतिया सामाज की सामाजिक बैठक बानो प्रखंण्ड के बुरूहोंजेर जितिया टोली में की गयी। बैठक की अध्यक्षता विश्राम ने की। जिसमें मुख्य रूप से प्रंखण्ड अध्यक्ष बानो महेश सिंह उपस्थित थे। बैठक में सामाज की शिक्षा स्तर को मजबूत बनाना, सामाज की सुख- दखः में हर समय सहयोग करना, जमीन दलालों दृारा सामाज की अवैध तरीके से जमीन बेचने पर रोक, सामाज की समस्याओं को सामाज स्तर पर समाधान करने पर विचार की गयी ।जिसमें गांव के देवीनंन्द सिंह, हेमावती देवी,सुजीत सिंह, शिवशरण सिंह, परीबा देवी,सुरेश सिंह के आलावा अन्य रौतिया सदस्यों मौजूद थे।

## मकर संक्रांति की तैयारी को लेकर 7 जनवरी को होंगी बैठक



**बोलबा ।** बोलबा प्रखंड के अलिंगुड गाँव स्थित ओंकारेश्वर धाम में 14 जनवरी को मकर संक्रांति के मौक़े पर मेला का आयोजन किया जायेगा ।जिसकी तैयारी को लेकर संचालन समिति की एक बैठक अलिंगुड़ गाँव के चबूतरे पर. आगामी 7 जनवरी को पूर्वाह्न 11:00 बजे तय की गई है ।जिसमे क्षत्रिय समाज के सभी सदस्यों को बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया गया है ।जानकारी समाज के सदस्य मनदेव सिंह ने दी है।

## रिटायर कर्मी को कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर दी गई विदाई

**कोलेबिरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बीएओ स्टीफन राजेश्वर बेक एवं पंचायत सचिव आनंद साहू के रिटायर्ड होने पर दोनों अधिकारियों को विदाई दी गई। मौके पर बीडीओ बिरेंद्र किंडो ने अपने संबोधन में दोनों पदाधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके कार्यो की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी में सेवानिवृत्ति होना एक प्रक्रिया है उसी के तहत दोनों पदाधिकारी अपने कार्य से सेवा निवृत हुए है। मौके पर प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम, फैज अनवर, हृदयनाथ पांडे, राजीव रंजन, आशीष कुमार, पुनई उरांव, जगतपाल महतो, जितेंद्र पंडा, नितेश कुमार, गुरुचरण महतो सहित अन्य पदाधिकार और कर्मी उपस्थित थे।

## फांसी लगाकर 40 वर्षीय व्यक्ति ने की आत्महत्या

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के नवाटोली पंचायत के चटक टोली गांव निवासी 40 वर्षीय महेश सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रविवार के सुबह की है। बताया गया कि घटना के वक्त घर में परिवार का कोई भी सदस्य नहीं था। जब परिवार के सदस्य घर पहुंचे तो घर के अंदर महेश को फंदे में लटका हुआ पाया। परिजनों ने तत्काल उसे फंदे से उतार कर पीएचसी लेकर आए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के आलोक में पुलिस घटनास्थल पहुंच कर शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं पुलिस यूडी केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरु कर दी है।

## अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद बोलबा प्रखंड इकाई की हुई बैठक



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के पालेमुंडा गांव में अखिल भारतीय रौतिया समाज की बैठक प्रखंड किया गया। बैठक की अध्यक्षता रामजतन सिंह ने किया. बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड समिति की विस्तार किया गया। प्रखंड संयोजक जहूरन सिंह मालसाड़ा, प्रखंड उपाध्यक्ष मदन सिंह पालेमुंडा एवं केसरी सिंह मालसाड़ा को बनाया गया. मधुसूदन सिंह कादोपानी संरक्षक देवकुमार सिंह पालेमुंडा धीरनाथ सिंह मालसाड़ा संगठन मंत्री राम प्रसाद सिंह पीडियापोंछ प्रवक्ता दिलीप सिंह पालेमुंडा मिडिया प्रभारी जगरनाथ सिंह मालसाड़ा को चुना गया। समिति विस्तार के बाद प्रखंड वार्षिक सम्मेलन का समीक्षा के साथ आय व्यय प्रस्तुत किया गया ।बैठक में मुख्य रूप से घनश्याम सिंह संतोष सिंह मधुसूदन सिंह महेंद्र सिंह मनोज सिंह शंभू सिंह धीरनाथ सिंह के अलावा कादोपनी मालसाड़ा पीडियापोंछ पालेमुंडा बोलबा महिला पुरुष उपस्थित थे। अंत में प्रखंड सचिव पीतांबर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक को समापन किया गया।

## पंचायत भवन में पुलिस की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सिमडेगा।** कम्यूनिटि पुलिसिंग "मोर पुलिस मोय पुलिस" के तहत् ठेठईटांगर थाना अन्तर्गत बम्बलकेरा पंचायत भवन में रविवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आम जनों के समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया। कार्यक्रम में लोगों के द्वारा अपनी शिकायतों से संबंधित आवेदन समर्पित किया गया। कार्यक्रम में कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस मौके पर उपस्थित सब इंस्पेक्टर ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन राज्य के डीजीपी के निर्देश पर सिमडेगा एसपी की पहल सिमडेगा में की जा रही है। जहां पर अलग-अलग जगह पर जाकर पुलिस लोगों के बीच जाकर लोगों की समस्याओं को सुनने का काम कर रही है, ताकि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा सके ।उन्होंने कहा पुलिस लोगों के आपराधिक मामलों के साथ-साथ सामाजिक मामले का भी निपटारा करने का प्रयास कर रही है जिससे कि पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास बना रहे।

## प्रधान की पुण्य तिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के बेसराजरा ग्राम में संजीव प्रधान के पुण्य तिथि पर श्रधासुमन अर्पित किया गया बताते चले कि दिनांक 04 जनवरी 2022 को संजीव प्रधान कि निर्मम हत्या कर दी गई थी उनके पुण्य तिथी पर भोगता समाज के लोग एकत्रित होकर विधिवत उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर सरधासुमन अर्पित कर उन्हे याद किया गया और 1 मिनट का मोन धारण कर उनके आत्मा कि शांति के लिए प्रर्थना किया गया । मौके पर भोगता विकास संघ भंवरपहाड़गढ़ के अध्यक्ष घुनशी सिंह ,सचिव रुपधर सिंह ,महिला अध्यक्ष सरस्वती देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार ,रमेश सिंह, अर्जुन सिंह ,मोहन सिंह ,पारसनाथ सिंह ,अमबेश्वर सिंह, चंदन सिंह, डमरुधर सिंह, मनोज सिंह, सिंटु सिंह के अलावे भोगता समाज के सैंकड़ों लोग उपस्थित होकर श्रधासुमन अर्पित किया।

# सीटी बजा चला पढ़ेक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**केरसई।** कोंजोबा पंचायत में रविवार को सावित्रीबाई फुले जयंती सह सीटी बजा चला पढ़ेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पिरामल फ़ाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत हल्दी चंदन लगाकर किया गया। मौके पर सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित की गई। कार्यक्रम में बीडीओ ज्ञानमणि एक्का, सीओ देवकांत सिंह, थाना प्रभारी, कोंजोबा मुखिया मुंश खेस, संजय, पिरामल फ़ाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर अमित भगत, गांधी फेलो संचिता, आशीष कुमार आदि उपस्थित थे। बीडीओ ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर देता है। प्रशासन हमेशा उन्हें सहयोग देने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर भी जोर दिया। मौके पर हीराधर मांझी ने सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर जानकारी दी। मौके पर 36 वर्षों तक लगातार आंगनबाड़ी में निःशुल्क में सेवा दे रही सरिता देवी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर चटाई बुनाई, कपड़ा बुनाई, झाड़ू बिनने के कौशल से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई।

# लसिया जंगल में बड़े पैमाने पर चल रहा था जुए का काला कारोबार

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस ने जुआ के काले कारोबार के खिलाफ बड़ी करवाई करते हुए एक दर्जन जुआरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। सिमडेगा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कुल्लुकेरा लसिया जंगल में अवैध रूप से बड़े पैमाने पर जुआ का काला कारोबार चल रहा था। इसकी गुप्त सूचना सिमडेगा एसपी सौरभ को मिली। सूचना के आलोक में एसपी सिमडेगा ने एसडीपीओ बैजू उरांव के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित कर जुए के इस काले कारोबार पर प्रहार करवाए। पुलिस की टीम कुल्लुकेरा के लसिया जंगल में रेड मारी। जहां जुए का काला कारोबार चल रहा था। पुलिस ने मौके से जुआ खेल रहे एक दर्जन जुआरियों को धर दबोचा। हालांकि जुए के इस काले कारोबार का सरगना बजरंग प्रसाद सहित अन्य 30_40 लोग पुलिस को देखते हीं अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल में फरार हो गए। पुलिस को मौके से जुआरियों के 10300 रूपये, 29 बाइक, 06 साइकिल, एक जायलो एसयूवी और जुआ खेलवाने वाले सामान मिले। पुलिस सभी गाड़ियों और साइकिल को जब्त कर ली। पुलिस जुआ खेल रहे सभी एक दर्जन गिरफ्तार लोगों को जेल भेज दिया। साथ हीं जुआ के इस काले कारोबार के सरगना सहित फरार अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

# ब्राह्मण सेवा संघ ने मृतक के परिवार को सहायता राशि प्रदान कर दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत लरबा निवासी विश्वामित्र विश्वाल जी की कुछ दिनों पहले आकस्मिक मौत हो गई थी। घटना की सूचना प्राप्त होने के बाद उत्कलिय ब्राह्मण सेवा संघ के पदाधिकारि मृतक की तेरहवीं पर स्वर्गीय विश्वामित्र विश्वाल के घर कोलेबिरा पहुंचकर उनके परिजनों को 5100 रुपये की सहायता राशि सौंपा। संघ के केंद्रीय संरक्षक अख़िता नंद देवघरिया ने बताया कि संघ के किसी भी प्राथमिक सदस्य के निधन पर संघ में सहयोग प्रदान करने का प्रावधान रखा गया है। इस दौरान संघ के सिमडेगा जिला कोषाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी , जिला उपसचिव जितेंद्र पंडा, कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष दिलीप पंडा एवं उपाध्यक्ष धनंजय पंडा उपस्थित रहे वहीं संघ के द्वारा स्वर्गीय विश्वामित्र विश्वाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार को सांत्वना प्रदान किया गया।

# शौण्डिक सूंड़ी संघ का नगर भवन में हुआ वार्षिक सम्मेलन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा नगर भवन में रविवार को जिला शौण्डिक समाज सिमडेगा के द्वारा वार्षिक सम्मेलन सह विवाह परिचय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिमडेगा जिला के अलावे अन्य जिलों से समाज के हजारो लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के रायपुर से आए शौण्डिक समाज के अध्यक्ष शिव रतन प्रसाद सिमडेगा जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार व अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से किया। इस दौरान कश्यप ऋषि क तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। समाज के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा बुद्धि समाज के बुद्धिजीवी मंच के द्वारा कई वर्षों से पूर्व में समाज को संगठित करने का काम किया गया था ।उन्होंने समाज की कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लिया था। आज उनके बताए गये मार्ग पर चल कर शौण्डिक समाज एकजुट करने की पुरजोर कोशिश की जा रही है। आज समाज के लोग शिक्षा के पूर्व व्यवसाय तथा अधिवक्ता सहित सभी क्षेत्र में कार्य करते हुए सिमडेगा जिला का नाम रोशन कर रहा है ।हमे उनके जीवनी से सिख लेने की आवश्यकता है ।वही लोहरदगा जिला अध्यक्ष नंदकिशोर प्रसाद ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेटा की तरह ही बेटियों की भी परवरिश करें ।समाज में आपसी सहभागिता को बढ़ावा दिया जायेगा ।समाज के लोग एक- दूसरे को सहयोग करेंगे,साथ ही सामाजिक एकजुटता और बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए समाज के सभी लोगों से अपने बेटियों को पढ़ाने की अपील की गयी ।वहीं सामाजिक एकजुटता बनाये रखने तथा एक- दूसरे का सहयोग करने पर बल दिया गया ।वही अखिल भारतीय सौंडिक समाज के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता कहा इस तरह के आयोजन से सामाजिक उत्तरदायित्व, शौण्डिक युवाओं की दशा और दिशा, वर्तमान राजनीतिक परिपेक्ष्य में शौण्डिक समाज एवं वैवाहिक सहयोगिता के लिहाज से मील का पत्थर साबित होगा । संगठन से ही समाज का विकास होता है और एकजुट रहने पर ही उत्थान संभव है। एक जुट नहीं रहने पर सभी अधिकार पाना संभव नहीं है.उन्होंने कहा कि खुद को मजबूत बनाने के लिए योग्य बनना होगा तभी राजनीतिक, शैक्षणिक व अन्य अधिकारों की प्राप्ति संभव है। समाज के हर लोगों को एकदूसरे का सहयोग देना होगा तभी उद्देश्य की प्राप्ति संभव है ।साथ ही वैश्य मोर्चा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कि वर्तमान में हेमंत सोरेन की सरकार हर जगह ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की ढोल पीट रही है। वहीं सिमडेगा सहित राज्य के सात जिलों में ओबीसी की आबादी शून्य दिखाई गई है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि सभी समाज के लोगो को बेवकूफ बनाना बंद करें। वैश्य वर्ग संघर्ष समिति के वक्ताओं ने यह भी कहा कि ओबीसी को उनका हक मिलना चाहिए। संयुक्त रूप से दहेज प्रथा का विरोध किया कहा गया कि समाज के लोग अब शादी में न तो दहेज लेंगे और न ही किसी को दहेज देंगे। साथ ही शादी-ब्याह में दहेज मांगने वालों को सामाजिक स्तर पर इस कुरीतियों को अंत करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा साथ ही हमारे में वैवाहिक योगदान का रजिस्ट्रेशन कराया गया।



## बेहतर कार्य करने वाले समाज लोग हुए सम्मानित

शिक्षा, स्वास्थ्य, समाजसेवा समेत विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले शौण्डिक समाज के लोगों को सम्मानित किया गया समाज की ओर से इन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के में नगर कमेटी अध्यक्ष हितेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष गोपिकान्त ,चंद्रमोहन, सचिव सुरजीत प्रसाद,उपसचिव राहुल कुमार,राहुल प्रसाद,कोषाध्यक्ष नीलेश प्रसाद,वही जिला समिति के जिला अध्यक्ष अरविंद प्रसाद अलावा उपाध्यक्ष हालदार प्रसाद सचिव अमित रजंन,महासचिव अनूप प्रसाद,कोषाध्यक्ष कुलदीप प्रसाद,उप कोषाध्यक्ष शशि प्रसाद विकास साहू सहित समाज के सभी लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# तीर्थयात्रियों के लिए योगी सरकार ने जारी किया है वीडियो मैप




**आरपी सिंह**

**प्रयागराज।** हर 12 साल के अंतराल पर भारत में चार (प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन व नासिक) में से एक तीर्थ स्थल पर महाकुंभ का आयोजन होता है। इस बार का महाकुंभ प्रयागराज में है। यहां 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलने वाले महाकुंभ को लेकर योगी सरकार ने वीडियो मैप जारी किया है, ताकि महाकुंभ में आने वाले लोगों को परेशानी न हो। यह महाकुंभ 2025 के 'एक्स' हैंडल पर साझा की गई है।

कुंभ मेले को पांच जगहों में बांटा गया है, जिसमें झूंसी, तेलीयरगंज, संगम, परेड ग्राउंड व अरैल शामिल हैं। इसमें भी इन इलाकों को सेक्टर में बांटा गया है। इसमें 25 सेक्टर हैं। इन सेक्टरों को जोड़ने के लिए पुल भी हैं, जिनकी संख्या 13 है। मैप में मुख्य मार्गों की जानकारी दी गई है। कौन सा रास्ता कहां से कहां जा रहा है और किस रास्ते पर कौन सा धार्मिक स्थल होगा। मालूम हो कि महाकुंभ का आयोजन भारत के चार पवित्र स्थानों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन व नासिक में हर 12 साल के अंतराल पर होता है। यह विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक व सांस्कृतिक आयोजन है। वर्ष 2025 में प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। इसमें लाखों श्रद्धालु गंगा, यमुना व अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम में स्नान करेंगे। इसे लेकर सरकार ने व्यापक तैयारियां शुरू की हैं। इसमें अत्याधुनिक तकनीक, सुरक्षा और सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं के लिए यह अनुभव सहज और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध हो। संगम नगरी प्रयागराज में कुंभ मेले का आयोजन हो रहा है। वैसे तो हर साल प्रयागराज में माघ मेला लगता है, लेकिन अर्ध कुंभ व महाकुंभ मेला विशेष धार्मिक महत्व रखता है। इसके पहले वर्ष 2013 में प्रयागराज में महाकुंभ मेला लगा था। वर्ष 2019 में प्रयागराज में भव्य अर्धकुंभ का आयोजन हुआ था। हिंदू तिथि के अनुसार, हर 12 साल में पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व के साथ महाकुंभ की शुरुआत होती है और महाशिवरात्रि पर खत्म होता है। कुंभ की भव्यता व मान्यता का अनुमान इस बात से लगा सकते हैं कि कुंभ में स्नान करने के लिए लाखों-करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। इस वर्ष 13 जनवरी 2025 को महाकुंभ की शुरुआत होगी, जिसका समापन 26 फरवरी 2025, महाशिवरात्रि को होगा। महाकुंभ 45 दिन तक चलता है। लेकिन, उसके 15 दिन बाद तक भी तीर्थयात्री स्नान-ध्यान करने आते रहते हैं।

## महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में लगेगी हवाई जहाजों की लाइन

**आरपी सिंह**

प्रयागराज। महाकुंभ मेले में बहुत से उद्योगपति, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, नेता, फिल्म वाले प्राइवेट विमान से आएंगे। देश के शहरों के बहुत से तीर्थयात्री भी महाकुंभ स्नान के लिए विमानन कंपनियों के जहाज से पहुंचेंगे। इसके चलते 13 जनवरी से 28 फरवरी तक प्रयागराज का हवाई अड्डा बहुत ही सुरक्षा, चाक-चौबंद व व्यस्तता वाला हो जाएगा।

हालत यह है कि यहां आने के लिए विमानन कंपनियों ने अब तक 55 विमानों का शेड्यूल जारी कर दिया हैं, जो एक सप्ताह में ही कई गुने होने की संभावना है। वैसे तो पहली बार महाकुंभ के दौरान एयरपोर्ट से चार कंपनियों - अकासा, इंडिगो, स्पाइस जेट एवं एलाइंस एयर के विमानों का संचालन होगा। एयर इंडिया एक्सप्रेस भी कुछ शहरों के लिए सीधी उड़ान का कार्यक्रम जारी करने की तैयारी में है। विमानन कंपनी एलायंस एयर ने प्रयागराज से इंदौर व जयपुर के लिए सीधी उड़ान का शेड्यूल जारी किया है। एलायंस एयर की जयपुर की उड़ान 10 जनवरी और इंदौर की उड़ान 11 जनवरी से शुरू होगी। ये दोनों विमान सप्ताह में एक दिन यहां से उड़ान भरेंगे। जयपुर से हर शुक्रवार शाम पांच बजे उड़ान भरकर विमान शाम 6:50 बजे यहां आएगा। इसी तरह, प्रयागराज से यह विमान हर रविवार शाम 6:45 बजे उड़ान भरेगा, जो रात 8:35 बजे जयपुर पहुंचेगा। वहीं, इंदौर-प्रयागराज विमान हर शनिवार इंदौर से रात 8:05 बजे उड़ान भरेगा, जो रात 10:05 बजे प्रयागराज एयरपोर्ट पर लैंड करेगा। इसी तरह, प्रयागराज से प्रत्येक सोमवार इंदौर की उड़ान शाम 7:40 बजे रवाना होगी, जो रात 9:40 बजे वहां पहुंच जाएगी। लेकिन, महाकुंभ के दौरान सबसे ज्यादा विमानों का दिल्ली व मुंबई के लिए शेड्यूल जारी होने की संभावना है। दिल्ली के लिए एक दिन में छह-छह उड़ान रवाना होगी। पुणे, विशाखापट्टनम समेत दस शहरों के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट की भी सुविधा रहेगी।

### महाकुंभ के लिए सीधी उड़ान

- एलायंस एयर - दिल्ली, बिलासपुर, जयपुर, इंदौर, भुवनेश्वर, गुवाहाटी, देहरादून, चंडीगढ़ और कोलकाता।
- इंडिगो - दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, रायपुर, भुवनेश्वर, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता और अहमदाबाद।
- स्पाइस जेट - जयपुर, दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद और बेंगलूरु।
- अकासा एयर - मुंबई और दिल्ली।




## महाकुंभ में स्नान पर्व पर श्रद्धालु चार स्थान से मेला क्षेत्र में करेंगे प्रवेश

**नवीन मेल संवाददाता प्रयागराज।** महाकुंभ में मुख्य स्नान पर्व पर मेला क्षेत्र में चार स्थान से प्रवेश देने की व्यवस्था की गई है। इनमें जीटी जवाहर, हर्षवर्धन तिराहा, बांगड़ चौराहा व काली मार्ग-2 शामिल हैं। मेले के अंदर आने के बाद श्रद्धालु काली सड़क होकर काली रैंप से अपर संगम मार्ग होकर संगम जा सकेंगे। वापसी त्रिवेणी मार्ग से होगी। श्रद्धालुओं को वापसी के दौरान भी किसी तरह की समस्या न हो और वे अपने गंतव्य तक आसानी से पहुंच जाएं, इसका यातायात योजना तैयार करते समय ध्यान रखा गया है। इसलिए अलग-अलग दिशाओं से होकर जाने के लिए अलग-अलग योजना बनाई गई हैं। प्रयागराज जंक्शन या चौक की ओर जाने वाले त्रिवेणी मार्ग से फोर्ट रोड तिराहा, नए यमुना ब्रिज के नीचे से एडीसी तिराहा होकर गंतव्य की ओर जाएंगे। इसी तरह, सिविल लाइंस की ओर जाने वाले फोर्ट रोड तिराहे से फोर्ट रोड होते हुए हर्षवर्धन तिराहे से होकर एमजी मार्ग होते हुए जाएंगे। अल्लापुर, दारागंज की ओर जाने वाले पाइप ब्रिज से होकर भेजे जाएंगे।

## यूपी में दो आईपीएस अधिकारियों का तबादला डीआईजी वैभव कृष्ण को प्रयागराज की जिम्मेदारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने दो वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। 2010 बैच के आईपीएस सुनील कुमार सिंह को आजमगढ़ का नया डीआईजी बनाया गया है। वहीं, आजमगढ़ के डीआईजी वैभव कृष्ण को महाकुंभ मेला प्रयागराज की अहम जिम्मेदारी दी गई है। महाकुंभ मेला के आयोजन के लिए सुरक्षा और प्रबंधन की दृष्टि से वैभव कृष्ण की नियुक्ति को अहम माना जा रहा है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# पीएम ने 'नमो भारत' कॉरिडोर के दिल्ली रूट का किया उद्घाटन

**एजेंसी। गाजियाबाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे अतिरिक्त खंड का उद्घाटन कर दिया है। इसके बाद पीएम ने क्यूआर कोड स्कैन कर ट्रेन का टिकट ले सफर भी किया। इस यात्रा में उनके साथ स्कूली बच्चे भी साथ दिखे। इस दौरान कुछ स्कूली बच्चों से बातचीत भी की। साथ ही बच्चों ने प्रधानमंत्री को तोहफे भी दिए। बच्चों ने अपने हाथ से बने पोस्टर और पेंटिंग पीएम मोदी को बड़े प्यार से भेंट किए। साहिबाबाद और मेरठ साउथ के बीच 9 स्टेशनों के साथ कॉरिडोर का 42 किलोमीटर लंबा हिस्सा यात्रियों के लिए ऑपरेशनल है। इस उद्घाटन के साथ ही नमो भारत कॉरिडोर का परिचालित खंड 55 किलोमीटर तक विस्तारित हो जाएगा, इसमें कुल 11 स्टेशन होंगे। बता दें कि रविवार शाम 5 बजे से ही नमो भारत ट्रेन हर 15 मिनट के अंतराल पर यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगी। दिल्ली से मेरठ की दिशा में पहले परिचालित स्टेशन, न्यू अशोक नगर स्टेशन, से मेरठ साउथ तक का किराया स्टैंडर्ड कोच के लिए 150 रुपये और प्रीमियम कोच के लिए 225 रुपये है। इस सेक्शन पर परिचालन शुरू होने से मेरठ शहर अब नमो भारत ट्रेन के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सीधे जुड़ गया है। यात्री न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक सिर्फ 40 मिनट में यात्रा कर सकेंगे। अब तक 50 लाख से अधिक यात्री नमो भारत ट्रेनों द्वारा यात्रा का लाभ उठा चुके हैं। कॉरिडोर के बाकी बचे हुए सेक्शन, यानी न्यू अशोक नगर-सराय काले खां और मेरठ साउथ-मोदीपुरम में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस नए रूट में 13 किलोमीटर के सेक्शन में से 6 किलोमीटर हिस्सा भूमिगत है। जिसमें कॉरिडोर का एक प्रमुख स्टेशन, आनंद विहार शामिल है। यह पहली बार है जब नमो भारत ट्रेन भूमिगत सेक्शन में चलेगी।



### दिल्ली को इस 'आप दा' से मुक्ति दिलाना बेहद जरूरी : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि दिल्ली को विकसित भारत की राजधानी के रूप में विकसित करना है और दिल्ली का विकास भाजपा ही कर सकती है। अब दिल्ली में एक ही आवाज़ गूंज रही है- आप-दा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को दिल्ली के जापानी पार्क में आयोजित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की परिवर्तन रैली को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने जनसभा में कहा कि अब आने वाले 25 साल भारत और दिल्ली के भविष्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह 25 साल भारत को विकसित राष्ट्र बनते हुए देखेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द भारत दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा। उस गौरवशाली यात्रा में देश की राजधानी का कदम से कदम मिलाकर चलना बहुत जरूरी है। हमें अपनी दिल्ली को भारत की राजधानी के रूप में विकसित करना है।

### प्रधानमंत्री ने दिल्ली को 12,200 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की दी सौगात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रेल, मेट्रो और स्वास्थ्य से जुड़ी 12,200 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर हिस्से का उद्घाटन शामिल है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने सुबह गाजियाबाद जिले के साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से दिल्ली के न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा भी की। यह परियोजना लगभग 4,600 करोड़ रुपये की है। उद्घाटन के साथ ही दिल्ली को अपनी पहली नमो भारत कनेक्टिविटी मिल गई। इससे दिल्ली और मेरठ के बीच यात्रा काफी सुगम हो जाएगी।

## नीतीश कुमार होश में नहीं, वे निर्णय लेने लायक भी नहीं : तेजस्वी

**एजेंसी। मोतिहारी**

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निजी हमला किया है। उन्होंने एक बार फिर उनकी खराब सेहत का हवाला देते हुए सीएम पद छोड़ने की सलाह दी। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मोतिहारी पहुंचे तेजस्वी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यात्रा झूठ की यात्रा है। सीएम नीतीश कुमार हाईजैक हो चुके हैं। कुछ लोग दिल्ली में हैं और कुछ यहां पर हैं। अपने फायदे के लिए यहां पर सरकार चला रहे हैं। मुख्यमंत्री होश में नहीं है और वह निर्णय लेने लायक भी नहीं है। वह थक चुके हैं और रिटायर अधिकारियों के साथ मिलकर बिहार सरकार चला रहे हैं।आरजेडी में नीतीश कुमार की वापसी पर तेजस्वी यादव ने कहा कि कोई सवाल ही पैदा नहीं होता भाईसाहब. मीडिया वाले लगातार कहते रहते हैं कि नीतीश कुमार आएंगे। उन्हें एक जगह स्थित रहने दीजिए। लालू जी का अंदाज है, जब पत्रकार ने उनसे पूछा तो वह कह दिए। आप सभी जानते ही हैं। प्रशांत किशोर के आमरण अनशन पर तेजस्वी यादव ने कहा कि छात्रों की इच्छा थी कि इस आंदोलन का किसी भी तरह से राजनीतिकरण न हो। जब लाठीचार्ज हो गया तब यह कहां थे। अब आ रहे हैं। हम लोगों ने विधानसभा में इस मुद्दों को उठाया। छात्रों का सम्मान करते हुए हमने नैतिक समर्थन दिया। छात्रों के कहने पर हमने एक बार नहीं, दो बार मुख्यमंत्री को इस मामले को लेकर पत्र लिखा। विधानसभा में 28 नवंबर को महागठबंधन के लोगों ने इस मुद्दे को उठाया। लेकिन, इसे कुचलने की कोशिश हुई। यह बीपीएससी अभ्यर्थियों का आंदोलन है और उनकी लड़ाई है। छात्रों के साथ अन्याय हुआ है और जब तक न्याय नहीं मिल जाता, हमलोग उनके साथ खड़े हैं। प्रशांत किशोर सिर्फ एक्टिंग कर रहे हैं। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के आमरण अनशन के स्थान पर वैनिटी वैन के इस्तेमाल को लेकर तेजस्वी ने कहा कि वैनिटी वैन में तो अभिनेता और अभिनेत्रियां बैठते हैं।



## मुंबई में 15 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई से सटे नालासोपारा और उल्हासनगर में पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई में 15 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें नालासोपारा से 13 बांग्लादेशी नागरिक और उल्हासनगर से बांग्लादेशी पति-पत्नी हैं।घाटकोपर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अविनाश कलदाते ने रविवार को मीडिया को बताया कि उनकी टीम ने एक महीने पहले अहमद मिया शेख और एक बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया था। इन दोनों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने नालासोपारा के आचोले इलाके में शनिवार रात को छापा मारकर 13 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें तैबुर अजगर शेख, आलम अजगर शेख, मिजानु सलाम शेख, अब्दुल सिराज शेख, मुराद मिजानुर शेख, रत्ना तैबुर शेख, अमीना मुराद शेख, सबीना अब्दुल्ला शेख, कोहिनूर मिजानुर शेख और चार अन्य हैं। यह सभी अवैध तरीके सेनालासोपारा में रह रहे थे।

## बांका में 'भारत माता की जय' का विरोध करना शिक्षक को पड़ा महंगा, विभाग ने किया निलंबित

**बांका।** बिहार के बांका जिला के एक सरकारी स्कूल के शिक्षक पर कई तरह के गंभीर प्रकृति के आरोपों की शिकायत पाए जाने पर उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसमें भारत माता की जय बोलने पर टीका-टिप्पणी करना भी शामिल है। इसको लेकर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा पत्र भी जारी कर दिया है। दरअसल, संजय गांधी बालिका उच्च विद्यालय विश्वासपुर, अमरपुर के विशिष्ट शिक्षक मोहम्मद हसन रजा पर विद्यालय कार्यकाल में अध्ययनरत बच्चों के पढ़ाई करने के लिए दिए गए उपस्कर पर गहरी नींद में सोने, कुर्सी पर बैठे हुए सोने तथा बिहार राज्य प्रार्थना गीत करवाने में बाधा पहुंचाने, पोषक क्षेत्र के बाहरी बच्चों को विद्यालय में कबड्डी खिलाने तथा राष्ट्रगान के उपरांत भारत माता की जय बोलने पर टीका-टिप्पणी करने संबंधित गंभीर प्रकृति के आरोपों की शिकायत प्राप्त हुई। बाद में राजा को कर्तव्यहीनता एवं अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया गया। उनके विरुद्ध विशिष्ट शिक्षक नियमावली के तहत विभागीय कार्रवाई भी शुरू करने का आदेश जारी कर दिया गया है। निलंबन की अवधि में इनका मुख्यालय प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, चांदन का कार्यालय निर्धारित किया गया है।

## मुंबई एनसीबी की कार्रवाई, 74,000 कैप्सूल के साथ भारी मात्रा में जब्त की सिगरेट

**मुंबई।** मुंबई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एनसीबी ने 2,44,400 सिगरेट के साथ अवैध रूप से इस्तेमाल की जाने वाली फार्मास्युटिकल दवाओं के 74,000 कैप्सूल जब्त किए हैं। एनसीबी ने इसे लेकर आधिकारिक बयान जारी किया। बताया गया कि 74,000 कैप्सूल (29.6 किलोग्राम) का अवैध रूप से इस्तेमाल होना था। यह खेप लंदन के लिए भेजी गई थी। जब्त की गई वस्तुओं को गलत तरीके से घोषित किया गया और गैर-संदिग्ध खाद्य पदार्थों के बीच छुपाया गया था। दरअसल, कुछ दिन पहले एक अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट के बारे में इनपुट प्राप्त हुआ था, जो अवैध डायवर्जन के माध्यम से भारत से फार्मास्युटिकल दवाओं की खरीद में शामिल है और इसे विदेशों में स्थित ग्राहकों तक पहुंचाता है। प्रारंभिक जांच के दौरान यह पाया गया कि परिवहन उद्देश्य के लिए एयर कार्गो का दुरुपयोग किया जा रहा था। इसके बाद मुंबई एनसीबी ने मामले में आगे जांच की, जिसके आधार पर लॉजिस्टिक्स कंपनियों से संबंधित दो कंटेनर, एड्रेस इंडिया और सेठ इंडस्ट्रियल एस्टेट तथा यूडीएक्स वर्ल्डवाइड आईएमटीएल कूरियर एंड लॉजिस्टिक्स की पहचान की गई। एनसीबी ने तुरंत ही मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचकर एयर कार्गो टर्मिनल के दोनों कंटेनरों को रोक दिया। एनसीबी की टीम ने कंटेनरों की तलाशी ली। इस दौरान एड्रेस इंडिया के कंटेनर से फार्मास्युटिकल दवाओं के 74,000 कैप्सूल (29.6 किलोग्राम) और 40,000 सिगरेट बरामद की गई। इसके अलावा यूडीएक्स वर्ल्डवाइड के दूसरे कंटेनर की तलाशी के दौरान कई ब्रांडों की कुल 2,04,400 सिगरेट बरामद की गई है। जब्त सामान को गैर-संदिग्ध खाद्य पदार्थों से भरे अन्य बैगों के बीच छुपाया गया था। सभी सामान को एनसीबी ने जब्त कर लिया है और अवैध रूप से इस्तेमाल की जाने वाली फार्मास्युटिकल दवाओं को कस्टम को सौंप दिया है।

## कृषि, पशुपालन, सहकारिता मंत्री ने की विभागीय समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश, कहा-

# कृषि के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे किसानों को चिह्नित करें




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** कृषि, पशुपालन, सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्री ने कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, सहकारिता विभाग अंतर्गत संचालित सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से सुयोग्य लाभुकों तक पहुंच रहे लाभ की जानकारी ली। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने अद्यतन स्थिति से मंत्री को अवगत कराया। इस दौरान मंत्री ने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जरूरी निर्देश भी दिए। मंत्री ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे किसानों को चिन्हित करें। कृषि के साथ-साथ जो कृषि से जुड़ी गतिविधियां, चाहे वो पशुपालन हो, कृषि का विविधीकरण हो, फलों की खेती, फूलों की खेती, सब्जियों की खेती, औषधि की खेती सहित जितने पक्ष हो सकते हैं, सभी पर विचार कर योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा किसानों के लिए संचालित तलाब निर्माण, डीप बोरिंग योजना, ट्रैक्टर खरीद, कृषि संयंत्र सहित का लाभ भी लाभुकों को नियमित रूप से प्रदान करें। विभागीय योजनाओं का वृहद रूप से प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें, ताकि सभी किसानों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की पूर्ण जानकारी रहे और समय रहते वह योजना का लाभ ले सकें। पशुपालन विभाग की समीक्षा के क्रम में मंत्री ने बरवाडीह स्थित गोशाला के जीर्णोर्धार के लिए कार्य योजना तैयार कर विभाग को भेजने का निर्देश दिया। दुग्ध उत्पादन में वृद्धि लाने के लिए महुआडांड़ प्रखंड में मिल्क रूट तैयार कर वृद्धि लाने का निर्देश दिया।

### मिट्टी नमूना संग्रहण कर जांच प्रयोगशाला में भेजने का निर्देश

कृषि विभाग की समीक्षा के क्रम में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि बीज विनिमय व वितरण की योजना के तहत 50 प्रतिशत अनुदान पर गेहूं, सरसों बीज का वितरण ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के माध्यम से वितरण किया गया है। शेष बीज का वितरण तीन दिनों के अन्दर करने का निर्देश दिया गया। बिरसा फसल विस्तार की योजना प्रत्यक्षण कार्य हेतु शत-प्रतिशत अनुदान पर ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के माध्यम से कलस्टर का चयन करते हुए किसानों के बीच गेहूं, मक्का, मसूर, सरसों बीज का वितरण किया गया है। समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला योजना के तहत प्रखंड मनिका व महुआडांड़ में समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के तहत कैपेसिटी बिल्डिंग व प्रशिक्षण कार्य एक सप्ताह के अन्दर करने का निर्देश दिया। नेशनल प्रोजेक्ट ऑफ मैनेजमेंट का सॉइल हेल्थ एंड फर्टिलिटी योजना के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कुल 3516 मिट्टी नमूना संग्रहण करने का लक्ष्य के आलोक में अब तक 3410 मिट्टी नमूना का संग्रहण कर दिया गया है। शेष 106 मिट्टी नमूना का संग्रहण कर मिट्टी जांच प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजते हुए मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, आप्त सचिव कृषि, पशुपालन, सहकारिता विभाग, आईटीडीए निदेशक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारी दिवस मनाया गया

**महुआडांड़।** आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चो ने आंदोलनकारी दिवस शहीद चौक स्थित अनिल मनोहर केरकेट्टा के घर पर मनायीं। अध्यक्षता अनिल केरकेट्टा ने की। मौके पर अनिल केरकेट्टा ने कहा कि आज का दिन पूरे झारखंड में आंदोलनकारी दिवस मनाया जा रहा है। झारखंड बनने के बाद मान सम्मान व अधिकार नहीं मिलने को लेकर आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चो ने अपने 13 सूत्री मांग है। उसके तहत जेल जाने की बाध्याता को समाप्त करने, आंदोलनकारियों को राजकीय मान सम्मान देने, 50 हजार की सम्मान पेंशन देने, अबुआ आवास योजना प्राथमिकता के तहत देने, सहित अन्य मांग मोर्चो ने झारखंड सरकार से की। उन्होंने बताया कि 19 अक्टूबर 2023 को सरकार द्वारा आंदोलनकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया था। आंदोलनकारियों को चिन्हित कर सूचीबद्ध किया जा सका है। मौक पर गुणी देवी, फ्रांसिका एक्का, सुशीला कुजूर, रंजीत टोप्पो राजेश टोप्पो, सहित दर्जनों की संख्या में महिला-पुरुष कार्यक्रम में भाग लिए।

## चरका डैम का पक्कीकरण कराने को लेकर कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सदर प्रखंड के मोंगर और घुटुवा गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने मोंगर ग्राम के चरका डैम कैनाल का पक्की करण व डैम में लिफ्ट इरीगेशन निर्माण कराने को लेकर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में ग्रामीण वीरेंद्र प्रसाद, पिंटू रजक, कर्मदेव सिंह, अजय प्रसाद समेत कई ग्रामीणों ने बताया मोंगर ग्राम में 20 वर्ष पूर्व चरका डैम का निर्माण हुआ था। कैनाल पक्कीकरण नहीं होने के कारण मोंगर और घुटुवा ग्राम के सैकड़ों एकड़ भूमि सिंचित होने से वंचित है। यहां के किसान कैनाल पक्कीकरण नहीं होने के कारण फसल को नहीं उगा पा रहे हैं। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2019 में पूर्व कृषि मंत्री बादल पत्र लेख द्वारा रात्रि चौपाल ग्राम मोंगर में आयोजित किया गया था, जिसमें उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया था कि यहां के किसानों को डैम का पक्कीकरण का लाभ दिलाया जाए। संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण अभी तक चरका डैम का पक्कीकरण और लिफ्ट इरीगेशन निर्माण नहीं हो पाया है।

## जेल में जाति आधारित भेदभाव न हो इसके लिए किया गया जांच अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर रविवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में जिले के उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रेशमा रमेशन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अर्पित श्रीवास्तव, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह, नगर आयुक्त, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालक अभियंता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान और अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से कारा में बंदियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इस जांच का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कारा में बंदियों के बीच जाति आधारित किसी प्रकार का भेदभाव न हो। इसके लिए अधिकारियों ने बंदियों से विस्तृत पूछताछ की। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि बैरकों में रह रहे बंदियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता और जेल पीएल भी उपस्थित थे। सभी ने कारा में बंदियों की स्थिति का जायजा लिया और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कदम उठाने की बात की।

## 31 वां वैष्णव दुर्गा मंदिर वार्षिकोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम 8 से, भंडारा व जागरण दस को

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर का 31 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। आयोजन की तैयारियों को ले कर मंदिर समिति के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक संरक्षक अभिनंदन प्रसाद की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में रविवार को आयोजित की गयी। मंदिर समिति के सचिव आशीष टैगोर ने बताया कि 31 वां वार्षिकोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम आगामी आठ फरवरी से प्रारंभ होगा। आठ फरवरी को कलश यात्रा निकाली जायेगी। नौ फरवरी को दुर्गा सप्तशति का पाठ किया जायेगा, जबकि 10 फरवरी को हवन व पूर्णाहुति के बाद नौ कुंवारी कन्या का पूजन किया जायेगा। इसके बाद भंडारा का आयोजन किया जायेगा। भंडारा 12 बजे से चार बजे तक चलेगा। 10 फरवरी को ही रात्रि आठ बजे से माता के दरबार में भगवति जागरण का आयोजन किया जायेगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए दायित्वों का बंटवारा किया गया और पूरी निष्ठा से कार्य कर आयोजन को सफल बनाने की अपील की गयी। बैठक में मंदिर का मासिक दान पात्र खोला गया। इसके अलावा मंदिर विकास निधि, वाहन पूजा सहयोग राशि की भी समीक्षा की गयी। देन दारियों का निपटारा किया गया। संरक्षक अभिनंदन प्रसाद ने तन मन व धन से सहयोग करने की अपील नगर वासियों से की। कहा कि बिना सामूहिक सहयोग का कोई भी आयोजन सफल नहीं हो पाता है। बैठक में मंदिर के उपरी तल्ले में कमरों के सुंदरीकरण खर्च में सहयोग करने की सहमति देने वाले दानदाताओं से राशि उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, दीपक विश्वकर्मा, आकाश जायसवाल, जीतेंद्र प्रसाद गुप्ता, पुजारी रामेश्वर पांडेय व सेवादार पारितोष ठाकुर आदि मौजूद थे।

### करोड़ों की लागत से बना लोध जलापूर्ति योजना फेल

# योजना की जांच कर दोषियों पर होगी कार्रवाई : मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत कई ऐसे गांव है, जिन्हें पीने के पानी के लिए कुआं अथवा झरनों पर निर्भर रहना पड़ता है। लोग दूषित जल पीने को मजबूर होते हैं। प्रखंड के इस समस्या के निदान के लिए वर्ष 2018-19 में प्रखंड के शहरी क्षेत्र और प्रखंड अंतर्गत आने वाले 38 गांवों को ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत हर घर तक जल पहुंचाने का संकल्प लेते हुए लोध जलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया गया। वर्ष 2021 तक बड़ी-बड़ी मशीन व पाइपलाइन बिछाकर तत्कालीन सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक रामचंद्र सिंह ने प्लांट का उद्घाटन भी कराया गया। 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी प्रखंड में कहीं भी पानी का सप्लाई नहीं किया जा रहा है। हालांकि ट्रायल के लिए पानी की सप्लाई समय-समय पर की जाती है, लेकिन जैसे ही सप्लाई के लिए पानी छोड़ा जाता है, पानी घर तक ना पहुंच कर सड़कों में बहने लगता है। लगभग 44 करोड़ की लागत से बनाए गए इस प्लांट का उपयोग विभाग ने अब तक सिर्फ ट्रायल के लिए ही किया है। विभाग कि लापरवाही से आक्रोशित ग्रामीणों ने दो दिनों तक स्थानीय शास्त्री चौक पर सड़क जाम करते हुए धरना प्रदर्शन भी किया था। इसके बाद विभाग के पदाधिकारी ने एक महीने के अंदर पानी सप्लाई करने का लोगों को लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन पिछले कुछ महीनो से प्लांट पर भी ताला जड़ा है। इस संबंध में ग्रामीणों की शिकायत पर झारखंड सरकार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि विभाग से रिपोर्ट मंगा कर जल्द ही जांच करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। योजना को धरातल पर उतारते हुए सुचारू रूप से पानी सप्लाई शुरू कराई जाएगी।

### कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित

# घने कोहरे और शीतलहर से लोग परेशान, अलाव बना सहारा

- **सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी, गर्म कपड़ों की बिक्री में इजाफा**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड और घने कोहरे से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। रविवार की सुबह तीसरे दिन भी घना कोहरा छाया रहा, जिससे सुबह के समय सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। ठंड और शीतलहर के कारण लोग सुबह के समय घरों में दुबके रहे और अधिकांश लोग दोपहर बाद ही रोजमर्रा के काम के लिए बाहर निकले। ग्रामीण इलाकों में ठंड से राहत पाने के लिए लोग अलाव जलाकर तापते नजर आए। वहीं, मेदिनीनगर जैसे शहरी क्षेत्रों में कोयल नदी के तटवर्ती इलाकों में ठंड का प्रभाव अधिक महसूस किया गया। नगर निगम ने रात में मुख्य चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की है, जिससे रिक्शा चालक और अन्य जरूरतमंदों को थोड़ी राहत मिल रही है। सुबह 5 से 8 बजे तक सड़कों पर कोहरा इतना घना रहा कि चलना मुश्किल हो गया। नेशनल हाइवे-139 और एनएच-75 पर वाहन चालक अत्यधिक सतर्कता बरतते दिखे। रविवार को अधिकतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंडी हवाओं ने दिनभर लोगों को परेशान किया। छुट्टी का दिन होने के कारण अधिकांश लोग सुबह घरों में ही रहे और दोपहर के बाद ही जरूरी काम के लिए बाहर निकले। बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ दोपहर के बाद ही बढ़ी। घने कोहरे और ठंड के चलते गर्म कपड़ों की बिक्री में इजाफा देखा गया। स्थानीय लोगों ने नगर प्रशासन से अलाव और अन्य राहत सुविधाओं को और बढ़ाने की मांग की है। ठंड के इस दौर में बच्चे और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।

## एमएमसीएच परिसर में खुले में नीडल फेंकने से संक्रमण का खतरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की स्थिति दिन प्रतिदिन चिंताजनक होती जा रही है। कुछ दिन पहले झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने अस्पतालों की साफ-सफाई को लेकर प्रशासन को सख्त चेतावनी दी थी, लेकिन इसके बावजूद अस्पताल में लापरवाही की स्थिति बनी हुई है। एक गंभीर समस्या यह है कि अस्पताल परिसर में मरीजों को दी जाने वाली सुइयों के नीडल खुले में फेंके जा रहे हैं, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है। अस्पताल परिसर में प्रतिदिन सैकड़ों मरीज और उनके परिजन आते हैं, और यत्र-तत्र फेंके गए नीडल उनके लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं। मरीजों ने अस्पताल प्रबंधन से इस मामले को गंभीरता से लेने की अपील की है और कहा कि नीडल का उचित तरीके से निपटारा किया जाना चाहिए। इसी तरह की लापरवाही इमरजेंसी वार्ड में भी देखी जा रही है। कतिपय मरीजों ने बताया कि डॉक्टर केविन इमरजेंसी वार्ड में बैठकर इलाज करते हैं, लेकिन पर्ची पर नजर डालते वक्त उनकी और मरीजों की दूरी 1 मीटर से ज्यादा रहती है, जिससे मरीज को उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है।




### कर्तव्य पथ पर झांकी में...

नई दिल्ली में 19 जनवरी तक सभी चयनित राज्यों की झांकी को तैयार कर लेना है और 23 जनवरी को इनका फुल ड्रेस रिहर्सल भी होना है। राज्य सरकार के जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक के अनुसार, झांकी को लेकर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इसका निर्माण कार्य 19 जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह लगातार तीसरा वर्ष है, जब झारखंड की झांकी को राजपथ पर होने वाले परेड में शामिल किया गया है। पिछले वर्ष 2024 में दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड के अवसर तसर सिल्क पर आधारित झांकी प्रदर्शित की गई थी।

### यह अबुआ सरकार...

इस दिशा में बजट को लेकर जो भी सुझाव, राय और विचार मिलेंगे, उनका विस्तृत एनालिसिस किया जाएगा। ताकि, राज्य के विकास एवं यहां की जनता के अनुकूल उन सुझावों को बजट में शामिल करने की दिशा में पहल कर सकें। इस कड़ी में तीन सर्वश्रेष्ठ सुझाव देने वाले व्यक्तियों को राज्य सरकार द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। सुझाव देने की अंतिम तिथि 17 जनवरी तक है। इस अवसर पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, वित्त विभाग के विशेष सचिव अमित कुमार, बजट पदाधिकारी चंद्रभूषण प्रसाद, ओएसडी बजट सत्यनारायण प्रसाद, एनआईसी के संयुक्त निदेशक कुणाल आनंद एवं सहायक निदेशक गौरव कुमार एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कार और बस में...

चंद्रपुर मोड़ के पास बस एक कार टकरा कर पलट गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और फोन कर खूंटी और तोरपा की सभी एंबुलेंस को बुलाकर घायलों को अस्पताल भेजा। बाद में खुद रेफरल अस्पताल पहुंचे और घायलों को खूंटी सदर अस्पताल भेजने में मदद की।

### डिजिटल पर्सनल डाटा ...

डिजिटल बोर्ड एक कार्यालय के तौर पर काम करेगा। इसमें एक डिजिटल प्लेटफार्म और ऐप होगा, जिसके चलते लोग डिजिटल संपर्क में रहेंगे और शिकायत कर सकेंगे। डिजिटल बोर्ड समयबद्ध तरीके से शिकायतों का निपटारा, सजा का न्यायिक ढांचा प्रदान करेगा। डाटा जिस ट्रस्टी के पास होगा, वह सालाना सुरक्षा उपाय, आकलन और ऑडिट सुनिश्चित करेंगे। इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कानून बनाने के लिए 18 फरवरी तक लोगों से सुझाव मांगे है। ड्राफ्ट नियमों के मुताबिक संपूर्ण डाटा सुरक्षा ढांचा, नागरिकों को केंद्र में रखकर बनाया गया है। व्यक्तिगत डाटा कैसे संसाधित किया जाता है, डाटा प्रत्ययी को इसके बारे में स्पष्ट और सुलभ जानकारी प्रदान करनी चाहिए, जिससे सूचित सहमति मिल सके। नागरिकों को डाटा मिटाने की मांग करने, डिजिटल नॉमिनी नियुक्त करने और अपने डाटा को प्रबंधित करने के लिए उपयोगकर्ता के अनुकूल तंत्र तक पहुंचने के अधिकारों के साथ सशक्त बनाया गया है। ये नियम नागरिकों को उनके डाटा पर अधिक नियंत्रण देकर सशक्त बनाएंगे। सूचित सहमति, डाटा मिटाने का अधिकार और शिकायत निवारण के प्रावधान, नागरिकों का डिजिटल प्लेटफॉर्म पर विश्वास बढ़ेगा। माता-पिता और अभिभावक अपने बच्चों के लिए ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सशक्त होंगे। इस व्यवस्था में छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप के लिए अनुपालन के कम दबाव की परिकल्पना की गई है। इसके तहत सभी के लिए पर्याप्त अवधि प्रदान की जाएगी, ताकि छोटे उद्यमों से लेकर बड़े कॉरपोरेट, तक सभी हितधारक नए कानून का अनुपालन करने के लिए सुचारू रूप से बदलाव कर सकें।

**हितधारकों की चिंताओं को संबोधित करना :** डाटा प्रोटेक्शन बोर्ड का डिजिटल कार्यालय, दृष्टिकोण शिकायतों का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करेगा। चूक के लिए जुर्माना लगाते समय बोर्ड को चूक की प्रकृति और गंभीरता, प्रभाव को कम करने के लिए किए गए प्रयास आदि जैसे कारकों पर विचार करना जरूरी है।

### वार्ड 27 : जर्जर नालिया और गंदगी बनी पहचान

# सुधार का दावा, लेकिन सफाई की समस्या बरकरार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 27 में स्थित गम्हेल स्थान, मिल्लत मस्जिद, पुरानी गढ़वा रोड और महिला ट्रेनिंग कॉलेज जैसे प्रमुख स्थानों को लेकर स्थानीय लोग कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इस वार्ड की जनसंख्या 4330 है, और यहां के निवासियों को जलापूर्ति, नाली निर्माण और सफाई की समस्याएं सबसे अधिक परेशान कर रही हैं। वार्ड 27 में जलापूर्ति के पाइपलाइन का विस्तार अब तक नहीं किया जा सका है। हालांकि, नगर निगम ने फेज 2 के तहत पूरे वार्ड में पाइप बिछाने का कार्य पूरा करने का निर्णय लिया है, और इसके जल्द पूरा होने की उम्मीद जताई जा रही है। जलापूर्ति की समस्या के समाधान की ओर यह एक सकारात्मक कदम होगा, जिससे वार्डवासियों को पानी की सुविधा मिल सकेगी।





*निवर्तमान वार्ड पार्षद कमर यासमीन ने दावा किया कि उन्होंने पिछले तीन कार्यकालों में वार्ड के अधिकतर क्षेत्रों में जलापूर्ति की व्यवस्था बहाल की और कई जरूरतमंदों को पक्के आवास भी दिलवाए। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्यकाल में जिन लोगों के आवास छूट गए थे, उन्हें पूरा किया जाएगा।*

### वार्ड 27 के निवासियों की राय







स्थानीय निवासी नौशाद अंसारी और अन्य ने इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया और नाली निर्माण की आवश्यकता जताई। लोगों ने कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति की कमी का भी जिक्र किया। राजन खान ने बताया कि सफाई कर्मी प्रतिदिन नहीं आते, जिससे मोहल्ले में गंदगी का ढेर लग जाता है। वार्ड 27 के रहने वाले सुभाष प्रसाद ने कहा कि जलापूर्ति, नाली निर्माण और सफाई जैसी समस्याओं के समाधान के लिए स्थानीय लोग नगर निगम और पार्षद से जल्द कार्यवाही की उम्मीद करते हैं, ताकि उनके इलाके में बेहतर सुविधाएं मिल सकें और उनकी दिनचर्या में सुधार हो सके।

### नाली निर्माण और जर्जर नालियों की स्थिति

वार्ड में नालियों की जर्जर स्थिति और नए नालों के निर्माण की आवश्यकता है। गली-गली में पानी का बहाव होता है, जिससे सड़क पर कीचड़ फैल जाता है और यातायात में रुकावट आती है। शनिवार को नगर निगम आयुक्त ने वार्ड 27 का भ्रमण किया और इस दौरान उन्होंने वार्ड से गुजरने वाले बड़े नालों का निर्माण करने की बात कही। साथ ही, नालों को स्लैब से ढंकने का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा।

## बोलेरो की टक्कर से महिला घायल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती

**मेदिनीनगर।** सतबरवा के तुमगड़ा में बोलेरो की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला हिना प्रवीण (35 वर्ष), जो सतबरवा की निवासी हैं, को इलाज के लिए पहले तुमगड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने ड्रेसिंग की और फिर उन्हें मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया।

महिला के परिजनों ने बताया कि वह मणिका की तरफ से तुमगड़ा कमांडर जा रही थीं, और जैसे ही वह वाहन से उतरकर पैदल जा रही थीं, तभी डाल्टेनगंज से आ रही बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। फिलहाल महिला का इलाज जारी है। वाहन को पकड़ कर सतबरवा थाना परिसर में रखा गया है और प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में होगा तीन दिवसीय कार्यक्रम

# भव्य और दिव्य होगा 'प्रतिष्ठा द्वादशी' समारोह

- 'श्रीराम राग सेवा' के कार्यक्रम का आयोजन गर्भगृह के निकट मंडप में किया जाएगा
- उषा मंगेशकर, अनुराधा पौडवाल, शोभना, मालिनी अवस्थी, कुमार विश्वास देंगे प्रस्तुति

एजेंसी

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में प्रभु श्रीराम लला के तीन दिवसीय वार्षिक 'प्रतिष्ठा द्वादशी' समारोह में 'श्रीराम राग सेवा' के तहत विविध प्रकार के भव्य और दिव्य कार्यक्रम होंगे। इसमें देश के नामचीन कलाकार भजन, गायन, कथा और रामलीला के साथ नृत्य की प्रस्तुति देंगे। इसके साथ ही मंत्रों का जप और हवन-पूजन भी होगा। यह कार्यक्रम 11 से 13 जनवरी तक चलेंगे।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय ने रविवार को आयोजन स्थल अंगद टीला पर प्रभु श्रीराम के 11 जनवरी से शुरू हो रहे तीन दिवसीय 'प्रतिष्ठा द्वादशी' के बावत पत्रकार वार्ता में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यही वह स्थान है, जहां के कार्यक्रमों में कोई भी पहुंच सकता है।

चंपत राय ने बताया कि इस आयोजन में उषा मंगेशकर, कुमार विश्वास, मालिनी अवस्थी, अनुराधा पौडवाल, कथक नृत्यांगना शोभना नारायण आदि श्रीराम लला को रिझाने के लिए अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कथा व्यास रमेश भाई ओझा भी आएंगे। पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचेंगे।

तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री राय ने बताया कि तीन दिन तक चलने वाले कार्यक्रम 'श्रीराम राग सेवा' के समन्वयक अयोध्या के ही प्रख्यात कलाविद् यतींद्र मिश्र हैं। उन्हें संगीत नाटक अकादमी दिल्ली से सहयोग है। उन्होंने बताया कि 'श्रीराम राग सेवा' का कार्यक्रम गर्भगृह के निकट मंडप में होगा। भारतीय उपासना पद्धति में नवधा भक्ति परंपरा में नृत्य संगीत, वादन द्वारा 'श्रीराम राग सेवा' अर्पित की जाती है।

इसी क्रम में पहले दिन 11 जनवरी को उषा मंगेशकर और मयूरेश पई भजन से राग सेवा का शुभारंभ करेंगे। इसके उपरांत साहित्य नाहर सितार और संतोष नाहर वायलिन की जुगलबंदी के साथ अपना भक्ति कार्यक्रम देंगे। पहले दिन की 'श्रीराम राग सेवा' का समापन डॉ आनन्दा शंकर जयंत की ओर से भरत नाट्यम नृत्य पर 'भावयामि रघुरामम' के साथ होगा।

दूसरे दिन 12 जनवरी को प्रसिद्ध लोक गायिका शैलेश श्रीवास्तव के बधावा और सोहर से शुरूआत होगी। इसके बाद प्रख्यात शास्त्रीय गायिका सुश्री कलापिनी कोमलकी निर्गुण गायन और भजन से राग सेवा करेंगी। दूसरे दिन समापन विश्वविख्यात बांसुरी वादक राकेश चौरसिया के वादन से होगा।

अंतिम दिन 13 जनवरी को कार्यक्रम का शुभारंभ आरती अंकलिकर के शास्त्रीय गायन से होगा। इसके बाद प्रख्यात कथक नृत्यांगना शोभना नारायण की प्रस्तुति है। समापन दक्षिण के स्वनाम धन्य गायक कृष्ण मोहन और राम मोहन 'त्रिचूर ब्रदर्स' के कर्नाटक पद्धति के शास्त्रीय गायन व राम भजन से होगा।

महामंत्री के अनुसार उक्त सभी भक्तिभाव से कार्यक्रम में आ रहे हैं और पारिश्रमिक लेने के लिए तैयार नहीं हुए। उन्होंने यह भी बताया कि जगद्गुरु माधवाचार्य, पेजावर पीठाधीश्वर प्रसन्न तीर्थ तीनों दिन कार्यक्रम में रहेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इस लखनऊ की सपना गोयल की ढाई सौ महिलाओं की टोली ग्यारह से दो बजे तक सुंदरकांड का पाठ करेगी। इसके अलावा नवयुवकों की एक टोली धाम के सभी प्रमुख स्थानों पर बड़े वाद्य यंत्रों के साथ कीर्तन करेगी। मंत्रों का जप और हवन तीनों दिन होंगे। इस धाम में अनेक जातियों, उपजातियों के मन्दिर हैं। सभी को आमंत्रण भेजा गया है।



### जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्री स्वामी वासुदेवाचार्य की रामकथा होगी

अंगद टीला पर पहले दिन अपराह्न दो से साढ़े तीन बजे तक जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्री स्वामी वासुदेवाचार्य की रामकथा होगी। इसके बाद पांच बजे तक मुख्यमंत्री रहेंगे। साढ़े पांच से साढ़े आठ बजे तक रामलीला का मंचन व स्वाति मिश्रा का गायन। 12 जनवरी को अपराह्न दो से साढ़े तीन बजे तक जगद्गुरु की रामकथा। साढ़े तीन से रमेश भाई ओझा का प्रवचन सत्र, साढ़े पांच बजे से सांस्कृतिक संध्या में अनुराधा पौडवाल और कविता पौडवाल का गायन। अंतिम दिन दो से साढ़े तीन बजे तक कथा। फिर जगद्गुरु शंकराचार्य श्री स्वामी ज्ञानानन्द तीर्थ महाराज की उपस्थिति में प्रवचन सत्र। साढ़े पांच बजे से सांस्कृतिक संध्या में मालिनी अवस्थी और कुमार विश्वास होंगे।

## एनआईए ने दुबई से लौटे मुख्य आरोपी को दिल्ली एयरपोर्ट से किया गिरफ्तार

- फुलवारीशरीफ पीएफआई मामले में चल रही जांच में अहम कार्रवाई




एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पटना के फुलवारीशरीफ पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) मामले के मुख्य आरोपी मोहम्मद सज्जाद आलम को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (आईजीआई) से गिरफ्तार किया। आरोपी दुबई से भारत लौटा था।

बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के निवासी आलम को एनआईए की एक टीम ने शनिवार को विमान से उतरते ही गिरफ्तार कर लिया। पटना स्थित एनआईए की विशेष अदालत ने प्रतिबंधित संगठन पीएफआई के प्रशिक्षित कैडर आलम के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसके अलावा, उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर भी जारी किया गया था। एनआईए की जांच के अनुसार, आलम दुबई से बिहार में पीएफआई सदस्यों तक अवैध धन पहुंचाने में शामिल था। कथित तौर पर अवैध फंडिंग का काम यूएई, कर्नाटक और केरल में स्थित एक सिंडिकेट के माध्यम से चलाया जाता था। कथित तौर पर इस धनराशि का उपयोग भारत में पीएफआई की गैरकानूनी और आपराधिक गतिविधियों को समर्थन देने के लिए किया गया था। यह गिरफ्तारी फुलवारीशरीफ मामले में चल रही जांच में एक महत्वपूर्ण कदम है, जहां एनआईए बिहार और देश के अन्य हिस्सों में प्रतिबंधित संगठन के संचालन से जुड़े कथित षड्यंत्रों और वित्तीय नेटवर्क की जांच कर रही है।

## हिलेरी क्लिंटन समेत 19 प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम से हुए अलंकृत



**वाशिंगटन (हि.स.)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शनिवार को पूर्व विदेशमंत्री हिलेरी क्लिंटन समेत 19 हस्तियों को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम' से अलंकृत किया। सम्मान समारोह का आयोजन व्हाइट हाउस के ईस्ट रूम में आयोजित किया गया। द व्हाइट हाउस की विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि अलंकृत होने वालीं हिलेरी क्लिंटन समेत सभी 19 लोगों ने अमेरिका की बेहतरी के लिए बहुत कुछ किया है। अन्य अलंकृत लोगों में अभिनेता माइकल जे. फॉक्स, डेंजेल वाशिंगटन, यू2 फ्रंटमैन बोनो, इंटर मियामी फुटबॉल स्टार लियोनेल मेस्सी और अरबपति परोपकारी जॉर्ज सोरोस शामिल हैं। मरणोपरांत इस सम्मान से अलंकृत होने वालों में पूर्व अटॉर्नी जनरल रॉबर्ट एफ कैनेडी, नागरिक अधिकार नेता फैनी लू हैमर, पूर्व रक्षा सचिव ऐश कार्टर और मिशिगन के पूर्व गवर्नर जॉर्ज डब्ल्यू रोमनी हैं।

## बांग्लादेश में घना कोहरा नौका सेवा पर पूरी तरह लगी रोक

**ढाका (हि.स.)।** बांग्लादेश में घने कोहरे ने नदी जलमार्ग पर ब्रेक लगा दिया है। दृश्यता बेहद कम होने के कारण पतुरिया-दौलतदिया और अरिचा-काजीरहाट जलमार्ग पर नौका सेवा पर पूरी तरह रोक लगा दिया गया है। मौसम जब तक नहीं खुलता यह सेवा निलंबित रहेगी। ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र के अनुसार, खान जहान अली, बीरश्रेष्ठ जहांगीर और बैगर घाट पर 300 से अधिक वाहन नदी के बीच में फंसे हुए हैं। इनमें ज्यादातर मालवाहक ट्रक हैं। इनको चार नदी घाट पार कर गंतव्य तक पहुंचना है।

## संवैधानिक न्यायालय में अपना पक्ष रखेंगे द. कोरिया के राष्ट्रपति यून

**सियोल (हि.स.)।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल संवैधानिक न्यायालय में महाभियोग मुकदमे का सामना करने को तैयार हो गए हैं। येओल पर गंभीर आरोप हैं। मार्शल लॉ की अल्पकालिक घोषणा के बाद नेशनल असेंबली ने उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित किया था। संवैधानिक न्यायालय को अब यह तय करना है कि उनके खिलाफ महाभियोग चलेगा या नहीं। इस बीच, एक अदालत के वारंट पर भ्रष्टाचार जांच कार्यालय ने उन्हें हिरासत पर लेने के लिए एड़ी-चोटी कर दी, पर उसे इसमें कामयाबी नहीं मिली। इस वारंट पर अमल की तारीख छह जनवरी है।

## उपराष्ट्रपति का एनसीसी कैडेटों से राष्ट्र विरोधी ताकतों से सतर्क रहने का आग्रह, कहा

# प्रतिबद्ध नागरिकों से ही विकसित होगा राष्ट्र

- उपराष्ट्रपति ने दिल्ली में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर का किया उद्घाटन
- कैडेटों को वर्ष 2047 तक भारत के गौरव का निर्माता बताया



एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के जवानों से भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए राष्ट्र विरोधी ताकतों के प्रति सतर्क रहने का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति ने कैडेटों को 2047 तक भारत के गौरव का निमार्ता बताया।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने आज दिल्ली कैंट के करिअप्पा परेड ग्राउंड स्थित मुख्यालय डीजी एनसीसी कैंप में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर-2025 के उद्घाटन अवसर पर एनसीसी कैडेटों को संबोधित किया। उन्होंने एनसीसी की सराहना करते हुए कहा कि यह एक अनुशासित बल है, जो मानव विकास के लिए आवश्यक गुणों का संचार करता है। उपराष्ट्रपति ने कैडेटों को वर्ष 2047 तक भारत के गौरव का निमार्ता बताया। संगठन राष्ट्रवाद और राष्ट्र-प्रथम दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। दुनिया का कोई भी राष्ट्र तब तक विकसित नहीं हो सकता, जब तक उसके नागरिक राष्ट्रवाद के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध न हों।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, हमारे राष्ट्रीय परिवर्तन की नींव पांच शक्तिशाली स्तंभों अर्थात सामाजिक सद्भाव, पारिवारिक प्रबोधन, पर्यावरण चेतना, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्यों पर टिकी हुई है। पंचप्राण पर धनखड़ ने कहा कि विविधता को राष्ट्रीय एकता में बदलने वाली सामाजिक समरसता सबसे महत्वपूर्ण है। जमीनी स्तर पर देशभक्ति के मूल्यों का पोषण हमारे परिवारों के भीतर प्रबुद्धता से शुरू होना चाहिए।

## मुस्लिम धार्मिक संरचनाओं के नीचे मंदिर मामला

# पूजा अधिनियम 1991 के अनुरूप यथास्थिति के लिए कांग्रेस जाएगी कोर्ट

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सर्वोच्च न्यायालय में स्थान पूजा अधिनियम, 1991 का पालन करने की मांग की है। सर्वोच्च न्यायालय ने 12 दिसंबर को मुस्लिम धार्मिक संरचनाओं के नीचे मंदिर होने के दावों पर सर्वे पर रोक लगा दी थी। कांग्रेस इस मामले में भाजपा सरकार पर इस कानून का स्पष्ट रूप से उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए हस्तक्षेप करने की तैयारी कर रही है।



कांग्रेस सांसद व सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी सर्वोच्च न्यायालय में अपनी बात रखेंगे। कांग्रेस जल्द ही एक आवेदन भी दायर करेगी। 29 नवंबर को कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने भाजपा पर ध्रुवीकरण बनाए रखने के लिए अदालतों में आवेदन करने का आरोप लगाते हुए पूजा स्थल अधिनियम के उल्लंघन की निंदा की थी। कांग्रेस कार्यसमिति ने इस मुद्दे पर भाजपा व मोदी सरकार पर हमला करते हुए एक प्रस्ताव भी पारित किया था। सर्वोच्च न्यायालय के रोक के आदेश के बाद, कांग्रेस के प्रमुख पदाधिकारियों ने पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित शीर्ष नेतृत्व के साथ एक बैठक की। इस बैठक में इस मुद्दे के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। मामले में शामिल होने का फैसला भी इसी बैठक में लिया गया।

संसद के बीते शीतकालीन सत्र के दौरान, विपक्षी इंडिया गठबंधन की तरफ से एक साथ मामला दायर करने की भी चर्चा हुई थी, लेकिन अब लगता है कि पार्टियां अलग-अलग आगे बढ़ रही हैं। समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश के संभल में पुलिस फायरिंग को संसद में विरोध का एक प्रमुख मुद्दा बनाया। संभल में एक मस्जिद का सर्वेक्षण करने का आदेश दिया गया है। कांग्रेस का मानना है कि भाजपा सरकार जानबूझकर ऐसे मुद्दे उठा रही है, ताकि सांप्रदायिक तनाव फैलाया जा सके और लोगों का ध्यान असली मुद्दों से भटकाया जा सके।

कांग्रेस का कहना है कि 1991 का कानून सभी धार्मिक स्थलों की यथास्थिति बनाए रखने के लिए बनाया गया था। इस कानून का उद्देश्य सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखना है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा इस कानून की अवहेलना करके देश में धार्मिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा दे रही है।

## वेंडरबिल्ट यूनिवर्सिटी की रिसर्च में नई जानकारी आई सामने

# आत्महत्या के जोखिम वाले मरीजों का पता लगा सकता है एआई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एक नई रिसर्च में यह जानकारी सामने आई है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आत्महत्या के जोखिम वाले मरीजों की पहचान में डॉक्टरों की मदद कर सकता है। इससे नियमित चिकित्सा प्रक्रियाओं में आत्महत्या रोकथाम के प्रयास बेहतर हो सकते हैं। जर्नल जेएएमए नेटवर्क ओपन में प्रकाशित शोध के अनुसार, शोधकर्ताओं ने दो तरीकों की तुलना की। पहला तरीका था डॉक्टरों के कामकाज को बीच में रोककर पॉप-अप अलर्ट दिखाना, और दूसरा था मरीज की इलेक्ट्रॉनिक रिपोर्ट में जोखिम की जानकारी देना। शोध में पाया गया कि पॉप-अप अलर्ट ज्यादा प्रभावी थे। इनकी वजह से डॉक्टरों ने 42 प्रतिशत मामलों में आत्महत्या का जोखिम जांचा, जबकि रिपोर्ट में सिर्फ जानकारी दिखाने वाले तरीके से यह आंकड़ा केवल 4 प्रतिशत रहा। वेंडरबिल्ट यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर के प्रोफेसर कॉलिन वॉल्श ने कहा कि अधिकतर लोग, जो आत्महत्या करते हैं, अपनी मौत से पहले साल भर में किसी न किसी डॉक्टर से मिल चुके होते हैं, लेकिन अक्सर मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या के लिए नहीं। टीम ने अपने एआई सिस्टम, जिसे 'वेंडरबिल्ट सुसाइड अटेम्प्ट एंड आइडिएशन लाइक्लीहुड' (वीएसएआईएल) मॉडल कहते हैं, को तीन न्यूरोलॉजी क्लिनिक में मरीजों का आत्महत्या जोखिम स्क्रीनिंग के लिए परीक्षण किया। वॉल्श ने बताया, हर जगह सभी मरीजों की स्क्रीनिंग करना संभव नहीं है। वीएसएआईएल मॉडल को खासतौर पर उच्च जोखिम वाले मरीजों की पहचान करने और डॉक्टरों को जरूरी जांच करने के लिए विकसित किया गया है। यह मॉडल मरीज के इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड का उपयोग करके अगले 30 दिनों में आत्महत्या के प्रयास का जोखिम बताता है।



*इससे बेहतर हो सकते हैं आत्महत्या रोकथाम के प्रयास*

# आईएनएस तुशील सेनेगल के डकार बंदरगाह पर पहुंचा

- पैसेज एक्सरसाइज में लेगा हिस्सा, दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करेगा
- जहाज पर लगे अत्याधुनिक स्वदेशी हथियारों, सेंसर और उपकरणों का होगा प्रदर्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रूस के कलिनिनग्राद से भारत के लिए रवाना हुआ भारतीय नौसेना का नवीनतम बहु भूमिका वाला स्टेल्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस तुशील सेनेगल के डकार बंदरगाह पर पहुंच गया है। यह यात्रा सेनेगल के साथ मौजूदा संबंधों को और मजबूत करेगी तथा दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच बातचीत को बढ़ाएगी। कैप्टन पीटर वर्गीस की कमान में यह जहाज बंदरगाह पर विभिन्न सैन्य और सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेगा। सेनेगल के वरिष्ठ सैन्य और सरकारी अधिकारियों से बातचीत के साथ पैसेज एक्सरसाइज में जहाज पर लगे अत्याधुनिक स्वदेशी हथियारों, सेंसर और उपकरणों का प्रदर्शन किया जाएगा।

रूस में निर्मित भारतीय युद्धपोत आईएनएस तुशील को 9 दिसंबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में नौसेना में शामिल किया गया था। इसकी कमान कैप्टन पीटर वर्गीस के पास है, जिनके साथ 250 कर्मियों की टीम है। भारतीय नौसेना का नवीनतम बहु-भूमिका वाला स्टेल्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस तुशील 17 दिसंबर को रूस के कलिनिनग्राद से भारत के लिए रवाना हुआ, जो उसकी पहली परिचालन तैनाती की शुरूआत थी। अब यह जहाज अपने गृह बंदरगाह कर्नाटक के कारवार की ओर बढ़ रहा है। यात्रा के दौरान जहाज रास्ते में पड़ने वाले मित्र देशों की नौसेनाओं के साथ सहयोगी अभ्यास में भाग ले रहा है, जिससे क्षेत्र के देशों के साथ भारत की समुद्री कूटनीति को और बढ़ावा मिलेगा।



नौसेना के कैप्टन विवेक मधवाल ने रविवार को बताया कि भारतीय नौसेना का नवीनतम स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस तुशील परिचालन तैनाती के हिस्से के रूप में 3 जनवरी को सेनेगल के डकार बंदरगाह पर पहुंच गया। यह जहाज दोनों नौसेनाओं के विषय विशेषज्ञों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी अवसरों के लिए बातचीत करेगा और प्रदर्शन के साथ प्रशिक्षण भी देगा। सेनेगल के उत्साही लोगों के लिए योग का एक उत्साहवर्धक सत्र भी होगा। भारतीय संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए जहाज पर सामाजिक कार्यक्रम होने के बाद पश्चिमी अफ्रीकी तट के जलक्षेत्र में सेनेगल की नौसेना के साथ पैसेज एक्सरसाइज और संयुक्त गश्त में भाग लेगा।

## गडकरी के बयान का शिवसेना यूबीटी नेता ने किया समर्थन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के बयान राजनीति में सत्तारूढ़ पार्टी की ओर भागते हैं लोग का शिवसेना (यूबीटी) प्रवक्ता आनंद दुबे ने समर्थन किया है। करीब 50 सेकंड की वीडियो जारी कर उन्होंने कहा, अगर वो कह रहे हैं कि सुचिता की राजनीति नहीं बल्कि कटुता की राजनीति हो रही है तो भाजपा को आत्म चिंतन करने की जरूरत है। क्योंकि, नितिन गडकरी छोटे नेता नहीं हैं वह प्रधानमंत्री स्तर के नेता हैं। अगर वह बार-बार किसी बात को दोहरा रहे हैं और राजनीति को साफ-सुथरा बताना चाह रहे हैं लेकिन वो कर नहीं पा रहे हैं तो यह भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की बहुत बड़ी विफलता है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं आरएसएस इसमें भूमिका निभाए और भाजपा को सुचिता का पाठ पढ़ाए। आने वाली पीढ़ियां भाजपा को शुभ चीजों के लिए याद करें। नितिन गडकरी की बातों से हम सभी लोग सहमत हैं। उल्लेखनीय है कि 4 जनवरी को पुणे में मराठा सेवा संघ की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

## विजयवाड़ा में मंदिर मुक्ति जागरण सभा आयोजित

# मंदिरों के सरकारी अधिग्रहण से मुक्ति की उठी मांग

- *वक्ताओं ने उठाए सवाल, आखिर मंदिरों का नियंत्रण सरकारों के पास क्यों हो?*

एजेंसी

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश में रविवार को एक विराट जन जागरण सभा का आयोजन किया गया। इसमें देश भर के मंदिरों के सरकारी अधिग्रहण से मुक्ति की मांग उठाई गई। यह सभा विशेष रूप से उन मंदिरों के प्रबंधन और नियंत्रण पर सरकारों के हस्तक्षेप को लेकर आयोजित की गई, जो अब सरकारों के नियंत्रण में हैं। सभा में हजारों श्रद्धालु और समाजसेवी शामिल हुए और मंदिरों के स्वतंत्र संचालन की आवाज उठाई।



कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं ने कहा कि मंदिर कभी सामाजिक और सांस्कृतिक एकता के केंद्र हुआ करते थे, जिनका संचालन समाज द्वारा समाज कल्याण के लिए किया जाता था। लेकिन, आज स्थिति यह है कि मंदिरों की आय का एक हिस्सा सरकारों को देना पड़ता है और उनके प्रबंधन पर सरकारों का कब्जा है। इस पर सवाल उठाते हुए वक्ताओं ने कहा कि आखिर मंदिरों का नियंत्रण सरकारों के पास क्यों होना चाहिए?

सभा के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि अब यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक सभी मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति नहीं मिल जाती। वक्ताओं ने कहा कि यह मुक्ति का अभियान श्री राम जन्मभूमि के मुक्ति आंदोलन की तरह देशभर में फैल जाएगा।

सभा में आयोजित शंखनाद के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि अब मंदिरों का नियंत्रण समाज के हाथों में होना चाहिए और सरकारों को उनसे दूर रहना चाहिए। यह सभा मंदिरों की स्वायत्तता की ओर बढ़ते कदमों की शुरूआत मानी जा रही है।

विश्व हिंदू परिषद के प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि वक्फ बोर्ड ने जिस तरह से लाखों एकड़ जमीन पर कब्जा किया हुआ है, उसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। जिस इस्लाम की उत्पत्ति 1400 वर्ष हुई है, वे मां भारती से जुड़े उन स्तंभों पर भी दावा कर रहा है, जो हजारों वर्षों से लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान से ओत-प्रोत कर रहे हैं। पहले इन जेहादी मानसिकता के लोगों ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों को बनाया और अब यह लोग भारत के टुकड़े करने पर आमादा हो चुके हैं, जो ठीक नहीं है। हम ऐसा बिल्कुल नहीं होने देंगे।

उन्होंने कहा कि यह लोग जगह-जगह मिनी पाकिस्तान बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी को देखते हुए अब वक्फ बोर्ड को लेकर लोगों के बीच में जनचेतना जागी है। इतना ही नहीं, अब यह लोग प्रयागराज के कुंभ को भी अपना बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने सारी हदें पार करते हुए भारतीय संसद और सुप्रीम कोर्ट को भी वक्फ की संपत्ति बता दिया था। अब इन लोगों की मानसिकता कहां जा रही है, इसका अंदाजा सहज ही लगा सकते हैं।

# काशी, मथुरा व संभल जैसे विवादित धार्मिक स्थलों को हिंदुओं को सौंप देना चाहिए : इंद्रेश

## अगर किसी मस्जिद में बुत है, तो वहां नमाज नहीं होगी : रजा हुसैन रिजवी

नवीन मेल संवाददाता

**लखनऊ।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के केंद्रीय पदाधिकारी डॉ इंद्रेश कुमार ने काशी, मथुरा व संभल जैसे विवादित धार्मिक स्थलों को हिंदुओं को सौंपने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज को पहल दिखाकर कुरान व हदीस की रोशनी में बड़े फैसले करने होंगे। उन्होंने विवादित स्थलों का बातचीत के जरिए हल निकालने की भी वकालत की। कैसरबाग स्थित गांधी भवन प्रेक्षागृह में आयोजित मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बातचीत में डॉ इंद्रेश कुमार ने कहा कि अदालतें सर्वोपरि हैं, लेकिन विवादित धर्मस्थलों का हल संवाद के माध्यम से निकाला जाना चाहिए। इससे देश की एकता, अखंडता, सौहार्द, भाईचारा और मेलमिलाप बना रहता है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि मुस्लिम समाज अपनी जिम्मेदारी समझे और संवाद से काशी, मथुरा और सम्भल जैसे स्थलों पर विवाद खत्म करे। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर कब्जा और हिंसा इस्लामिक उसूलों के खिलाफ है। उन्होंने मुस्लिम समुदाय से इन स्थलों को हिंदू समाज को सौंपने की अपील की, ताकि भारत सांप्रदायिक सौहार्द्र का वैश्विक उदाहरण बने। इंद्रेश कुमार ने कहा कि इस्लाम अमन और इंसाफ का मजहब है। विवादों का हल संवाद और सहमति से निकाला जाना चाहिए। वक्फ संशोधन विधेयक 2024 का समर्थन करते हुए इंद्रेश कुमार ने कहा कि यह कानून मुस्लिम समाज की भलाई और पारदर्शिता के लिए है। वक्फ संपत्तियों को समाज सेवा, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए उपयोग में लाना चाहिए। इससे पहले, कार्यक्रम का आगाज मुफ्ती नोमान ने कुरान की तिलावत से की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक रजा हुसैन रिजवी ने कहा कि अगर किसी मस्जिद में बुत है, तो वहां नमाज नहीं होगी। हमें आगे आकर विवादित स्थलों को वापस कर उसका हल निकालना चाहिए।